सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:21

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 21.0 न्यू | 30.2 अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 36.7 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77301.14 |
| निफ्टी | 23557.90 |
| सोना | 72,220 |
| चांदी | 90,072 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



कोहली और जडेजा ने बहाया पसीना पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 19 जून, 2024 | 6 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 182, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल के किसानों से 2,880 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद -पेज 3
- होटल में कमरा न मिला तो तोड़ दिए पर्यटकों की गाड़ियों के शीशे -पेज 5
- एक लाख जनता प्यासी, सप्ताह में एक दिन मिल रहा पानी -पेज 12
- साहिल चौहान ने सबसे तेज टी-20 शतक जड़ा -पेज 13
- एपिसेंटर हैं भाजपा शासित राज्य : राहुल -पेज 14


**टी-20 विश्व कप** आज का मैच

साउथ अफ्रीका vs अमेरिका

स्थान: एंटीगुआ, समय : रात 8:00 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के वीडियो से मचा हड़कंप



**नई दिल्ली।** कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लॉरेंस कथित रूप से पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी को ईद की बधाई दे रहा है। मौजूदा समय में लॉरेंस बिश्नोई गुजरात की साबरमती जेल में बंद है।

### दिल्ली एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर दुबई जा रही फ्लाइट को बम से उड़ाने की ई-मेल से धमकी मिली, जिससे हड़कंप मच गया था। सुबह 9:35 आईजीआई एयरपोर्ट के डायल कार्यालय में एक ई-मेल भेजकर दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की धमकी दी गई थी।

### असम में 48 करोड़ की ड्रग्स बरामद, 3 तस्कर धरे

**नई दिल्ली।** असम के शिवसागर और कार्बी आंगलोंग जिले में पुलिस ने 48 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की है। तीन ड्रग तस्करों को भी पकड़ा है। नागालैंड की ओर से आ रहे ट्रक को तलाशी के रोका तो उसमें 4.6 किलोग्राम हेरोइन के कुल 399 साबुन के डिब्बे बरामद किए। वहीं, कार्बी आंगलोंग 8 किलोग्राम मॉर्फीन बरामद की।

### पेरु और पापुआ न्यू गिनी में आया भूकंप



**पोर्टमो रेस्बी।** पेरू और पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। पेरू में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई, जबकि पापुआ न्यू गिनी में 5.2 तीव्रता रही। भूकंप का केंद्र अरेक्विपा विभाग के तट से करीब 25 किलोमीटर की गहराई पर प्रशांत महासागर में था।

### पीएम मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम 30 जून को

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी की 'मन की बात' का 111वां एपिसोड 30 जून को प्रसारित होगा। मोदी ने खुशी जाहिर की है कि चुनाव के कारण थोड़े अंतराल के बाद फिर से आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम प्रसारित होगा। पीएम ने 111वें एपिसोड के लिए अपने विचारों और इनपुट को मायगोव ओपन फोरम, नमो ऐप पर लिखकर या 1800 11 7800 पर संदेश रिकॉर्ड करके साझा करने का आग्रह किया।

### 'आप' विधायक जसवंत के खिलाफ सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** 'आप' विधायक जसवंत सिंह की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब पहली जुलाई को सुनवाई होगी। जसवंत ने इस सुनवाई को टालने की मांग की थी। जसवंत ने कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी और रिमांड आदेश को चुनौती दी थी।

### पुंछ में सुरक्षाबलों और आतंकियों में मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के बहरामगाला में मंगलवार को सुरक्षाबल के जवानों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया। पुंछ में दो आतंकवादियों की मौजूदगी की खबर मिलने के बाद इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया। सर्च अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबल की टीम पर गोलीबारी कर दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप की टीम पर घने जंगल वाले इलाके में गोलीबारी की गई। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। 9 जून के बाद से जम्मू क्षेत्र ये छठी आतंकी घटना है। 9 जून को आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों की बस पर हमला कर दिया था, जिसमें 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी।

## मंत्रिमंडल के फैसले : प्रदेश में खुला 7,000 से ज्यादा नौकरियों का पिटारा

# पुलिस कांस्टेबल भर्ती में मिलेगी एक साल की छूट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

कांस्टेबल के 1226, शिक्षा विभाग में 6630 पद भरेगी सरकार

▶▶ पुलिस जिला बना देहरा, एसपी कार्यालय खोलने का फैसला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में पुलिस विभाग में कांस्टेबल के 1226 पदों की भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने की मंजूरी दी गई।

शिक्षा विभाग में 6297 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रशिक्षकों की नियुक्ति सहित विभिन्न सरकारी विभागों में 6630 से अधिक पद भरे जाएंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 200 पद और चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व सहायक प्रोफेसर के 22 पद भरने को मंजूरी दी। डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन में प्रोफेसर के तीन, एसोसिएट प्रोफेसर के दो पद, श्रीलाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नेरचौक में प्रोफेसर के दो और एसोसिएट प्रोफेसर का एक पद, पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा में विभिन्न विभागों में प्रोफेसर के चार व एसोसिएट एवं सहायक प्रोफेसर के पांच-पांच पद भरे जाएंगे। टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी के आठ और चंबा चिकित्सा महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पांच पद भरे जाएंगे और दोनों चिकित्सा महाविद्यालयों में स्टाफ को नियुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की। प्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल में विभिन्न श्रेणियों के 84 पद सृजित कर भरने का निर्णय लिया गया। कांगड़ा जिले के देहरा में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय खोलने को मंजूरी दी। चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही अधिसूचना जारी की जाएगी। ऊना के हरोली में विद्युत बोर्ड का मंडलीय कार्यालय खोला जाएगा। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 13 व युवा सेवाएं एवं खेल विभाग में चार पद भरे जाएंगे। होम-स्टे का सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश व तैयार करने के लिए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी इस समिति के सदस्य होंगे। (अनंत ज्ञान)



मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

# कांग्रेस ने थोपा उपचुनाव का बोझ : अनुराग

- सुक्खू सरकार ने कर्ज लेने, पेयजल समस्या से न निपटने के बनाए कई रिकॉर्ड
- हर मोर्चे पर फेल साबित हुई सरकार, सिर्फ राज्य पर कर्ज का बोझ बढ़ाया
- हमीरपुर में आशीर्ष शर्मा के पक्ष में मांगे वोट, बोले- फिर कमल खिलाने का अवसर



मंच पर एक साथ लोगों का अभिवादन करते अनुराग ठाकुर, जयराम ठाकुर, राजीव बिंदल, आशीष शर्मा व अन्य नेता।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**हमीरपुर** संसदीय सीट से भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है।

प्रदेश सरकार ने जनभावनाओं के खिलाफ काम कर कई रिकॉर्ड बनाए हैं, जो जनता के गले नहीं उतर रहे हैं। सरकार ने कर्ज लेने, जंगल जलाने, पेयजल समस्या से न निपटने जैसे कई रिकॉर्ड बनाए, जिनसे लोगों का मोहभंग हो गया है। अनुराग ने मंगलवार को हमीरपुर में पार्टी प्रत्याशी आशीष शर्मा के नामांकन पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सरकार पर उपचुनाव थोप कर प्रदेश के हितों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आशीष को हमारे शीर्ष नेतृत्व ने हमीरपुर से पार्टी का उम्मीदवार बनाया है और हमारे पास यहां कमल खिलाने का फिर अवसर आया है।

अनुराग ने उन्हें हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से लगातार पांचवीं बार सांसद बनाने के लिए जनता का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि विधानसभा के ये तीनों उपचुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ हो जाने चाहिए थे, लेकिन कांग्रेस ने जानबूझकर विलंब किया।

कांग्रेस सरकार ने सिर्फ राज्य पर कर्ज का बोझ बढ़ाया है। आग से जंगल स्वाह हो रहे हैं। लोगों को पानी नहीं मिल रहा। पिछले एक महीने में गांव और कस्बों से फोन आते थे कि जंगल में आग लगी है और अब पानी को लेकर लगातार फोन आ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार सो रही है। हमीरपुर में आशीष ने 18 महीने में सेवा भाव में कोई कमी नहीं रखी। उन्होंने आशीष शर्मा को विधानसभा उपचुनाव में भारी मतों से जिताने की अपील की। (अनंत ज्ञान)

# काशी से प्रधानमंत्री मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त

## बोले-मैं यहीं का हो गया हूं, गंगा मां ने मुझे लिया है गोद

**एजेंसी, वाराणसी**

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को काशी से देश के 9.27 करोड़ किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की।

उन्होंने 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में डाले। इसके साथ स्वयंसहायता समूहों की 30 हजार महिलाओं को कृषि सखी के प्रमाणपत्र के रूप में उपहार भी दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा चुनाव जीतने के बाद आज पहली बार बनारस आया हूं। मैं बनारस की जनता को नमस्कार करता हूं। काशी के लोगों के मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुनकर मुझे धन्य कर दिया है। अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। पर भारत का कोई खाद्यान्न जरूर हो



▶ बोले- मेरा सपना दुनिया की हर डाइनिंग टेबल

मोदी ने कहा कि मेरा सपना है दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कोई न कोई खाद्यान्न यानी फूड प्रोडक्ट होना चाहिए।

### माता-बहनों के बिना खेती की कल्पना संभव नहीं

**पीएम** ने कहा कि माता-बहनों के बिना खेती की कल्पना संभव नहीं है। बहनों की भूमिका का विस्तार किया जा रहा है। कृषि सखी कार्यक्रम ऐसा ही एक प्रयास है। काशी में बनास डेयरी संकुल की स्थापना हुई। काशी और पूर्वांचल के किसान मजबूत हुए हैं। बनास डेयरी ने पशुपालकों का भाग्य बदलने का काम किया। डेढ़ साल में काशी के 16 हजार पशुपालकों को अपने साथ जोड़ने जा रही।

# देहरा विधानसभा सीट से सीएम सुक्खू की पत्नी कमलेश लड़ेगी उपचुनाव

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** में विधानसभा की तीन सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर अब देहरा से भी कांग्रेस का टिकट फाइनल हो गया है।

कांग्रेस हाईकमान ने देहरा सीट से सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को अपना उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में देहरा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। प्रदेश में 10 जुलाई को विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। तीन निर्दलियों के इस्तीफे के बाद हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा सीट खाली हो गई है। ऐसे में कांग्रेस ने उपचुनाव में हमीरपुर सीट से वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव लड़ चुके डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा और नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा पर भरोसा जताया है। वहीं, देहरा सीट पर सीएम सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि, हाल ही में सीएम सुक्खू से जब देहरा सीट से कमलेश ठाकुर को टिकट दिए जाने को लेकर सवाल पूछा गया था तो उन्होंने इनकार कर दिया था और इसे अफवाह बताकर सियासी चर्चाओं को विराम दे दिया था, लेकिन अब देहरा सीट से कांग्रेस ने सीएम की पत्नी कमलेश को विधानसभा उपचुनाव के लिए मैदान में उतार दिया है। कमलेश का मायका देहरा के साथ लगती विधानसभा सीट जसवां में है।

यदि कमलेश देहरा सीट से चुनाव जीतती हैं तो हिमाचल के इतिहास में यह पहला मौका होगा, जब पति-पत्नी एक साथ विधानसभा में नजर आएंगे। इससे पहले पिता-पुत्र के रूप में वीरभद्र सिंह और विक्रमादित्य सिंह विधानसभा में एक साथ नजर आ चुके हैं। अब कमलेश ठाकुर का मुकाबला भाजपा के होशियार सिंह से होगा। (अनंत ज्ञान)



**कांग्रेस हाईकमान ने फाइनल की टिकट**

**दिलचस्प होगा मुकाबला**

- भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह से होगी टक्कर
- पहले पिता-पुत्र वीरभद्र और विक्रमादित्य विधानसभा में आ चुके हैं एक साथ नजर

# लापरवाही हुई तो करें स्वीकार: सुप्रीम कोर्ट

## नीट विवाद: सुप्रीम कोर्ट का एनटीए को नोटिस, कहा- धोखाधड़ी से डॉक्टर बना व्यक्ति समाज के लिए खतरनाक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट में नीट यूजी विवाद पर ग्रेस मार्क्स से जुड़ी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई है तो उसे स्वीकार करें। उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए।



बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते हैं। बेंच ने सरकार और एनएीए से कहा कि कल्पना कीजिए कि सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति डॉक्टर बन जाता है, वह समाज के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है।

सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और इस मामले में जवाब दाखिल करने को कहा है।

मेडिकल की इस परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं की मेहनत पर बात करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इस याचिका को विरोधात्मक भाव से नहीं देखा जाना चाहिए। बेंच ने कहा कि परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी का प्रतिनिधित्व करते हुए आपको मजबूती से खड़ा होना होगा, अगर कोई गलती हुई है तो उसे माना जाना चाहिए और बताना चाहिए कि क्या कार्रवाई की जा रही है। इस बीच जब कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पक्ष रख रहे एक अधिवक्ता ने परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न से संबंधित मुद्दा उठाया तो बेंच ने कहा कि एनटीए और केंद्र इस पर जवाब देंगे। कोर्ट ने कहा कि हम आपकी दलीलों का मकसद समझ लें। इन मामलों में हम शाम तक बैठने को तैयार हैं। इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की टिप्पणी कर ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट (एआईपीएमटी) की परीक्षा रद्द की थी। तब कोर्ट का कहना था कि एक भी फर्जी डॉक्टर बनता है तो पूरी परीक्षा रद्द होनी चाहिए। इस बात के सबूत हैं कि परीक्षा में इलेक्ट्रानिक डिवाइसेज का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन कितने स्टूडेंट्स ने इसका इस्तेमाल किया, यह नहीं कहा जा सकता। ऐसे में परीक्षा रद्द करना जरूरी है।

### 4 याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई

**जस्टिस** विक्रम नाथ और जस्टिस एसवी भट्टी की वेकेशन बेंच ने इस मामले से जुड़ी 4 याचिकाओं को 8 जुलाई को सुनवाई के लिए लिस्ट कर दिया गया है। वकीलों से भी उसी दिन सभी मामलों पर बहस करने के निर्देश दिए हैं। 4 जून को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट का रिजल्ट घोषित किया था। पहली बार ऐसा हुआ है, जब 67 कैंडिडेट को 720 में से 720 नंबर मिले हैं।

## एलाइंस एयर के 72 सीटर विमान ने भरी पहली उड़ान, 37 यात्रियों ने की एडवांस बुकिंग

# भुंतर से देहरादून के लिए हवाई सेवा शुरू

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**एलायंस** एयर ने भुंतर से देहरादून के बीच नई हवाई उड़ान सेवा शुरू की है। मंगलवार को एलाइंस एयर के 72 सीटर विमान ने कुल्लू से देहरादून और देहरादून से भुंतर के बीच उड़ान भरी।

हवाई उड़ान फ्लाइट शुरू होने पर कुल्लू के भुंतर एयरपोर्ट पर विमान को वाटर कैनन सैल्यूट दिया गया। भुंतर हवाई अड्डे पर विमान के उड़ान भरने से पहले दोनों तरफ से पानी की बौछारों से इसका स्वागत किया गया। पहली उड़ान में कुल्लू से देहरादून के लिए 13 यात्रियों और देहरादून से कुल्लू के लिए 46 लोगों ने यात्रा की। बुधवार को भुंतर से देहरादून के लिए 30, जबकि देहरादून से भुंतर के बीच 37 यात्रियों की बुकिंग हो चुकी है। इस उड़ान को सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, वीरवार और शनिवार को संचालित किया जाएगा। पहली फ्लाइट कुल्लू से सुबह 8:25 बजे टेकऑफ कर 9:35 बजे देहरादून के जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर लैंड किया। देहरादून से सुबह 10 बजे कुल्लू के लिए उड़ान भरी। देहरादून से कुल्लू के बीच एक यात्री का एक तरफ का किराया 3,999 रुपए निर्धारित किया गया है। (अनंत ज्ञान)



▶ पहले दिन भुंतर से देहरादून 13 व देहरादून से भुंतर पहुंचे 46 यात्री

> भुंतर-देहरादून के मध्य हवाई सेवा शुरू हो गई है। पहले दिन भुंतर से देहरादून के बीच 13, जबकि देहरादून से भुंतर के लिए 46 यात्रियों ने सफर किया। एलायंस एयर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयासरत है।
>
> **मनीष, स्टेशन मैनेजर एलांयस एयर भुंतर**

> **एलांयस** एयर की ओर से भुंतर से देहरादून के मध्य हवाई सेवा शुरू की गई है। इस हवाई सेवा के शुरू होने से सैलानियों सहित आम जनता को लाभ मिलेगा।
>
> **- सिद्धार्थ कदम, निदेशक भुंतर एयरपोर्ट अथॉरिटी**

**मौसम** दो दिन बारिश होने की संभावना, लोगों को मिल सकती है गर्मी से राहत, सात स्थानों का पार 40 से पार

# हिमाचल के छह जिलों में लू का प्रकोप

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में मंगलवार को भी मैदानी इलाकों में लू चली। ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन, कांगड़ा व सिरमौर जिलों के कुछ स्थानों पर लू का प्रकोप रहा। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, बुधवार और वीरवार को बारिश होने के आसार हैं।

ऊना में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री रहा, जबकि शिमला में 30.2 डिग्री रहा। यहां हल्की हवाएं चलने से तापमान में थोड़ी राहत मिली है। कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, धौलाकुआं, बरठीं का तापमान 40 डिग्री पार रहा। मौसम विभाग ने बुधवार को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन, कांगड़ा व सिरमौर जिलों में लू चलने की संभावना जताई है। 19 व 20 मई को राहत की बौछारें बरस सकती हैं। 21 मई से फिर से मौसम के साफ व शुष्क रहने का अंदेशा है। राज्य में पिछले 24 घंटों में आंधी तूफान और ओलावृष्टि हुई। (अनंत ज्ञान)



रिज पर चहलकदमी करते पर्यटक।

**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| ऊना | 43.5° |
| धौलाकुआं | 42.2° |
| बिलासपुर | 42.0° |
| हमीरपुर | 41.1° |
| कांगड़ा | 40.8° |
| बरठीं | 40.0° |
| चंबा | 40.3° |
| मंडी | 38.8° |
| सुंदरनगर | 38.5° |
| धर्मशाला | 36.7° |
| सोलन | 36.0° |
| जुब्बल हट्टी | 32.4° |

# सूखे की मार : जलशक्ति विभाग के कर्मियों की छुट्टियां रद्द

## राजधानी शिमला में निर्माण कार्यों पर रोक

**अनिल पंवार, शिमला**

**प्रदेशभर** में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते गहराए पेयजल संकट को देखते हुए प्रदेश सरकार ने जलशक्ति विभाग के सभी कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं।

लंबे समय से बारिश न होने के कारण प्रदेश सूखे की चपेट में आ गया है। वहीं, शिमला में पानी का संकट खड़ा हो गया है। कई क्षेत्रों में पांचवें दिन पानी मिल रहा है। पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में बैठक कर जल प्रबंधन निगम को वार्डों में टैंकरों के माध्यम से पानी देने के निर्देश दिए। वहीं, पानी की कमी को देखते हुए शिमला शहर में निर्माण कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगाने के आदेश दे दिए हैं। गर्मी के चलते पानी के जल स्त्रोत में पानी का स्तर कम हो गया है, जिसके चलते पानी की कम सप्लाई शिमला पहुंच रही है। लोगों को टैंकरों के माध्यम से पानी देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि शिमला को 45 से 48 एमएलडी पानी की हर रोज जरूरत रहती है, लेकिन इन दोनों 32 से 35 एमएलडी पानी ही आ रहा है। दूसरे से तीसरे दिन पानी की सप्लाई लोगों को दी जा रही है। निर्माण कार्यों में काफी ज्यादा पानी प्रयोग होता है,, जिसको देखते हुए फिलहाल के लिए निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई है। (अनंत ज्ञान)

# धरती पर चांद का करना है दीदार तो चलें आएं चंद्रताल झील

**कमलेश वर्मा, काजा**

धरती पर यदि चांद का दीदार करना है तो चंद्रताल आएं। जी हां, स्पीति घाटी में एक ऐसी झील है जो बिलकुल चांद की तरह दिखती है। वैसे तो हिमाचल प्रदेश में बहुत सारे हिल स्टेशन हैं, जहां पर ऊंचे पहाड़ों के साथ ही बर्फ से ढकी चोटियां, ग्लेशियर और हरे घास के मैदान नजर आएंगे, जिनमें सबसे ज्यादा नाम शिमला, मनाली, अटल टनल, रोहतांग, सिस्सू, कसोल और कुल्लू का नाम सैलानियों की जुबान पर रहता है, लेकिन इन सबके अलावा एक जगह है जहां पर जाने की ख्वाहिश हर घूमने वाले को होती है और वो है स्पीति घाटी।

वैसे तो स्पीति घाटी में बहुत से पर्यटन व धार्मिक स्थल हैं, लेकिन समुद्रतल से 14,100 फुट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया की सबसे खूबसूरत झीलों में शुमार चंद्रताल झील भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। हर साल जब भी यहां का रास्ता खुलता है तो पर्यटक और ट्रैकिंग के शौकीन यहां पर पहुंचते हैं। हालांकि यहां के लिए कोई बस की सुविधा नहीं है। बातल तक बस

### हर साल गर्मियों के मौसम में हजारों पर्यटक पहुंचते हैं चंद्रताल



### लाहौल से काजा जाने वालों की चंद्रताल झील को देखे बिना सैर अधूरी

शीत मरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की स्पीति घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में एक चंद्रताल भी है। यहां बनी चंद्रताल झील बेहद खूबसूरत और अपने आकार को लेकर आकर्षण के केंद्र में रहती है। इस झील तक पहुंचने के लिए ट्रैकिंग के जरिए जाया जा सकता है। अगर आप लाहौल से काजा जाने की तैयारी कर रहे हैं तो इस झील को देखे बिना आपकी सैर अधूरी है।

के माध्यम से जाया जा सकता है और वहां से करीब 14 किलोमीटर का सफर पैदल या टैंपो ट्रेवलर व अन्य छोटे वाहनों से पूरा कर सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर से काजा से भी यहां आ सकते हैं। हालांकि चंद्रताल झील की तरफ जाने वाली सड़क पर सफर जोखिम भरा जरूर है, लेकिन यहां पहुंच कर यहां की खूबसूरती को निहारते ही सारी थकान छू मंतर हो जाती है।

चंद्रताल या मून लेक एक बंजर, लेकिन खूबसूरत झील है जोकि कुंजुम दर्रे ( बातल) से 14 किमी की दूरी पर स्थित है। इस

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

झील का नाम इसके अर्धचंद्राकार आकार के कारण पड़ा है। ऐसा माना जाता है कि चंद्रताल की खोज तिब्बत या लद्दाख से इस क्षेत्र में आए व्यापारियों ने की थी।

कठिन यात्रा के बाद, व्यापारी कुल्लू या स्पीति की अपनी यात्रा फिर से शुरू करने से पहले झील के पास आराम करते थे। मीठे पानी की यह झील करीब 2.5 किलोमीटर चौड़ी है। इस झील पर केवल गर्मियों के तीन महीनों के दौरान ही जाया जा सकता है। हालांकि झील का रंग आमतौर पर नीला है, लेकिन आसमान के रंग के साथ इसका रंग बदल जाता है। यात्री अक्सर झील के नीले रंग को देखकर अचंभित हो जाते हैं। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, चंद्रताल वह स्थान है जहां देवताओं के राजा इंद्र अपने रथ पर सवार होकर पांच पांडवों में सबसे बड़े, युधिष्ठिर को उनके नश्वर रूप में स्वर्ग ले जाने के लिए उतरे थे। (अनंत ज्ञान)

### यहां ठहरने की व्यवस्था सीमित

**चंद्रताल** झील के दीदार करने वालों को यहां ठहरने की व्यवस्था सीमित ही है। अब हालांकि स्थानीय युवा यहा टेंट



की व्यवस्था करते हैं। टेंट लगने के बाद सैलानी इन टेंट मे रात बिता सकते हैं। कुंजुम दर्रे और बातल में भी ग्रामीणों द्वारा किराए पर कमरे और पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस ठहरने के मुख्य विकल्प हैं।

### मनाली से चंद्रताल की दूरी 120 किमी

**मनाली** से चंद्रताल की दूरी 120 किमी है। यहां सैर सपाटे और ट्रैकिंग का आनंद उठाने वाले पर्यटक अटल रोहतांग टनल होकर मनाली से चंद्रताल झील तक पहुंच सकते हैं। चंद्रताल झील के सफर के दौरान सैलानी दुनिया के सबसे लंबे ग्लेशियरों में शुमार बडाशिगरी ग्लेशियर को भी करीब से निहार सकते हैं।

### चांद पर चलने जैसा होता है एहसास चंद्रताल लेक ट्रैकिंग के दौरान

जी हां, चंद्रताल झील ट्रैकिंग के दौरान आपको बिलकुल ऐसा एहसास होगा जैसे आप चांद के सफर पर निकले हैं। आसपास के खूबसूरत नजारे आपके इस सफर को और भी सुहाना बनाते हैं। हालांकि चंद्रताल झील ऐसी ही जगहों में शामिल है, जहां की यात्रा मजेदार होने के साथ-साथ थोड़ी खतरनाक भी है। ट्रैकिंग के दौरान यहां बर्फ से ढके पहाड़, झील और नदियों के खूबसूरत नजारे यकीनन आपके ट्रिप को यादगार बनाने का काम करते हैं। यहां चांदी से चमकने वाले गगनचुंबी पहाड़ हमेशा से सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। चंद्रताल झील का पानी इतना निर्मल है इसमें आसमान के बादल और पहाड़ों को अक्स साफ देखा जा सकता है। इससे यहां का नजारा और भी मनमोहक हो जाता है।



### जून से अगस्त तक झील के दीदार

चंद्रताल झील में एडवेंचर के शौकीनों का आवागमन जून से अगस्त तक लगा रहता है। चंद्रताल झील सितंबर के बाद बर्फबारी होते ही सैलानियों के लिए बंद हो जाती है। गर्मियों में बीआरओ द्वारा सड़क बहाल होने के बाद ही यह झील सैलानियों के लिए खुलती है।


### ट्रैकिंग के शौकीनों की है पहली पसंद

चंद्रताल झील देश व दुनिया के ट्रेकरों की पहली पसंद है। यह झील साहसिक ट्रैकिंग के लिए ही जानी जाती है। ट्रैवलर यहां ट्रैकिंग का रोमांच भरा आनंद लेने के लिए आते हैं। मनाली के हामटा पास से भी चंद्रताल के लिए ट्रेक है। ट्रैकर इस रूट से भी चंद्रताल पहुंचते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आज दलाई लामा से मिलेगा अमेरिकी डेलीगेशन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** अमेरीकी डेलीगेशन की तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा से आज होने वाली हाई प्रोफाइल बैठक पर ड्रैगन यानी चीन की पूरी नजर रहेगी। बताते चलें कि



अमेरिका का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल धर्मशाला में स्थित निर्वासित तिब्बती सरकार के मुख्यालय मैक्लोड़गंज के दौरे पर है और बुधवार को दलाई लामा से मुलाकात करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी समेत कई अहम लोग शामिल हैं। इससे पूर्व ही हाउस फॉरेन कमेटी के इस प्रेस नोट में चेयरमैन मैककॉल ने ये भी कहा था कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका का एक अहम पार्टनर है। बता दें कि अमेरिका ने हाल ही एक ऐसा बिल पास किया है, जिससे कि तिब्बत पर चीन के दावे को चुनौती मिलती है। इसके साथ ही इसमें चीन और दलाई लामा के बीच संवाद की बात पर भी जोर दिया गया है। 12 जून को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव से मुहर लगने के बाद इसे सीनेट में हरी झंडी मिल गई। (अनंत ज्ञान)

### पिकअप की टक्कर से प्रवासी बच्चे की मौत

**आर. मोहन चौहान, सोलन।** पुलिस चौकी सपरून सोलन के तहत आंजी में फोरलेन क्रॉस कर रहे साढ़े तीन साल के बच्चे को पिकअप ने टक्कर मार दी, जिसकी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक राधा देवी पत्नी सोम पाल निवासी गांव टिगाई दत नगर डाकखाना मझगवा, तहसील आवंला, जिला बरेली उत्तर प्रदेश, हाल रिहाइश रबौन सोलन अपने दो बच्चों को लेकर अपने भाई राजवीर के क्वार्टर गई थी। जब वह वापस आ रही थी तो सड़क क्रॉस करते उसके छोटे बेटे को पिकअप ने टक्कर मार दी। बच्चे का अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### दो नेपाली मूल के व्यक्तियों से अफीम बरामद



पुलिस गिरफ्त में नेपाली मूल के आरोपी।

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चैकिंग के दौरान दो नेपाली मूल के व्यक्ति चित्रा बहादुर (33) व करण (36) से 723 ग्राम अफीम बरामद की। वे उक्त अफीम की इस खेप को किसी व्यापारी के पास बेचने जा रहे थे। दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसडीपीओ ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें अब कोर्ट में पेश किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# आशीष ने दाखिल किया नामांकन

## बिंदल, अनुराग, जयराम, रणधीर, त्रिलोक, सुधीर और लखनपाल भी रहे मौजूद



नामांकन दाखिल करते हुए भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की सदर सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पूर्व विजय संकल्प रैली और जनसभा का आयोजन किया गया।

इसमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सांसद अनुराग ठाकुर, उपचुनाव प्रभारी रणधीर शर्मा, सहप्रभारी त्रिलोक जम्वाल, संयोजक बिहारी लाल, सहसंजोयक दलीप ठाकुर, धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा, बड़सर से आईडी लखनपाल विशेष रूप से मौजूद रहे।

नामांकन से पहले गांधी चौक पर आयोजित विशाल जनसभा में हजारों लोगों ने आशीष को भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प लिया। (अनंत ज्ञान)

### 14 करोड़ की संपत्ति

**आशीष** शर्मा ने नामांकन भरा। इस दौरान उन्होंने अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्यौरा भी दिया है। उनके पास वर्तमान में 14 करोड़ रुपए की संपत्ति है और विभिन्न बैंकों से 1.21 करोड़ रुपए का कर्ज ले रखा है। पूर्व विधायक की वर्ष 2022-23 में आय 64,30,790 थी जबकि वर्ष 2023-24 में यह 32,89,500 रुपए रह गई। आशीष शर्मा के पास 2 लाख 10 हजार रुपए के गहने हैं जबकि उनकी पत्नी के पास 21 लाख की ज्वैलरी है।

उनके पास एक टोयोटा कार और दो टिप्पर के अलावा स्टोन क्रशर में भी पैसा इंवेस्ट किया है, वहीं एलआईसी पॉलिसी के अलावा एफडी को मिलाकर आशीष शर्मा के पास 6,38,29, 401 की चल संपत्ति है। इसके अलावा अचल संपत्ति लगभग 7,67,98,000 रुपए की है। इसके अलावा उन्होंने 3,37,76,173 रुपए की जमीन खरीदी है और पत्नी के नाम से भी 19,86,000 रुपए की जमीन खरीदी है।

### उपचुनाव के आर्थिक बोझ के लिए केवल सीएम सुक्खू दोषी : जयराम ठाकुर



**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इन उपचुनावों की वजह से जो हिमाचल प्रदेश के ऊपर आर्थिक बोझ पड़ा है, उसके लिए केवल मात्र सीएम सुक्खू जिम्मेदार है। अगर यह चुनाव पहले हो जाते तो यह नौबत न आती। उस समय तो सीएम को डर लग रहा था कि हम चुनाव न हार जाएं। आज पूरे हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक वातावरण खड़ा हुआ है।

पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के 10 मंत्री चुनाव हार चुके हैं। और हम अभी हुए चुनाव में कुल मिलाकर 6 सीटें जीते हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तो केवल अपने बचने का जश्न मना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह सरकार तालाबंदी की सरकार है, जो मुख्यमंत्री अपने हमीरपुर जिला और विधान सभा क्षेत्र नादौन में एक भी काम नहीं कर पाया, वह मुख्यमंत्री किस काम का।

हम हमीरपुर की जनता से पूछ रहे थे यहां कोई नया पुराना काम शुरू हुआ तो वह कहते हैं कि बंद तो हुआ, पर शुरू कुछ नहीं हुआ।



हमीरपुर में आयोजित विजय संकल्प रैली में उमड़ा जनसैलाब।

### बिंदल का सुक्खू पर तंज

## प्रदेश सरकार सरकारी खजाना लुटाने वाली सरकार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल भाजपा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सुख सरकार पर जोरदार तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि जो चुनाव लड़ नहीं सकते, जीतने के काबिल नहीं, किसी को चुनाव लाडवा नहीं सकते, ऐसे लोगों को इस सरकार ने मजे दे रखे हैं। उन्हें कैबिनेट रैंक परोस कर प्रदेश के खजाने को और बिगाड़ने का काम किया है।

न यह हमीरपुर की, न कांगड़ा की, न मंडी की, न सोलन, न शिमला की सरकार है। ये केवल मित्रों की भलाई के लिए सरकारी खजाना लुटाने वाली सरकार है।

आशीष शर्मा के नामांकन अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के 70 साल के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ कि दर्जनों लोग जो जनप्रतिनिधि नहीं है, उन्हें कैबिनेट बनाकर प्रदेश के खजाने से गाड़ी, बंगला और तरह-तरह की शक्तियां प्रदान की गई हो। एक तरफ सुखविंद्र सिंह सुक्खू कहते है कि मेरा खजाना खाली है, दूसरी तरफ 30 हजार करोड़ का कर्ज ले किया, 9,000 करोड़ का कर्जा और लेने जा रहे हैं। परन्तु जनता के लिए फूटी कौड़ी नहीं है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि स्कूली बच्चों की वर्दियां बंद, गांव-गांव में पीने का पानी बंद, बिजली बंद,



डॉक्टरों का एनपीए बंद, विकास के काम बंद, नौकरियां देने वाला संस्थान बंद, ईलाज के लिए हिमकेयर, आयुष्मान कार्ड बंद, सेवानिवृत्तों के लाभ बंद, केवल चालू है तो कैबिनेट रैंक पर मित्रों की भर्ती।

बेरोजगारों को लगातार धोखा दिया जा रहा है। एक लाख सरकारी नौकरियां पहली कैबिनेट में देने वाली सुक्खू सरकार नौकरियां छीनने वाली सरकार बनी है। प्रदेश बलात्कार से, मर्डर से, हत्याओं से, ड्रग माफिया से चित्कार कर रहा है। परन्तु सरकार मित्रों की भलाई में मस्त है।

बिंदल ने कहा कि छह विधायक अभी और आने वाले हैं। उनके भी उपचुनाव होने हैं। यह थोड़े दिनों की सरकार है, केवल कुछ मोहलत इसे मिली है। यह बचाने वाली नहीं है। इस उपचुनाव के बाद 9 रुपए का टैक्स डीजल पेट्रोल पर और लगने वाला है। (अनंत ज्ञान)

## महिला सशक्तिकरण सीखेगा श्रीलंका का प्रतिनिधिमंडल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पहाड़ों की महिलाओं से महिला सशक्तिकरण के गुर सीखने के लिए श्रीलंका का एक प्रतिनिधिमंडल धर्मशाला पहुंचेगा। बताते चलें कि ये डेलीगेशन बुधवार को गग्गल एयरपोर्ट पहुंचेगा तथा इसका ध्येय यहां की महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों से उनके काम को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करना है।

जानकारी के अनुसार कांगड़ा समेत प्रदेश की महिलाओं के स्वयं सहायता समूह कई उत्पाद तैयार कर रहे हैं तथा इनमें आचार, बड़ीया, झाड़ू, घी, मशरूम का आचार, बैग, तकिए आदि कई उत्पाद शामिल हैं।

धर्मशाला के अलावा ये दल पालमपुर तथा जोगिंद्रनगर में भी जाएगा। जाइका परियोजना के तहत श्रीलंका से जाइका अधिकारियों तथा श्रीलंका सरकार के प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल जाइका इंडिया की ओर से आयोजित पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन तथा जीवंतता के प्रशिक्षण के लिए धर्मशाला पहुंचेगा।

10 सदस्यीय यह डेलीगेशन जाइका इंडिया की परियोजना निर्माण सलाहकार इनागाकी यूकारी के साथ परियोजना स्थलों का दौरा करेगा। इस दौरान ये दल महिला स्वयं सहायता समुहों के साथ मिल कर महिला सशक्तिकरण को लेकर जानकारी लेगा तथा इसके बारे में जानेगा। (अनंत ज्ञान)

## हाईकोर्ट में खोजी कुत्तों के साथ पहुंची पुलिस, मचा हड़कंप

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में मंगलवार को अचानक पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। पुलिस के जवान खोजी कुत्तों के साथ हाईकोर्ट पहुंच गए। हालांकि इस दौरान लोगों में बम की अफवाह भी फैली।

हाईकोर्ट का पूरा स्टाफ और एडवोकेट अपने चैंबरों से बाहर आ गए। उन्हें लगा की हाईकोर्ट में बम है, लेकिन मामला हाईकोर्ट से जुड़ा होने के कारण पुलिस या प्रदेश



सरकार का कोई भी अधिकारी आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है। पुलिस और सभी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। इसके पीछे असली कारण क्या हैं इसकी आधिकारिक पुष्टि के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। लोगों के बीच अफवाह जारी। कुछ लोगों का तो यह भी कहना था कि यहां पर मॉकड्रिल हो रही है।

# अवैध रूप से ले जा रहे 17 गोवंश पकड़े, ड्राइवर फरार

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल में गो तस्कर के मामले सामने आने से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और लोगों की आस्था पर कुठाराघात होना आरंभ हो चुके हैं। सोमवार देर रात बजरंग दल के संयोजक सौरव, गो रक्षक शक्ति ठाकुर की टीम ने दो गाड़ियों का पीछा किया। बल्ह के पास पहुंचने पर देखा तो ट्रक में अवैध रूप से ले जा रहे 9 गोवंश बांधा हुआ था।

दूसरे ट्रक में 8 गोवंश थे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को फोन करने के उपरांत वीडियोग्राफी कर सबूत एकत्र किए, तब तक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। उधर, नजदीक की गोशालाओं में किसी ने भी गोवंश को रखने से मना कर दिया। वहीं पुलिस ने गांववासियों के कहने पर गोवंश को आजाद कर दिया और ट्रक को वॉड कर आगामी



गौवंश को पकड़ने के बाद सामूहिक चित्र में बजरंग दल के कार्यकर्ता।

कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। हैड कांस्टेबल रामसुंदर ने बताया कि लोगों के बयान कलमबद्ध किए हैं कि गोवंश को छोड़ दिया जाए। उधर, एसपी मंडी साक्षी वर्मा और एएसपी सागर चंद ने फोन नहीं उठाया।

वहीं लोग विश्व हिंदू परिषद की ओर देख रहे हैं कि उन्होंने इस मामले में क्या संज्ञान लिया, लेकिन देर सायं तक विश्व हिंदू परिषद ने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

**उत्पादन** | प्रदेश के 645 किसानों को हुआ लगभग 6.55 करोड़ रुपए का भुगतान

# हिमाचल के किसानों से 2,880 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल सरकार ने सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के माध्यम से किसानों से 2,880 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी जिसे बाद में डिपुओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को वितरित किया जाएगा। सरकार ने इस सीजन किसानों से 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा था। सरकार द्वारा अनाज खरीद के लिए बनाई गई नोडल एजेंसी सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के माध्यम से चार अप्रैल से किसानों से गेहूं खरीद की जा रही है। सिविल सप्लाई कार्पोरेशन में 2,880.25 मीट्रिक टन गेहूं प्रदेश के 645 किसानों से खरीदी गई है। इसकी कुल कीमत 6.55 करोड़ रुपए के करीब है।

विभाग के पोर्टल पर 1,103 किसानों ने गेहूं खरीद को लेकर रजिस्ट्रेशन करवाई थी। इनमें 868 किसानों को 1,008 टोकन गेहूं बेचने के लिए जारी किए गए थे। प्रदेश के चार जिलों की नौ अनाज मंडियों में गेहूं खरीद की गई है। सिविल सप्लाई कार्पोरेशन ने रियाली अनाज मंडी में सबसे ज्यादा 1,225 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई है, तो सबसे कम गेहूं बद्दी इंडस्ट्रीयल शीट मालपुर में 7.75 मीट्रिक टन खरीदी गई है। इनमें सिरमौर जिला के पौंटा साहिब गोदाम व धौलाकुंआ गोदाम में, सोलन जिला के नालागढ़ मंडी में और बद्दी-मालपुर मंडी में, ऊना जिला की एपीएमसी टकराला मंडी में व एपीएमसी रामपुर मंडी में और कांगड़ा जिला के तहत आने वाली रियाली मंडी में, मीलवां मंडी में और फतेहपुर मंडी में गेहूं खरीद की गई है।

प्रदेश में किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,275 रुपए प्रति क्विंटल दिया गया है। किसान भी मंड़ियों में गेहूं बेचने में लगे हुए हैं, ताकि गेहूं का उचित मूल्य मिल सके। किसानों के खाते में 24 घंटे के अंदर गेहूं की राशि जमा करवाई गई है। (अनंत ज्ञान)



### बीते वर्ष खरीदी थी 2,868 मीट्रिक टन गेहूं

सरकार द्वारा बीते वर्ष 2023-24 में चार जिलों की 9 अनाज मंडियों में 2868 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी गई थी। किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपए प्रति क्विंटल दिया गया था। विभाग की साइट पर 1413 किसानों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। 1149 किसानों को गेहूं बेचने के लिए टोकन जारी किए गए थे। इनमें से प्रदेश के 689 किसानों के खाते में छह करोड़ नौ लाख रुपए की राशि गेहूं खरीद के तौर पर डाली गई थी।

### किस मंडी में कहां कितनी गेहूं खरीदी

**कांगड़ा** जिला की रियाली अनाल मंडी में 1225.50 मीट्रिक टन, मीलवां अनाज मंडी में 40.65 मीट्रिक टन व फतेहपुर अनाज मंडी में 13.10 मीट्रिक टन, सिरमौर जिला की पौंटा साहिब अनाज मंडी में 654 मीट्रिक टन व धौलाकुंआ अनाज मंडी में 255.95 मीट्रिक टन, सोलन जिला में नालागढ़ अनाज मंडी में 78.30 मीट्रिक टन व बद्दी इंडस्ट्रीयल सीड मालपुर अनाज मंडी में 7.75 मीट्रिक टन और ऊना जिला की टकाराला अनाज मंडी में 27350 मीट्रिक टन व रामपुर अनाज मंडी में 331.50 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### निर्जला एकादशी पर जगह-जगह लगाई छबीलें



**पवन डोगरा, नगरोटा बगवां।** ब्लॉक नगरोटा बगवां के अंतर्गत आते उपरली कोठी की पंचायत बग गुलेहड़ के गांव बग में मणिमहेश महिला मंडल ने अनिता देवी की अगुवाई में निर्जला एकादशी के अवसर पर छबील लगाई। इस मौके पर गांव के महिला मंडल सदस्य और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गर्मी के चलते लोगों को ठंडा पानी और फ्रूट बांट कर सेवा की। इस मौके पर गांव के कुछ युवकों ने भी भाग लिया। इनमें मुनीष सोहन, हरीश सोहल, विनय कुमार, रवि कुमार, सुरजीत कुमार आदि ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



**संवाद सहयोगी, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के कर्मचारियों ने पुलिस थाना के बाहर राहगीरों के लिए ठंडे पेयजल की छबील लगाई। इस दौरान पुलिस कर्मचारी लोगों को ठंडा पानी पिलाते हुए। (अनंत ज्ञान)



**पिंकी, डाडासीबा।** निर्जला एकादशी पर्व के अवसर पर जहां लोगों ने व्रत रखकर दान पुण्य किया, वहीं जगह-जगह मीठे पानी की छबील लगाई गई। इसी कड़ी में डाडा सीबा के व्यापारियों ने हॉस्पिटल रोड बाजार में गर्मी में राहगीरों मीठा जल पिलाकर व तरबूज-खरबूजा बाटंकर सामाजिक सेवा में अपना योगदान दिया। इस मौके पर स्थानीय दुकानदार राजेंद्र सिंह, गुलशन चौहान कृष्ण दत शर्मा, राजेंद्र सिंह, विजय कुमार, गुरमीत ,नवीन मेहता, प्रवीन मेहता, रजत सूद, राकेश कुमार व पवन मेहता आदि दुकानदारों ने सेवा की। (अनंत ज्ञान)



**परवीन मिश्रा, जयसिंहपुर।** निर्जला एकादशी के अवसर पर जयसिंहपुर बाजार में लगराई गई मीठे पानी की छबील में सेवा करते गणमान्य। (अनंत ज्ञान)

# देहरा उपचुनाव : नकद-शराब के वितरण पर नजर रखेंगे उड़नदस्ते

## वोट के लिए रिश्वत लेने-देने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई : शिल्पी बेक्टा

**शिवम शर्मा, परागपुर**

भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा देहरा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की घोषण के बाद प्रशासन की ओर से चुनावी प्रक्रिया को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर देहरा निर्वाचन क्षेत्र शिल्पी बेक्टा ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान वोटर्स को प्रभावित करने के लिए धनराशि, शराब या अन्य किसी प्रकार की वस्तु का वितरण को रिश्वत माना जाता है और भारतीय दंड संहिता के अनुसार यह दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि इस दौरान नकद, शराब और अन्य चीजों के वितरण पर नजर रखने के लिए उड़न दस्तों का गठन किया गया है।



रिटर्निंग ऑफिसर देहरा निर्वाचन क्षेत्र शिल्पी बेक्टा।

उन्होंने समस्त नागरिकों से अनुरोध किया कि वे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की रिश्वत लेने व देने से बचें। बकौल शिल्पी बेक्टा, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं, इसमें समाज का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

### बिना प्रमाण का कैश होगा जब्त

**शिल्पी** ने बताया कि आचार संहिता के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी ले जाने के लिए उसका वैध प्रमाण अवश्य साथ रखें। इस दौरान नकदी का स्रोत, पैन कार्ड, व्यवसाय का पंजीकरण प्रमाण पत्र, बैंक स्टेटमेंट, कैश बुक, आदि साथ रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि बिना वैध प्रमाण के 50 हजार से अधिक कैश और अन्य आपत्तिजनक सामान को गाड़ी में रखना और साथ ले जाने पर जब्त कर लेने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के जब्त कैश या अन्य सामान का सही प्रमाण उसके पास है, तो वे उसे छुड़वाने के लिए 9418454054 पर संपर्क कर सकता है।

## गर्मी ने छुड़ाए पसीने; न दिन को चैन, न रात को राहत

**पिंकी, डाडासीबा**



चिलचिलाती धूप भट्टी की तरह धरती को तपाने लगी है। आलम यह है कि आसमान साफ होने से सुबह से ही तेज चटक धूप निकल रही है। वहीं डाडा सीबा तहसील के अंतर्गत आते क्षेत्रों नंगल चौक, चनौर, बढल, बेई बठरा बाथू आदि की बात करें तो इन दिनों दिन चढ़ने के साथ-साथ ही सूर्यदेव के तेवर तीखे होते जा रहे हैं।

लोगों का घर से बाहर निकलना अब दूभर होने लगा है। उमस भरी गर्मी लोगों का पसीना निकाल रही है तो वहीं रात में भी लोगों को चैन नहीं मिल पा रहा है।

वहीं निकटवर्ती क्षेत्र ढलियारा में भी कुछ ऐसे ही हालात हैं। लगातार बढ़ती गर्मी से लोग अब बेहाल होने लगे हैं। पिछले कुछ दिनों से तापमान में वृद्धि होने के चलते गर्मी लोगों को काफी परेशान करने लगी है। आलम यह है कि उमस भरी गर्मी से घरों में लगे पंखे-कूलर भी राहत नहीं दिला पा रहे हैं। बहरहाल, सूर्य की तेज तपिश के चलते अब दिन का तापमान बढ़ रहा है जिससे क्षेत्र में गर्मी का सितम जारी है।

तापमान बढ़ने के साथ ही दिन में तपने वाली दीवारें देर रात तक ठंडी नहीं हो पाती हैं। इस कारण मकानों में उमस का वातावरण बना रहता है। इसके अलावा छतों पर रखी टंकियों का पानी इतना गर्म हो जाता है जो देर रात तक भी ठंडा नहीं हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

## 284 युवाओं को दुबई में मिली नौकरी

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय मॉडल आईटीआई गढ़ जमूला में 15 व 16 जून को हुए साक्षात्कार के लिए पहुंचे करींब डेढ़ हजार यवाओं में से सेंकडों युवाओं ने साक्षात्कार के लिए पंजीकरण करवाया था। जिसमें 768 युवाओं ने दुबई की कंपनी में साक्षात्कार के लिए पंजीकरण करवाया और इसमें से 558 युवाओं ने साक्षात्कार में भाग लिया। अशोक लीलैंड यूएई रास एएल खेमाह प्लांट दुबई द्वारा लगभग 284 युवाओं को चयनित किया गया है।

आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर विनोद धीमान ने बताया कि प्रदेश में यह पहला ऐसा साक्षात्कार रहा जहां युवाओं को विदेश में नौकरी करने का मौका मिला है। प्रधानाचार्य विनोद धीमान ने कहा कि उनके निदेशक अक्षय सूद के भी निर्देश हैं कि आईटीआई पास युवाओं को रोजगार के मौके घर द्वार पर उपलब्ध करवाए जाएं। वे खुद इस दिशा में काफी रुचि ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## संजय चौहान ने अधिकारियों को जारी किए दिशा-निर्देश

**राकेश डोगरा, डरोह**

मंगलवार को हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने भीषण गर्मी में पेयजल की आपूर्ति के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त और 24 घंटे मौजूद रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने आम जनता से निवेदन किया कि जब तक बरसात का मौसम नहीं आता, तब तक पानी का दुरूपयोग न करें और क्षेत्र के पेयजल व सिंचाई संसाधनों को साफ-सुथरा रखें। इस अवसर पर अपनी समस्याएं लेकर आए लोगों को उन्हें तुरंत हल करने का आश्वासन दिया।



वन विभाग और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करते संजय चौहान।

संजय सिंह चौहान ने कहा कि आज ही डीएफओ और संबंधित वन विभाग अधिकारियों के साथ भी एक बैठक की है जिसमें जंगलों में लगातर लगती आग से हो रहे दुष्प्रभावों पर चर्चा की और अग्निशमन विभाग से सदैव चुस्त और तुरंत प्रबंधन की भी आशा जताते हुए सहयोग की गुजारिश की। (अनंत ज्ञान)

## छोंच खड्ड में डूबने से नौजवान की मौत

**अशोक ठाकोर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत पुलिस चौकी गंगथ के अंतर्गत छोंच खड्ड में डूबने से एक नौजवान मौत हो गई।

एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया कि सोमवार को कुछ नौजवान छोंच खड्ड में मंगवाल गांव के पास नहा रहे थे। इस दौरान छोंच खड्ड में बने चेक डैम में एक नौजवान गहरे पानी में समा गया जिसे अन्य नौजवानों ने ढूंढने का काफी प्रयास किया परंतु सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद पुलिस ने चेक डैम को तोड़ कर नौजवान को निकाला और इंदौरा सिविल अस्पताल में ले गए, लेकिन तब तक वह उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस चौकी गंगथ प्रभारी वरिंद्र ने शव का पोस्टमार्टम नूरपुर में करवाया और सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान साहिल (26) पूत्र सुखदेव निवासी टटोली के तौर पर की गई है। (अनंत ज्ञान)

## स्काउट एंड गाइड टीम ने हिमाचल की लोक संस्कृति की ली जानकारी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

राजस्थान प्रदेश के सभी जिलों के स्काउट एंड गाइड के सदस्य शैक्षिक शिविर में हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन स्थल, खान-पान, रहन सहन की जानकारी ले रहे हैं।

यह जानकारी देते हुए शिविर समन्वयक बी. एस. राजपुरोहित ने देते हुए बताया कि पांच दिवसीय शैक्षिक शिविर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाढ में आयोजित किया जा रहा है, जिसका समापन 19 जून को होगा।

शिविर में सहायक स्टेट कमिश्नर नूतन बाला कपिला ने स्काउटिंग गाइडिंग के महत्व से प्रतिभागियों अवगत करवाया। (अनंत ज्ञान)

## साईं एथलेटिक ग्राउंड में होगा योग, 400 प्रतिभागी लेंगे भाग

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन धर्मशाला स्थित साई, एथलेटिक ग्राउंड में करने जा रहा है। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल शिरकत करेंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय के देहरा, शाहपुर व धर्मशाला परिसरों के विद्यार्थी, शिक्षक, स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थी व सरकारी-गैर सरकारी कार्यालयों के कर्मचारी प्रतिभागी रहेंगे।

इस आयोजन में लगभग 400 प्रतिभागी भाग लेंगे। मंगलवार को कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने योग अध्ययन केंद्र के सभी शिक्षकों के साथ कुलपति सचिवालय में बैठक की और तैयारियों की जानकारी ली। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान **फैशन**

## देवरानी की शादी में जेठानी ने ढाया कहर


*__अंबानी__ खानदान की बड़ी बहू श्लोका मेहता एक लविंग मॉम होने के अलावा फैशनिस्टा भी हैं। परिवार में कोई भी छोटा फंक्शन हो या ग्रैंड सेलिब्रेशन हर मौके पर उनका लुक किसी डीवा से कम नहीं होता। अपने लुक्स, चाल-ढाल और सादगी से सभी का दिल जीत ही लेती हैं। इसकी एक झलक उनके देवर अनंत अंबानी की दूसरी प्री-वेडिंग पार्टी में भी देखने को मिली है। जहां एक ओर क्रूज पर सेलिब्रेशन को लेकर छोटी बहू यानी राधिका मर्चेंट के चर्चे हैं, तो वहीं दूसरी ओर बड़ी बहू श्लोका श्लोका की तस्वीरें सामने आते ही इंटरनेट पर छा गई हैं। स्टाइल आइकन श्लोका के स्टाइलिश अवतार से उनका फैशन गेम बिल्कुल अलग नजर आ रहा है। यहां तक कि उनकी खूबसूरती बी-टाउन की हसीनाओं पर भी भारी पड़ रही है।*



## उर्फी 5.1 इंच की हील पहन छोटी सी ड्रेस में लगी बेमिसाल



**उर्फी जावेद** को हाल ही में मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया, जहां उनका रंग और रूप दोनों ही ऐसा था कि जितने बार भी कोई देखेगा, दिल हार जाएगा। आपको यकीन नहीं ना! तो खुद ही देख लीजिए उर्फी की इन तस्वीरों को कैसे 5.1 इंच की हील पहन छोटी सी ड्रेस में इठला रही हैं। उर्फी की हर ड्रेस काफी डिजाइन होती है, जैसे ये हरे रंग की ड्रेस। उर्फी ने आउटिंग के लिए लाइट ग्रीन कलर की एसिमिट्रिकल ड्रेस पहनी थी। हरे रंग की इस मिनी ड्रेस में फ्लोरल डिजाइन किया गया था। साथ ही बहुत ही खूबसूरती से इसमें हल्की फ्लेयर रखते हुए नेक लाइन को हाल्टर रखा गया था जिससे स्ट्रेप के साथ डिजाइन किया गया था।



## सिंपल लुक चाहिए तो ट्राई करें ये लेटेस्ट डिजाइंस

**कई** महिलाएं होती हैं जो सिंपल लुक चाहती हैं और ऐसे में वो इस तरह का आउटफिट पहनना पसंद करती है जो सिंपल हो साथ ही इस तरह के आउटफिट में वो खूबसूरत भी नजर आए। सिंपल लुक के लिए आप एक्ट्रेस के लुक से आइडिया ले सकती हैं। रेयान कुर्ता पैंट बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस सूट को किस तरह कैरी करें। इसके लिए आप एक्ट्रेस अशनूर कौर के लुक से आइडिया ले सकती हैं। वहीं, इस तरह का आउटफिट आपको आराम से बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मिल जाएगा। जहां से आप 1000 से कम कीमत में इस सूट को ले सकती हैं। वहीं, इस सूट के साथ आप में फ्लैट्स या मोजरी स्टाइल कर सकती हैं साथ ही लुक को कम्पलीट करने के लिए आप झुमके वियर कर सकती हैं।


## कॉलेज पार्टी में पहनें ये साड़ी डिजाइंस

**पार्टी** में जाना हम सभी को पसंद होता है, लेकिन स्कूल खत्म करने के बाद जो कॉलेज पार्टी का मजा होता है, वो बिलकुल अलग होता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि उस पार्टी में हम कई सारे अलग-अलग लोगों से मिलते हैं। उनके बारे में जानते हैं। वहीं, उनके साथ मिलने का फस्ट इम्प्रेशन अच्छा होना चाहिए इसलिए अक्सर लड़कियां अपने लिए अलग-अलग डिजाइन की साड़ी को सर्च करती हैं। लड़कियों को एथनिक कपड़े पहनना पसंद होते हैं, लेकिन उनमें भी उन्हें स्टाइलिश दिखने का काफी शौक होता है। अगर आपको भी ऐसी ही साड़ी पसंद है, जो स्टाइलिश के साथ-साथ सुंदर लगे तो इसके लिए आप सुहाना खान के इस साड़ी लुक को रीक्रिएट कर सकती हैं। इसमें उन्होंने सीक्वें वर्क वाली नेट की साड़ी को स्टाइल किया है। इसके साथ ब्लाउज भी सेम वर्क का पहना है। साड़ी में वो बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। अगर आपको थोड़ी शाइनी चीजें पसंद है, तो इसके लिए आप शिमर वर्क वाली साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। पलक तिवारी ने इस तस्वीर में रेड कलर की शिमर साड़ी को वियर किया है।



## सिंपल सूट को बनाना है अट्रैक्टिव तो लगाएं ये लटकन

**एथनिक** लुक के लिए हम अक्सर सूट पहनना काफी पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसमें लुक अच्छा लगता है। आजकल मार्केट में आपको अलग-अलग डिजाइन के सूट मिल जाते हैं। जिसे आप फंक्शन के हिसाब से पहनना पसंद करते हैं, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि हमें सूट में एक जैसी ही नेकलाइन मिलती है। वहीं, अगर डीप नेकलाइन वाले सूट मिलते हैं, तो उसमें लटकन छोटी-छोटी होती है। ऐसे में अगर आप फैंसी लटकन को लगाना चाहती हैं, तो आर्टिकल में बताए गए डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। अगर आपके सूट का बैक डीप है, तो इसे अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप ऑर्गेंजा टेस्ल लटकन को लगा सकती हैं। इसमें आपको ऊपर की तरफ बीड्स का डिजाइन मिलेगा। साथ ही नीचे की तरफ टेस्ल मिलेंगे और मिरर भी लगे होंगे। इस तरह की लटकन दिखने में काफी अट्रैक्टिव नजर आएगी। इसमें आपको कलर अलग-अलग मिल जाएंगे। अगर आपको लटकन में छोटा डिजाइन चाहिए, तो इसके लिए आप क्रिस्टल बीड्स मिनिएचर टेस्ल लटकन लगा सकती हैं।



# निर्जला एकादशी: मीठे पानी की छबीलें लगाकर कमाया पुण्य




**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** शीला चौक में निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में हर साल की भांति इस बार भी छबील का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को मीठे पानी के साथ चने-हलवे का प्रसाद भी वितरित किया। छबील लगाने वालों में सुमन गुप्ता के साथ कर्नल वाईएस राणा, डॉ. बीपी महाजन, सतीश चौधरी, पूर्ण चौधरी, विजय गुप्ता, अमित कुमार, मनोज धीमान, मनोज चौधरी तथा विपिन बख्शी समेत शीला चौक के सभी निवासियों का पूरा योगदान रहा। (अनंत ज्ञान)




**राकेश डोगरा डरोह।** बढ़ती गर्मी से तपती धरती में प्यासे लोगों और स्कूली विद्यार्थियों की सेवा में आज निर्जला एकादशी के पावन मौके पर युवक मंडल साईं भ्रांता ने प्रधान अमित जाट के नेतृत्व में ठंडे पानी की छबील लगाकर लोगों को मीठा ठंडा पानी पिलाया। इस पुनीत कार्य में किशोरी लाल राणा, रिंकू ठाकुर, संजय चौहान, विपन राणा, रोहित, राजेश ठाकुर इत्यादि का भरपूर सहयोग रहा। स्थानीय जानता व ग्राम पंचायत भ्रांता के प्रधान राजिंद्र धीमान ने युवक मंडल भ्रान्ता के पुण्य कार्य के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की। (अनंत ज्ञान)




**राकेश डोगरा, डरोह।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर बागड़ू महादेव मंदिर में बागड़ू क्लब के सहयोग से ठंडे मीठे पानी की छबील पूर्व विद्यार्थी संघ की ओर से लगाई गई, जिसमें राह में आने जाने वाले सभी लोगों को ठंडा मीठा पानी पिलाया गया। इस अवसर पर बागड़ू क्लब के उप प्रधान ओम प्रकाश धीमान, सचिव देश राज शर्मा, सुरेश वर्मा, कमल किशोर, शिव चरण घारिया, चंद्र भान, विजय धीमान, दिनेश, अशोक शर्मा व सभी कमेटी सदस्य इस दौरान पर हाजिर रहे। (अनंत ज्ञान)




**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** कंडवाल स्थित ज्योति होटल एंड रेस्टोरेंट की ओर से ठंडे मीठे जल की छबील का आयोजन किया गया। रेस्टोरेंट के मालिक व समाज सेवक युद्धवीर ज्योति ने बताया कि अपने पिता स्वर्गीय मांगो राम की मधुर स्मृति में वह लोग पिछले चार दशक से ठंडे मीठे जल की छबील आयोजित करते आ रहे हैं। आज आयोजित छबील के दौरान फलफरूट भी राहगिरां को वितरित किया गया। इस आयोजन में अन्य लोगों का भी सहयोग रहा। (अनंत ज्ञान)




**राकेश डोगरा, डरोह।** निर्जला एकादशी पर डरोह बाजार के व्यापारियों अमित खन्ना, शम्मी कुमार, डॉ. रमन सूद, रोहित खन्ना, शिवम सूद, कुलदीप, देश राज सुघा, विनय आदि ने ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर स्कूली बच्चों और बाजार में आए लोगों को ठंडा पानी पिलाकर पुण्य कमाया। (अनंत ज्ञान)

## यूनाइटेड स्टेट कांग्रेस के डेलीगेट का स्वागत



**गगल।** मंगलवार दोपहर स्पाइसजेट विमान के द्वारा यूनाइटेड स्टेट कांग्रेस डेलीगेट टीम प्रमुख मेचील मैक्कॉल के नेतृत्व में गगल एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने पुष्प गुछ देकर स्वागत किया। इसके बाद वे गाड़ियों में बैठकर सड़क मार्ग द्वारा महामहिम दलाई लामा से भेंट करने मैक्लोडगंज के लिए रवाना हो गए।

# होटल में कमरा न मिला तो तोड़ दिए पर्यटकों की गाड़ियों के शीशे

### होटल मालिक ने खुद की नुकसान की भरपाई, थाना डमटाल में मामले की शिकायत दर्ज

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

सोशल मीडिया पर मंगलवार सुबह से थाना डमटाल के अंतर्गत पठानकोट-जम्मू मार्ग पर एक होटल के बाहर की एक वीडियो वायरल हो रही है, जिसमें पर्यटकों की 7 से 8 गाड़ियों के तोड़े गए शीशे दिखाए जा हैं, जिस पर कुछ मीडिया वाले यह बताने का प्रयास करें हैं कि हिमाचल में पर्यटक सुरक्षित नहीं हैं।

इस मामले को लेकर जब होटल के मालिक राकेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह घटना दो दिन पहले की है तथा उनके कुछ अपने ही जानकार इस होटल में नशे की हालत में आकर कमरे की बुकिंग की डिमांड कर रहे थे तब उन्होंने कहा कि यहां पर कोई होटल का कमरा खाली नहीं है, परंतु उन्होंने नशे की हालत में होटल के बाहर खड़ी पर्यटन की गाड़ियों को तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान कई गाड़ियों के शीशे टूट गए।







पठानकोट-जम्मू मार्ग पर मौजूद एक होटल के बाहर तोड़े गए गाड़ियों के शीशे।

होटल के मालिक ने बताया कि उन्होंने सभी पर्यटन की गाड़ियों के टूटे शीशों के हुए नुकसान की भरपाई कर दी है। उन्होंने डमटाल थाने में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई है जिस पर पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में नूरपुर के डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया कि यह वीडियो वायरल जो हो रही है उसमें हिमाचल की छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है, परंतु ऐसा कुछ भी नहीं है तथा होटल के मालिक द्वारा गाड़ियों के नुकसान की भरपाई कर दी गई है तथा जिनके द्वारा यह गाड़ियों के शीशे तोड़े गए हैं उनके खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला में जुटे उत्तर भारत के गर्ल्स ट्रैकर




उत्तर भारत के गर्ल्स ट्रैकर एक साथ सामूहिक चित्र में।

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग एक्सपीडिशन के दूसरे चरण का आगाज धर्मशाला में हो गया है। यह चरण 26 जून तक आयोजित होगा। इसमें देहरादून, नैनीताल, चंडीगढ़, अंबाला, हिसार, रुड़की, रोहतक, शिमला, पालमपुर, बिलासपुर, सोलन, मंडी, नाहन, कुल्लू, रामपुर, अल्मोड़ा तथा कुनिहार के कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

प्रात: कर्नल संजय शांडिल ने कैडेट्स को कुनाल पथरी के लिए रवाना किया। कर्नल संजय शांडिल तथा उनकी धर्मपत्नी पूनम शांडिल ने भी ट्रैक किया। कैडेट्स ने कुनाल पथरी माता के दर्शन किए तथा वहां के पुरोहित के माध्यम से मंदिर के इतिहास को जाना। माता कुनाल पथरी के मंदिर में कैडेट्स ने देखा मां के कपाल पर एक बड़ा पत्थर है जो हमेशा पानी से भरा रहता है। स्थानीय लोगों द्वारा यह मान्यता है कि वह पानी में कुछ चमत्कारी शक्तियां है ,जो कि रोगियों के रोग दूर करने में सहायक होती है।

वहां से आते हुए कैडेट्स को चाय के बागानों में ले जाया गया। कैडेट्स ने चाय की पत्तियों की प्राकृतिक खुशबू और चाय के बागानों से दिख रही धौलाधार की खूबसूरत वादियों का लुत्फ उठाया। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में बढ़ रहा है जलापूर्ति संकट सुक्खू सरकार खामोश: विश्व चक्षु

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



हिमाचल भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी और पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर (मुख्यमंत्री) एडवोकेट विश्व चक्षु ने धर्मशाला में जारी एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि हिमाचल प्रदेश जलापूर्ति के भारी संकट से गुजर रहा है। टूरिस्ट सीजन चल रहा है, लेकिन हर जगह पानी की कमी से लोग परेशान हो रहे हैं। इस संकट से निपटने के लिए सरकार द्वारा गंभीरता से प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। प्रदेश की राजधानी शिमला की बात करें तो ज्यादातर जगहों पर चार से पांच दिन में पानी आ रहा है। कई जगहों पर हालात और भी बुरे हैं। पूरे प्रदेश का यही हाल है लेकिन सरकार इस मामले में पूरी तरह से खामोश है।

चक्षु ने कहा कि सरकार द्वारा इस जलसंकट को हल करने के लिए गंभीरता से काम नहीं किया जा रहा है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार को गंभीरता से प्रयास करने होंगे, क्योंकि पानी लोगों के हर पल की जरूरत है। गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ती है। टूरिस्ट सीजन की वजह से प्रदेश में भारी संख्या में लोग आते हैं, जिस वजह से होटेल्स में भी पानी की खपत बढ़ जाती है। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से निपटने के लिए खास प्रबंध होने चाहिए, लेकिन सरकार द्वारा इस मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई, जिसका नतीजा सामने है। सरकार ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए अग्रिम योजना बनाए। इस तरह से प्रदेश के लोगों को हर जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान नहीं किया जा सकता है। सरकार अपना दायित्व निभाए, जिससे आम लोगों को इस तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

# आईटीआई शाहपुर में 20 जून को होगा कैंपस इंटरव्यू

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में 20 जून को एमआरएफ लिमिटेड टायर कंपनी गुजरात की ओर से कैंपस इंटरव्यू लिया जाएगा और खाली पदों को भरा जाएगा।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि गुजरात की उक्त नामी कंपनी इंटरव्यू के लिए आ रही है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी ने मशीनिस्ट, टर्नर, वेल्डर, इंस्ट्रूमेंट मेकेनिक तथा किसी भी अन्य मेकेनिकल ट्रेड में आईटीआई की हो, लेकिन फिटर और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के अभ्यर्थी इस इंटरव्यू में भाग नहीं ले सकते। इस इंटरव्यू में दसवीं पास तथा कक्षा 12वीं पास भी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को प्रथम वर्ष में 12,500 और दूसरे वर्ष में 17,000 तथा तीसरे वर्ष में 18,000 रुपए मासिक का प्रावधान रहेगा और हॉस्टल की सुविधा रहेगी द्य पहले साल हर 6 महीने पूरे होने पर 3,498 रुपए बोनस दिया जाएगा।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज प्रदीप चौधरी ने बताया कि इस इंटरव्यू में उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 25 वर्ष होनी चाहिए तथा न्यूनतम ऊंचाई 5 फुट 4 इंच और 45 किलोग्राम वजन होना चाहिए। उम्मीदवार ओरिजिनल दस्तावेज जैसे मार्कशीट, आधार कार्ड, तीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आएं। (अनंत ज्ञान)

## छात्र-छात्राओं को सिखाए योग आसन

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां।** सरस्वती विद्या मंदिर पाठशाला नगरोटा बगवां में सेवा भारती के सहयोग से 18 जून से 20 जून तक सुबह 7.30 से 8.30 तक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को शिविर में योग शिक्षक राकेश कुमार व नीलम गुप्ता नें पाठशाला के छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योग आसन करवाए व योग करने से कैसे अपने शरीर को निरोगी रख सकते हैं इसके बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर स्कूल की अध्यापिकाओं में सीमा, शीतल, ज्योति, वर्षा व सेवा भारती से विजय महाजन, सतीश कौशल, वेद खोसला व सीमा वर्मा उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# पं. अशोक हिमाचली को मीडिया समन्वय समिति के पद से नवाजा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



हिमाचल प्रदेश में होने वाले उपचुनावों को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस ने पंडित अशोक हिमाचली को मीडिया समन्वय समिति के पद से नवाजा गया, जो कि वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर भी हैं उनके काम और निष्ठा को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने उनके कंधों के ऊपर एक और जिम्मेदारी दी है।

जिम्मेदारी मिलने के बाद पंडित अशोक हिमाचली ने जारी बयान में आईसीसी सदस्य, हिमाचल के प्रभारी राजीव शुक्ला, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खु, पूर्व सांसद कांग्रेस पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, प्रदेश कांग्रेस वर्किंग प्रेसिडेंट विधायक संजय अवस्थी, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री एवं समस्त मंत्रीगण, विधायकगण पदाधिकारियों का अभार व्यक्त करते कहा कि मैं अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा पूर्वक, ऊर्जावान तरीके और पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। (अनंत ज्ञान)

## छोटी नागनी माता मंदिर कंडवाल में जागरण व भंडारा आज

**संजीव महाजन, नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा के कंडवाल छोटी नागनी माता मंदिर में न्यू चिन्मय सुभाष चंद्र बोस मीमोरियल युवा मंडल द्वारा 22वां वार्षिक भंडारे व जागरण 19 जून को करवाया जा रहा है, जिसमें मशहूर पंजाबी गायक माता रानी का गुणगान करेंगे। युवा मंडल सदस्य रॉकी नेलोगो से अपील है कि वह भंडारे प्रसाद ग्रहण करने व जागरण में जरूर पधारें। भंडारा बुधवार को दो बजे शुरू हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# बरसात से पहले करें कूहलों व नालियों की सफाई

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**उपायुक्त ने विकास खंड अधिकारियों को जल निकासी के लिए कारगर कदम उठाने के दिए निर्देश**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में मानसून आरंभ होने से पहले कूहलों तथा नालियों की साफ-सफाई का कार्य मिशन मोड में करने तथा विकास खंड अधिकारियों को सभी पंचायतों में जल निकासी के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भू-स्खलन को लेकर संवेदनशील सड़कों एवं अन्य जगहों की सूची पहले से तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। भू-स्खलन इत्यादि से होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग, आईपीएच तथा विद्युत विभाग को आपदा प्रबंधन की दृष्टि से जेसीबी मशीनें और आवश्यक उपकरण भी पहले से तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी नियमित तौर पर लोगों तक पहुंचाने के लिए भी उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि आम जनमानस पहले से ही मौसम को लेकर पहले से अलर्ट रहें। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर बिलंब नहीं किया जाए। जिला स्तर तथा उपमंडल स्तर पर आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम खोलने के लिए दिशा-निर्देश भी दे दिए हैं, ताकि आपदा से त्वरित प्रभाव से निपटा जा सके। इसके अलावा सभी विभागों को मानसून के दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि आपदा प्रबंधन का कार्य सुचारू रूप से सके।

उन्होंने कहा कि सभी उपमंडल अधिकारियों को पंचायत प्रतिनिधियों तथा वालंटियर्स के साथ आपदा प्रबंधन को लेकर आवश्यक बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी डेलिगेशन का तिब्बती संस्कृति से स्वागत

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा से मुलाकात कर तिब्बत के मसलों पर करेगा चर्चा**

कांगड़ा हवाई अड्डे पर मंगलवार को सात सदस्यों का अमेरिका डेलिगेशन दल पहुंचा। यहां पहुंचने पर सीटीए के अधिकारियों ने तिब्बती संस्कृति से इस डेलिगेशन दल का स्वागत किया।

इस मौके पर तिब्बत के विभिन्न संगठन भी हाथ में तिरंगा और अमेरिका का झंडा लिए हुए नज़र आए। इसके बाद इस अमेरिका डेलिगेशन दल को कड़ी सुरक्षा के बीच मेक्लोडगंज रवाना कर दिया गया। यह अमेरिकी डेलिगेशन दल तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा से मुलाकात करेगा और चीन और तिब्बत के बीच चल रहे विवादों पर भी चर्चा करेगा।

कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान अमेरिका डेलिगेशन के सदस्य ने कहा कि उन्हें धर्मशाला आकर काफी अच्छा लग रहा है और इस डेलिगेशन दल के सभी सदस्य कल तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा से मिलने के लिए काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि दलाईलामा से मुलाकात के बाद निश्चित रूप से चीन और तिब्बत के बीच चल रहे विवादों पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका का हर नागरिक तिब्बतियों के साथ खड़ा है। मंगलवार शाम को इस अमेरिकी डेलिगेशन ने मैक्लोडगंज के टिप्पा में तिब्बतियों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। डेलिगेशन ने तिब्बती बौद्ध मंदिर में बौद्ध भिक्षुओं से भी मुलाकात की।

इस अमेरिकी डेलिगेशन के धर्मशाला पहुंचने के बाद अब तिब्बतियों में अपने घर वापिस लौटने की उम्मीद भी जगने लगी है। (अनंत ज्ञान)

## सेरी मंच में मनाया जाएगा योग दिवस

**अनिल, मंडी।** जिले में 21 जून को आयुष विभाग और अन्य संस्थाओं के सहयोग से सेरी मंच में प्रात: 6:30 बजे योग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसके सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. राजेश ने बताया कि योग शिविर में आयुष विभाग के डॉ. और योग शिक्षकों योगासन की विभिन्न क्रियाएं करवाई जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

# आसमानी बिजली गिरने से एक महिला की मौत

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

छोटा भंगाल के तरमेहड़ में बीते गत देर शाम आसमानी बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। इस घटना में उसके साथ 7 भेड़ बकरियां भी चपेट में आकर मौत का शिकार हुई गईं। मृतक महिला की पहचान काली देवी पत्नी रोशन लाल के रूप में हुई है।

महिला अपने पशुधन को चराने तरमेहड़ के समीप जंगल में गई हुई थी जहां वे इस घटना की शिकार हो गई। बैजनाथ के एसडीएम डीसी ठाकुर ने बताया कि पीड़ित परिवार को प्रशासन की ओर से 25 हजार रुपए की फौरी राहत दे दी गई है।

उन्होंने बताया कि शव काफी ऊंचाई वाले स्थान पर होने के चलते सोमवार को वापिस मुल्थान नहीं लाया गया था , लेकिन मंगलवार को शव को लेने गांववासी व प्रशासन की टीम घटनास्थल की ओर रवाना हुई हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से जो कुछ भी संभव होगा पीड़ित परिवार की मदद की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# गर्मियों में करें शीतली प्राणायाम

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

वर्ष 2024 योग थीम 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' के तहत अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत शाहपुर उपमंडल स्थित नेरटी राजकीय प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय में संयुक्त रूप से पूर्व योगाभ्यास शिविर का शुभारंभ मुख्याध्यापक संजय कुमार तथा समापन अरविंद कुमार द्वारा विधिवत रूप से क्रमवार समापन किया गया।

इस दौरान हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर एएचसी शाखा रैत (आयुष) आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवानी के निर्देशानुसार योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक एवं अनुराधा शर्मा द्वारा स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं को 21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अंतर्गत छात्रों को ग्रीवा चालन जैसे सूक्ष्म व्यायामों सहित अन्य कपालभाति तथा गर्मियों में विशेषकर शीतली प्राणायाम करने पर बल दिया तथा इस भागदौड़ भरी जिंदगी में तनावमुक्ति के लिए भ्रामरी उद्गीत का अभ्यास करवाया गया।



योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक के साथ योग आसन करते बच्चे व अन्य।

इस दौरान बच्चों को सेहतमंद रहने के लिए नशाखोरी, फास्ट एवं जंक फूड से परहेज करने, संतुलित भोजन करने और निरोग रहने के लिए नित्य प्रात: प्रभात बेला में योग करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक वर्ग में मंजू कुमारी, वीना देवी, सुनीता देवी, लता कुमारी, रजनीश राणा, विकास पठानिया, सुभाष राणा, शौंकी राम तथा अन्य कर्मचारी वर्ग में विशाल चौधरी, श्याम लाल, रक्षा देवी, आशा देवी,कमलेश, शारदा, मछलो आदि ने भी योग शिविर संचालन में सहयोग दिया। (अनंत ज्ञान)

**योजना** 30 जून के बाद नहीं होगी राशन कार्डधारियों की ई-केवाईसी, अब तक जुड़े 77.55 प्रतिशत लोग

# 11 दिन शेष, 22 प्रतिशत लाभार्थियों की नहीं हुई ई-केवाईसी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश में जारी राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी की प्रक्रिया 30 जून को समाप्त होगी। वहीं अब तक 22.50 प्रतिशत लोगों की ई-केवाईसी होना बाकी है।

बताते चलें कि प्रदेश में कुल 7299045 लाभार्थियों की ई-केवाईसी होनी थी तथा इनमें से 5660366 लाभार्थियों की यानी 77.55 प्रतिशत की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है जबकि 1627065 यानी 22.50 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी होना बाकी है।

जिलावार आंकड़ों के अनुसार ई-केवाईसी में सोलन जिला सबसे आगे है तो वहीं लाहुल-स्पिति सबसे पिछे है। आंकड़ों के अनुसार बिलासपुर जिला में कुल 424816 लाभार्थियों में 345508 यानी 81.33 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है।



चंबा जिला में कुल 568573 लाभार्थियों में 379451 यानी 66.74 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। हमीरपुर जिला में कुल 544877 लाभार्थियों में 453649 यानी 83.26 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। कांगड़ा जिला में कुल 1777091 लाभार्थियों में 1334428 यानी 75.09 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। किन्नौर जिला में कुल 74738 लाभार्थियों में 44711 यानी 59.82 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। कुल्लू जिला में कुल 438951 लाभार्थियों में 336338 यानी 76.62 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है।

लाहौल स्पीति जिला में कुल 28382 लाभार्थियों में मात्र 7113 यानी 25.06 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो पाई है। मंडी जिला में कुल 1097280 लाभार्थियों में 896067 यानी 81.66 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। शिमला जिला में कुल 724766 लाभार्थियों में 559636 यानी 77.22 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। सिरमौर जिला में कुल 541735 लाभार्थियों में 423616 यानी 78.20 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है।

सोलन जिला में कुल 507443 लाभार्थियों में 450377 यानी प्रदेश में सबसे ज्यादा 88.75 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। ऊना जिला में कुल 570393 लाभार्थियों में 429472 यानी 75.29 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## किसी भी राशन डिपो में करवा सकते हैं ई-केवाईसी



**जिला** खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरूषोतम सिंह पंवर ने बताया कि जिला कांगड़ा में अब तक 75.09 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। लोग 30 जून से पहले ई-केवाईसी करवाने को आगे आएं, ताकि उन्हें नियमित रूप से डिपो से राशन मिलता रहे। कोई भी लाभार्थी प्रदेश के किसी भी राशन डिपो में जाकर अपनी ई-केवाईसी करवा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुजानपुर में लगाई मीठे पानी की छबील

**ए कुमार, सुजानपुर।** निर्जला एकादशी के दिन सुजानपुर में जगह-जगह मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस अवसर पर लोगों को तरबूज और खरबूजे भी बांटे गए। सुजानपुर तथा आसपास के लगते गांवों में निर्जला एकादशी के दिन लोगों ने मीठे पानी की छबील तथा अन्य सामग्री बांट कर पुण्य कमाया। सुजानपुर शहर में जगह-जगह छबीलें लगाई गई थीं। मुख्य बाजार में लोगों को आइसक्रीम भी बांटी गई। सुजानपुर शहर तथा आसपास के एरिया में इन दिनों भारी गर्मी का प्रकोप जारी है। रोजाना लोग विभिन्न स्थानों में मीठे पानी की छबीलें लग रहे हैं। मंगलवार को इसी क्रम में निर्जला एकादशी के दिन जगह-जगह मीठे पानी की छबील लगाई गई। (अनंत ज्ञान)

### निर्जला एकादशी पर बारीं मंदिर में लगाई छबील



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर भारी बम महादेव गांव के लोगों ने बारीं मंदिर में छबील लगाई। उन्होंने सड़क पर आते जाते राहगीरों को इस भीषण गर्मी में मीठा ठंडा पानी पिलाया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान भूमि राज, सदस्य हरबंस सिंह, देशराज, सुनील चैहान, अश्विनी कुमार, अनंत राम सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### लोहारली की महिलाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**हमीरपुर।** मट्टनसिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर की ओर से मंगलवार को बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत कलवाल के गांव लोहारली में स्थानीय महिलाओं के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आरंभ किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी महिलाओं को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक अजय कुमार कतना ने बताया कि शिविर के दौरान महिलाओं को मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं को बैंकिंग प्रक्रियाओं के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान कीं।

### हमीरपुर ने चंबा को हराकर फाइनल में किया प्रवेश



**शशि सोनल, नादौन।** सुपर लीग अंतर जिला स्तरीय अंडर-23 वनडे क्रिकेट मैच मंगलवार को जिला हमीरपुर व चंबा की टीम के बीच हुआ, जिसमें हमीरपुर ने चंबा को 49 रन से पराजित करके मैच जीत लिया है। चंबा ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। हमीरपुर ने पारी खेलते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 199 रन बनाए। हमीरपुर के बल्लेबाज ने शानदार बल्लेबाजी मृदुल सरोज ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 96 रन बनाए, जबकि अनिकेत ठाकुर ने 48 व अभुदय हांडा ने 24 रन बनाए। चंबा ने 200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 44 ओवर में 150 रन बनाकर आल आउट हो गई। यह जानकारी क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने देते हुए बताया कि हमीरपुर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### टिप्पर-बाइक की टक्कर, एक गंभीर घायल

**एसके शर्मा, जाहू।** उपमंडल भोरंज के कस्बे लुद्दर महादेव में सोमवार देर शाम टिप्पर व बाइक की टक्कर होने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टिप्पर जाहू से बस्सी की ओर आ रहा था कि कस्बे लुद्दर महादेव में शराब के ठेके के समीप तीखे मोड़ पर टिप्पर से बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे बाइक चालक हितेश रांगड़ा (28) निवासी भजलाह को गंभीर चोटें आईं। घायल को गंभीर अवस्था में भोरंज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। पुलिस थाना भोरंज के प्रभारी योग राज चंदेल ने इसकी पुष्टि की है उन्होंने बताया कि टिप्पर को अपने कब्जे में ले लिया है। (अनंत ज्ञान)



### निर्जला एकादशी पर लगाईं पानी की छबीलें



**रवि ठाकुर हमीरपुर।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर छबीलें लगाई गईं, जिसमें लोग भी छबीलों में मिल रहे खाने-पीने की चीजों का खूब लुप्त उठाते देखे गए। शहर में मीठे पानी को लेकर जगह-जगह स्टॉल लगाए गए थे। इसके अलावा शहर में कहीं पर जल जीरा, तो कहीं पर आइसक्रीम फ्री बांटी जा रही थी। कुछ जगहों पर तरबूज, खरबूजा व हल्वा इत्यादि भी लोगों को बांटा जा रहा था। शहर में घूम रहे लोगों ने भी ठंडा पेयजल पीकर राहत की सांस ली। गर्मी के बढ़ते प्रकोप से लोगों का दोपहर के समय बाहर निकलना मुश्किल होता जा रहा है। निर्जला एकादशी पर ठंडे पेयजल लगाने पर लोगों ने भी गर्मी से थोड़ी राहत की सांस ली है, क्योंकि ठंडा पानी पीने से शरीर को भी गर्मी से थोड़ी राहत मिल रही थी। (अनंत ज्ञान)

### जाहू के 43 होनहारों को वितरित की साइकिलें



**बाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू के प्रांगण में कैनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी के बिजनेस हैड अरुण सरीन के सौजन्य से स्कूल के 43 होनहार बच्चों को साइकिलें वितरित की गईं। प्रधानाचार्य रमेश चंद ने साइकिल वितरण समारोह के मुख्यातिथि का स्वागत किया व उन्हें सम्मानित किया। सरीन ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य रमेश ठाकुर ने इस पुनीत कार्य के लिए स्थानीय विधायक सुरेश कुमार व अरुण सरीन का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

### लंबलू उपमंडल में में 20 जून को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू में 20 जून को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते गांव बरोहा, तरोपका, लघवाण, गसोता, बोहनी, छियोड़ी, कोहीं, बालू, भरठयाण, हवाणी, बफड़ीं, हरनेड, झमरोड़ा, थाना, पनाहर, पटटा, सरलीं, ब्ल्यूट, चमनेड, खनेउ, डुघली, डबरेड़ा, भंडोला, झटवाड़ और आस-पास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली पूर्णतः बंद रहेगी। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### छबील लगाकर बुझाई लोगों की प्यास



**अनिल कुमार, हमीरपुर।** निर्जला एकादशी का व्रत करने से पुण्य प्राप्त होता है, इस दिन लोग पानी नहीं पीते और न ही कुछ ग्रहण करते हैं। मान्यता है कि इस दिन लोग चावल भी नहीं खाते। यह पर्व जिलाभर में धूमधाम से मनाया गया। हमीरपुर शहर में जगह-जगह मीठे पानी की छबीलें लगाई गई थीं, जहां पर दिन भर लोगों की भीड़ लगी रही। इस भीषण गर्मी में ठंडा पानी पीने को मिले इससे बेहतर और क्या हो सकता है। निर्जला एकादशी पर सामाजिक संस्थाओं ने भी छबीलें लगाकर लोगों को मीठा पानी पिलाया, वहीं हलवा और तरबूज भी लोगों को बांटा। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में भी सीनियर सिटीजन काउंसिल ने मरीजों और तीमारदारों के लिए छबील लगाई व तरबूज भी बांटा। (अनंत ज्ञान)

# कस्बा बड़ा में ट्रैफिक जाम हुआ आम

## वाहन चालकों और लोगों ने उठाई बाईपास सड़क बनाने की मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में वर्तमान समय में ट्रैफिक का प्रतिदिन जाम लगना आम बात हो गई हैं। यहां पर ट्रैफिक जाम कई बार इतना लंबा लग जाता है कि उसे बहाल होने में आधे घंटे से भी ज्यादा समय लग जाता है, जिससे न केवल बाहन चालकों को बल्कि राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।

कस्बा बड़ा में जाम लगने का मुख्य कारण कस्बा बड़ा के चौक पर सड़क का तंग होना और उस सड़क से धौलासिद्ध विद्युत परियोजना के लिए बड़ी गाड़ियों द्वारा हैवी मशीनरी लेकर जाना हैं। गौर हो कि कस्बा बड़ा में आए दिन लग रहे ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए यदि यहां बाईपास सड़क बनाई जाती तो आवश्य इस समस्या का समाधान हो सकेगा।



कस्बा बड़ा में लगा ट्रैफिक जाम।

लोगों का कहना हैं कि कस्बा बड़ा से सुजानपुर जाने वाली सड़क पर यदि बाईपास सड़क बन जाती हैं तो इस लोगों को कस्बा बड़ा के बाजार में जो प्रतिदिन ट्रैफिक जाम लगने की समस्या रहती है उससे भी निजात मिल जाएगी।

विभागीय सूत्रों के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा बाईपास सड़क का सर्वे भी किया जा रहा था और लोगों में यह भी चर्चा चली हुई हैं कि बाई पास सड़क के लिए सर्वें कि गई भूमि मालिकों से भी विभाग के अधिकारी बातचीत कर रहे थे। हद्मलांकि इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# आईटीआई की शिक्षा से छात्रों को मिलता है व्यवहारिक ज्ञान : भाटिया

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

▶ **भुक्कड़ स्कूल में प्री-वोकेशनल कार्यक्रम के तहत बच्चों को किया जागरूक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में मंगलवार को प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में प्री-वोकेशनल शिक्षा कार्यक्रम का आयोजिन किया गया, जिसमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोरंज के प्रधानाचार्य राजेश भाटिया मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने स्कूली बच्चों को वोकेशनल शिक्षा के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकार ने जगह-जगह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोले हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे औद्योगिक क्षेत्र से ट्रेड का व्यवहारिक ज्ञान हासिल करके अच्छी नौकरी प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में हजारों बच्चे प्रशिक्षण लेकर आजीवका को मजबूत कर रहे है। भाटिया ने कहा कि आईटीआई में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, प्लंबर व अन्य विषयों में छात्रों को प्रशिक्षित करके परिवक्व बनाया जा रहा है।

इस दौरान प्रधानाचार्य देशराज कमल ने स्टाफ सहित मुख्यातिथि का भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्री-वोकेशनल शिक्षा ग्रहण करके लिए छठी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान अर्थशास्त्र प्रवक्ता पवन रांगड़ा, टीजीटी प्रीमत चंद, सुनील दत्त, अमर नाथ, नीतू वर्मा, सीमा कमारी व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# जनता चुने हुए विधायक को त्याग पत्र देकर पुन: उपचुनाव करवाने के लिए नहीं करेगी माफ

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव में हमीरपुर से डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाने के बाद मंगलवार को एक निजी होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा उपचुनावों को लेकर चर्चा की गई और चुनाव प्रचार करने की रणनीति बनाई। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कहा कि जनता द्वारा चुने गए विधायक यदि त्यागपत्र देकर पुन: उपचुनाव जैसी स्थिति पैदा करें तो जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि जनता के समक्ष यही बड़ा सवाल है जिसका त्याग पत्र देने वालों को देना होगा कि उन्होंने जनता द्वारा दिए अधिकार का निरादर क्यों किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को हरिद्वार भेजने के शब्दों को वापस लिया जाए अन्यथा माफी मांगी जाए। कांग्रेस राजनीतिक विचारों पर ऐसी भाषा की निंदा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपाईयों ने गांधी चौक पर दिए भाषणों में हमीरपुर में कोई विकास न होने की बात कही, लेकिन जनता को यहां पर हुए कार्य दिखते है। उन्होंने कहा कि जिस बस अड्डे को बनाने का काम पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर डबल इंजन की सरकार होते हुए भी करवाने की हिम्मत तक नहीं कर पाए उसे मुख्यमंत्री सुक्खू ने ही बकायदा पर्याप्त बजट का प्रावधान कर शुरू किया है। ऐसे ही अनेकों काम पिछले डेढ़ वर्ष में प्रदेश सरकार ने करवाए है। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर स्वंय बताए कि बतौर मुख्यमंत्री उन्होंने हमीरपुर के कितने दौरे किए।

उन्होंने कई ऐसे कार्यों को रोके रखा जो पिछली भाजपा सरकार के दौरान ही शिलान्यास किए गए थे, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू ने बिना भेदभाव के चहुंमुखी विकास को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर की जनता अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है, चुनावों में जनता जिला के मुख्यमंत्री के साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# नेगी ने 100 पुलों का निर्माण कर बनाया कीर्तिमान

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** ब्रिज मेन के नाम से जाने वाले पीडब्ल्यूडी रिकांगपिओ में कार्यरत एसडीओ भीम सैन नेगी ने अपने कार्यकाल में अपनी टीम के साथ जिला किन्नौर के साथ साथ अन्य जिलों में नदी-नालों पर 100 पुलों का निर्माण करके नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भीम सैन ने अपने 100 वें पुल 140 फुट लंबे पुल का निर्माण कुपवी के काटली खड्ड पर किया तथा यह पुल इन्होंने अपनी टीम के सहयोग से 6 दिनों के अंदर तैयार किया। भीम सैन नेगी जिला किन्नौर के पूह से संबंध रखते हैं। भीम सैन नेगी ने दिसंबर 2023 में भी नाथपा वैकल्पिक मार्ग पर मात्र 13 दिनों में 200 फुट लंबे पुल का निर्माण करके किन्नौर तथा स्पीति क्षेत्र के लोगों को राहत प्रदान की थी। इसके अतिरिक्त जून 2023 में भी मात्र 5 दिनों में ठियोग में 150 फुट लंबा पुल बनाकर ऊपरी हिमाचल के लोगों को राहत प्रदान की थी। भीम सैन नेगी ने बताया कि इस सफर में अपने उच्च अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिला है। (अनंत ज्ञान)

# नीति आयोग की टीम हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का करेगी निरीक्षण

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

आयुष विभाग के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके लिए आयुष विभाग द्वारा वेलनेस सेंटरों के ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कार्य शुरू किए हैं। इन सेंटरों में कार्य ठीक ढंग से हो रहे हैं या नहीं इसी को लेकर जिला आयुष अधिकारी दूसरे जिला में जाकर इन सेंटरों का निरीक्षण कर रहे हैं।

गौर रहे कि जिला में बनाए गए हेल्थ वेलनेस सेंटरों का नीति आयोग की टीम दौरा कर निरीक्षण करेगी। इसलिए आयुष विभाग इन वेलनेस सेंटरों में हो रहे कार्य व कमियों को सुधारने के लिए अंतर जिला निरीक्षण कार्यक्रम के तहत निरीक्षण कर रहे हैं। प्रदेश भर में आयुष विभाग द्वारा वेलनेस सेंटर, तैयार किए जा रहे हैं जिससे लोगों को आयुर्वेद पद्धति का फायदा मिले। इसके अलावा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में मरीजों को लैब टेस्ट के अलावा पंचकर्म और योग की भी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा आभा आईडी भी जनरेट की जाएगी।



जिला आयुष अधिकारी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के निरीक्षण के दौरान टीम के साथ।

जिला हमीरपुर की बात करें तो यहां पर 63 वेलनेस सेंटर में 16 ही चले हुए हैं, बाकी बचे हुए वेलनेस सेंटरों में कार्य चला हुआ है। बताते चलें कि जिला आयुष अधिकारी हमीरपुर देशराज वर्मा ने बताया कि उन्होंने मंडी जिले में बनाए गए वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण और यहां पर कुल्लू जिला के आयुष अधिकारी ने निरीक्षण किया।

लोगों को वेलनेस संटरों में पंचकर्मा के अलावा लैब टेस्ट की सुविधा मिलने जा रही है, जिसका फायदा विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों को मिलेगा। आने वाले समय में वेलनेस सेंटर आयुर्वेद चिकित्सा में एक बेहतर विकल्प होगा। देशराज वर्मा ने मंडी जिला के 15 वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण किया। वहीं कुल्लू जिला से आए जिला आयुष अधिकारी ने हमीरपुर जिले के 10 वेलनेस सेंटरों में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेलनेस सेंटरों में पाई गई कमियों को दूर करने के बारे में अपने सुझाव रखे। उन्होंने बताया कि नीति आयोग की टीम इन वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण करेगी। (अनंत ज्ञान)

# रिज मैदान पर दिलेर मेहंदी ने 'तारा रा रा' गाने पर मचाया धमाल

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** शिमला में अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की अंतिम संध्या में पंजाबी गायक दिलेर मेहंदी ने तारा रा रा गाने पर धमाल मचाया। इस दौरान पूरा रिज झूम उठा। वहीं अन्य पहाड़ी कलाकारों ने भी पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों का मनोरंजन किया। दिन के समय मॉलरोड पर महानाटी का भी आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

इस दौरान लोगों ने कार्यक्रम देखने का लुत्फ उठाया। वहीं, अंतिम दिन समर फेस्टिवल के मुख्यातिथि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रहे। उन्होंने सभी को समर फेस्टिवल की बधाई दी। इस अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव में रिज मैदान पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पाद भी लोगों को खूब पसंद आए है। रिज मैदान पर लगी प्रदर्शनियों में स्थानीय लोगों व सैलानियों की भीड़ लगी रही। (अनंत ज्ञान)

# राज्य स्तरीय शूटिंग में हमीरपुर की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश शिमला में 13 से 17 तक 29 वी राज्य शूटिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई। चैंपियनशिप में सभी जिलों से 900 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्यातिथि विक्रमादित्य सिंह उपस्थित रहे। पूर्व ओलंपिक पदक विजेता, अर्जुन पुरस्कार विजेता डीएसपी विजय कुमार ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और निशानेबाजों को प्रोत्साहित किया।

हमीरपुर जिले के चंदरूही गांव, तहसील भोरंज के सूबेदार किरण कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) और उनकी पत्नी सीमा शर्मा की दो बेटियों ने हमीरपुर जिला का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल एन आर शूटर ऋचा शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 400/396 का स्कोर कर वरिष्ठ वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उनकी छोटी बहन त्रिशा शर्मा जो 10 मीटर एयर पोस्टिल शूटर है। उसने भी युवा आईएसएसएफ वर्ग में रजत पदक जीता। दोनों निशानेबाजों ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता के निरंतर सहयोग और कोच अर्चित सिंह और खुशप्रीत कौर (त्रिनेत्र शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी) के प्रशिक्षण को दिया। (अनंत ज्ञान)





शूटिंग में शानदार प्रदर्शन करने वाली ऋचा शर्मा व त्रिशा शर्मा विक्रमादित्य सिंह के साथ।

# मित्रों के प्यार में अंधी हुई सुक्खू सरकार : संदीपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि मित्रों के प्यार में सुक्खू सरकार अंधी होती चली जा रही है। झूठ बोलने की सारी हदें पार करती चली जा रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की मंत्रिमंडल की बैठक में हैरतंगेज और चौंकाने वाला फैसला सामने आया है।

हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला हुआ कि देहरा में एसपी ऑफिस और लोक निर्माण विभाग का सब डिवीजन खुलेगा और आचार संहिता हटने के बाद इसकी अधिसूचना होगी। अब देहरा से सीएम की पत्नी चुनाव लड़ रही है तो सब रूल धड़ाधड़ तोड़े जाएंगे।

सीएम साहब को लग रहा है कि जीत हासिल करना मेरे उनके लिए प्रतिष्ठा का सवाल हो गया है। कल मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी स्वयं मान कर रहे थे किचुनाव नहीं लड़ना और आज यू टर्न की तरह पटल गए। उन्होंने कहा कि शिमला में राज्य सचिवालय के समीप मंगलवार सुबह दृष्टि बाधित संघ ने धरना दिया।

सचिवालय से कुछ दूरी पर सड़क पर बैठकर संघ के सदस्यों ने चक्का जाम करने का प्रयास किया। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ धक्का मुक्की भी हुई। दृष्टि बाधित संघ बैकलॉग की भर्तियां न होने से गुस्साया हुआ है। इस हिटलर और मित्रों की सरकार ने दृष्टि बाधित कर्मचारियों को भी नही छोड़ा, उन पर पुलिस से कार्रवाई करवा कर सीएम क्या बताना चाहते हैं, उनको स्पष्ट करना चाहिए।

**सियासत** कुछ नेता तो सोशल मीडिया पर भी दिखे सक्रिय

# नाराज नेताओं को मनाने में जुटे बिंदल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा के नामांकन पत्र दाखिल करने के समारोह से पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने दूरी बनाए रखी, जबकि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल पिछले दो दिनों से नाराज लोगों को मनाने में जुटे हुए हैं। वे उनके घर-घर पहुंच रहे हैं। उन्हें मौजूदा स्थिति के लिए तैयार कर रहे हैं।

हमीरपुर से चुनाव लड़ने वाले पूरे विधायक नरेंद्र ठाकुर भाजपा के मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम से दूर रहे उनकी मौजूदगी इस कार्यक्रम में कहीं नहीं दिखी। वे लोकसभा चुनावों के समय भी कहीं दिखे नहीं और यह सिलसिला उनका अभी भी जारी है। यही स्थिति भाजपा के वरिष्ठ नेता और जिला उपाध्यक्ष विजय पाल सोहारू और पार्टी की वरिष्ठ नेत्री बीना कपिल भी इस कार्यक्रम से डर रहीं। यह नेता नजर नहीं आए।

इनमें कुछ नेता तो सोशल मीडिया पर भी सक्रिय दिखे हैं। एक वरिष्ठ महिला नेत्री भी आज के कार्यक्रम में गैर हाजिर दिखीं। दर असल में इससे पहले भी सुजानपुर और बड़सर में दो उपचुनाव हो चुके हैं उनमें भी भाजपा का एक वर्ग उपचुनाव से दूरी बनाए रखा। उसका प्रभाव हमीरपुर के उपचुनाव में भी दिख रहा है। हालांकि इसका फर्क भाजपा की रणनीति पर कितना पड़ेगा, इसका पता तो आगे चलकर लगेगा। लेकिन इतना जरूर है कि शुरुआती माहौल में नाराज लोगों का यह ग्रुप क्या गुल खिलाएगा? इस पर भी चर्चा शुरू हो गई है।

उधर, हिमाचल भाजपा के अध्यक्ष राजीव बिंदल पिछले दो दिनों से हमीरपुर में मोर्चा संभाले हुए हैं। वे उन लोगों के घर पहुंच रहे हैं, जो भाजपा के मौजूदा माहौल से नाराज चल रहे हैं या फिर इनमें कई ऐसे नेता भी हैं जो बदली परिस्थितियों में अब खुद को अलग-थलग समझ चुके हैं।



**नामांकन कार्यक्रम से दूर रहे पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर, बलदेव शर्मा, विजयपाल सोहारू, वीना कपिल**

सूत्रों के मुताबिक बिंदल अकेले-अकेले उनके घर जा रहे हैं। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का कुनबा पिछले विधानसभा चुनावों में मुकम्मल तौर पर बिखर गया था। इस बार अलग परिस्थितियों हैं और इनके लिए बिंदल ने मोर्चा संभाला हुआ है।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की दोपहर बाद यहां एक निजी होटल में चुनावी रणनीति पर लंबी चर्चा हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल सांसद अनुराग ठाकुर सहित तमाम बड़े नेता जिन्होंने नामांकन मौके पर भी शिरकत की थी, वे सभी इसमें मौजूद थे। तमाम नेताओं ने इस चुनाव को किसी भी सूरत में जीतने के लिए रणनीति बनाई है। (अनंत ज्ञान)

# सीएम पर टिप्पणी करना पूर्व विधायक की घटिया मानसिकता : सुरेश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि भाजपा के हमीरपुर से प्रत्याशी पूर्व विधायक आशीष शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को हरिद्वार भेजने की बात कह कर हमीरपुर के स्वाभिमान को ललकारा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर जिला से संबंधित होने के कारण हमीरपुर के लोगों की दिलों की धड़कन में बसते हैं। उनके ऊपर इस तरह की टिप्पणी करना पूर्व विधायक मानसिकता को दर्शाता है।



सुरेश ने कहा कि यह वही पूर्व विधायक हैं जो मुख्यमंत्री बनने के बाद सुक्खू का हमीरपुर पहुंचने पर न केवल स्वागत करते हैं, अपितु उनकी शान में कई कशीदे भी पढ़ते हैं। इसके अतिरिक्ति उनके घर पर मुख्यमंत्री के लिए भोज का भी आयोजन किया जाता है। अब उन्हीं के प्रति इस प्रकार की घटिया टिप्पणी की मौका प्रस्त राजनीति व घटिया मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर की जनता इस उपचुनाव में उन्हे माकूल जवाब देगी व उनकी मौका प्रस्त राजनीति व घटिया मानसिकता पर प्रहार करेगी। (अनंत ज्ञान)

# खाली कुर्सियों को भाषण देते रहे भाजपा नेता : पुष्पेंद्र



कांग्रेस के कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा की गांधी चौक में हुई रैली को प्रदेश स्तरीय भाजपा नेता खाली कुर्सियों को ही भाषण देते रहे। जिस प्रकार भाजपा का शीर्ष नेतृत्व यहां एकत्रित हुआ उसे हमीरपुर की जनता ने सरेआम नकार दिया है। जनता द्वारा चुने गए विधायक यदि त्यागपत्र देकर पुन:उपचुनाव जैसी स्थिति पैदा करें, तो जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि जनता के समक्ष यही बड़ा सवाल है जिसका त्याग पत्र देने वालों को देना होगा कि उन्होंने जनता द्वारा दिए अधिकार का निरादर क्यों किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को हरिद्वार भेजने के शब्दों को वापस लिया जाए, अन्यथा माफी मांगी जाए। कांग्रेस राजनीतिक विचारों पर ऐसी भाषा की निंदा करती है।

डॉ पुष्पेंद्र वर्मा मंगलवार को यहां बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भाजपाईयों ने गांधी चौक पर दिए भाषणों में हमीरपुर में कोई विकास न होने की बात कही, लेकिन जनता को यहां पर हुए कार्य दिखते हैं।

उन्होंने कहा कि जिस बस अड्डा को बनाने का काम पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर डबल इंजन की सरकार होते हुए भी करवाने की हिम्मत तक नहीं कर पाए, उसे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने ही बाकायदा पर्याप्त बजट का प्रावधान कर शुरू किया है। ऐसे ही अनेकों काम पिछले डेढ़ वर्ष में प्रदेश सरकार ने करवाए है। (अनंत ज्ञान)

**अगर** अच्छा नहीं कर सकते, तो कम से कम दूसरों को नुकसान न पहुचाएं। –गुरु रविदास

## संपादकीय

# वनों की आग का तांडव

हिमाचल में इस बार एक तो भीषण गर्मी खूब पसीने छुड़ा रही है और दूसरा, वनों में लगी आग के तांडव ने परेशान करके रख दिया है। पिछले दो महीनों मई और जून में वनों की आग की वजह से वायु की गुणवत्ता बुरी तरह से बिगड़ गई है। हिमाचल में ऐसा पहले कभी नहीं होता था, लेकिन इस बार गर्मी के साथ-साथ वनों की आग में भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी हुई है। वैसे तो गर्मियों में वन हर साल धू-धू कर जलते हैं, लेकिन आग में स्वाह हो रही करोड़ों रुपए की वन संपदा का नुकसान आखिर किसका हो रहा है? उत्तर है, निश्चित रूप से सरकार का। वनों से लगी आग से न केवल संपत्ति की हानि हो रही है, बल्कि पर्यावरण को भी बहुत ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है। इसके अलावा वनों की आग में वन्य प्राणियों की जान भी जा रही है। पक्षी भी जलकर मर रहे हैं। पक्षियों के अंडे भी जल रहे हैं। यही नहीं, बेशकीमती जड़ी-बूटियां भी आग की भेंट चढ़ रही हैं।

पिछले दो महीनों में प्रदेश के कई इलाकों बद्दी, सुंदरनगर और कालाअंब आदि में वायु की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं रही। इस बार ड्राई स्पेल भी लंबा खिंच गया है। बारिश न होने की वजह से भी वनों की आग में बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में हर दिन वनों में आग लगने की घटनाएं बीस से लेकर एक सौ बीस तक पेश आ रही हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक जिसे एक्यूआई भी कहते हैं, के मापने के मानक निर्धारित किए होते हैं। 0 से लेकर 50 तक एक्यूआई अच्छा माना जाता है। 51 से 100 तक संतोषजनक, 101 से 200 तक मध्यम, 201 से 300 तक खराब, 301 से 400 तक बहुत खराब तथा 401 से अधिक वाला एक्यूआई गंभीर श्रेणी में आता है। ऐसा नहीं कि सरकार ने आंखें मूंद रखी हों, लेकिन जब इतने बड़े पैमाने पर हर जगह आग ही आग लगी हो तो सुरक्षा के सारे प्रबंध धरे के धरे रह जाते हैं। वन विभाग के पास आग बुझाने के लिए आधुनिक उपकरण और गाड़ियां तो पर्याप्त मात्रा में हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनको वनों तक पहुंचाएं तो कैसे?

वनों की आग बुझाने के नाम पर सारे प्रबंध व दावे पानी फेर रहे हैं। सरकार ने बेशक वनों की रखवाली के लिए गार्ड भी रखे हैं और बाकायदा ग्रामीण स्तर पर कमेटियां भी गठित की हैं, लेकिन जब वन में आग लगती है तो न जाने सब कहां गायब हो जाते हैं? ऐसी परिस्थिति में वन की आग की चपेट में आने वाले घरों और उसके आसपास के गांवों के लोग ही स्थिति पर काबू पाने के लिए जूझते रहते हैं। वे करें भी तो क्या? इन मजबूर लोगों को अपने घर जो बचाने होते हैं। वनों में आग लगने के कारण सामने ही नहीं आते हैं और अज्ञात लोगों पर मामले दर्ज कर दिए जाते हैं। हालांकि इस बार कुछेक जगह पुलिस तथा वन कर्मचारियों ने लोगों को वनों में आग लगाते रंगे हाथ पकड़ा है। जब उनसे पूछताछ की गई तो यही तथ्य सामने निकलकर आया कि उन्होंने सिर्फ नई घास के लिए ही वनों में लगाई थी। बस इतने से फायदे के लिए वनों को आग के हवाले कर देना भला कहां की समझदारी है?

सरकार और वन विभाग को इस बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है कि वनों में लगाई गई आग आगे से आगे फैलती जाती है, जिसे बुझाना बेहद कठिन होता है। हिमाचल के कुल 55675 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल का 66.52 प्रतिशत हिस्सा वन भूमि में आता है। 24.55 प्रतिशत हिस्से में पेड़ हैं। पिछले छह साल में वनों में आग लगने की सबसे अधिक घटनाएं 2022-23 में दर्ज की गईं। इस कारण औसतन डेढ़ से तीन करोड़ रुपए तक होने वाला नुकसान करीब साढ़े छह करोड़ रुपए तक पहुंच गया। सरकार को आग से वनों की सुरक्षा के लिए और भी तगड़े प्रबंध करने होंगे। तुरंत कार्रवाई करना, अग्निशमन बल को रेंज व मंडल स्तर पर तैनात करना, आपदा नियंत्रण कक्ष व टोल फ्री नंबरों के अलावा स्कूल व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाना तथा फायर लाइन तैयार करना, जैसे कई अहम कदम उठाने होंगे तभी प्रदेश के वनों को आग से बचाया जा सकेगा, क्योंकि अगर वन नहीं होंगे तो समय पर वर्षा नहीं होगी। वन ही बादलों को आकर्षित कर वर्षा करवाते हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### देश को समर्पित महापुरुष

**पं. माधवराव सप्रे** राष्ट्रभाषा हिंदी के उन्नायक, प्रखर चिंतक, मनीषी संपादक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और सार्वजनिक कार्यों के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं की श्रृंखला तैयार करने वाले प्रेरक-मार्गदर्शक थे। माधवराव सप्रे का जन्म मध्य प्रदेश के दमोह जिले के पथरिया गांव में हुआ था। माधवराव सप्रे जी की कहानी 'एक टोकरी भर मिट्टी' को हिंदी की पहली कहानी होने का श्रेय प्राप्त है। राजा राममोहन राय ने आधुनिक भारतीय समाज के निर्माण में जो चिंगारी जगाई थी, उसके वाहक के रूप में छत्तीसगढ़ में वैचारिक सामाजिक क्रांति के अलख जगाने का काम किसी ने पूरी प्रतिबद्धता से किया है तो निर्विवाद रूप से यह कहा जाएगा कि वह छत्तीसगढ़ के प्रथम पत्रकार व हिंदी की प्रथम कहानी 'एक टोकरी भर मिट्टी' के रचनाकार पं. माधवराव सप्रे ही थे। इन्होंने छत्तीसगढ़ के पेंड्रा से 'छत्तीसगढ़ मित्र' पत्रिका का प्रकाशन सन् 1900 में सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वामन राव लाखे के सहयोग से आरंभ किया था। रायपुर में अध्ययन के दौरान पं. माधवराव सप्रे, पं. नंदलाल दुबे संपर्क में आए, जो इनके शिक्षक थे एवं जिन्होंने अभिज्ञान शाकुंतलम और उत्तर रामचरित मानस का हिंदी में अनुवाद किया था व उद्यान मालिनी नामक मौलिक ग्रंथ भी लिखा था। पं. नंदलाल दुबे ने ही पं. माधवराव सप्रे के मन में साहित्तिक अभिरुचि जगाई जिसने कालांतर में पं. माधवराव सप्रे को 'छत्तीसगढ़ मित्र' व 'हिंदी केसरी' जैसे पत्रिकाओं के संपादक के रूप में प्रतिष्ठित किया और राष्ट्र कवि माखनलाल चतुर्वेदी जी के साहित्यिक गुरु के रूप में एक अलग पहचान दिलाई। ■



पं. माधवराव सप्रे
जन्म : 19 जून, 1871
मृत्यु : 23 अप्रैल, 1926

## अपनी बात

**मोबाइल फोन** आपको उम्र से पहले ही बूढ़ा बना रहा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक मोबाइल हमारी पहली जरूरत बन गया है। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के कारण ही हम उम्र से पहले ही कई बीमारियों में फंसते चले जाते हैं। इनमें आंखें कमजोर होने से लेकर कई मेंटल और फिजिकल प्रॉब्लम शामिल हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका मोबाइल चेहरे पर आने वाली झुर्रियों का कारण भी बन सकता है? इतना ही नहीं यह आपके तनाव और एंग्जाइटी बढ़ाकर मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सेलफोन की लत से सिर्फ हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर नहीं पड़ता, बल्कि इससे हमारी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। एक्सपेरिमेंटल एंड क्लिनिकल साइंस की रिसर्च में साबित हुआ है कि सेलफोन की लत रिश्तों में लड़ाई के साथ काम पर ध्यान नहीं लगने का कारण हो सकता है। –नवीन शर्मा, रैत

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# आखिर कब तक रेल हादसों में बेमौत मरते रहेंगे बेकसूर यात्री?

आखिर कब तक रेल हादसों में बेमौत लोग मरते रहेंगे, यह एक यक्ष प्रश्न बन गया है। भीषण रेल हादसे कब रुकेंगे। हादसों में लाशों के ढेर लग रहे हैं, जिनके लिए कफन कम पड़ रहे हैं। ये हादसे निरंतर बढ़ रहे हैं, लेकिन सुधार शून्य हैं। ताजा हादसा पश्चिम बंगाल में घटित हुआ, जहां कंचनजंगा एक्सप्रेस व मालगाड़ी में टक्कर होने से 15 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई और 60 यात्री घायल हो गए, लेकिन अभी मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। दर्दनाक हादसे में 15 यात्री बेमौत मारे गए।

इससे पहले आंध्र प्रदेश में दर्दनाक रेल हादसा हुआ था। आंध्र प्रदेश के विजयनगर जिले में विशाखापतनम प्लासा ट्रेन ने विशाखापत्तनम रायगढ़ ट्रेन को टक्कर मार दी थी, जिसमें दर्जनों लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और सैकड़ों लोग घायल हो गए थे। रेल यात्रा असुरक्षित होती जा रही है और यात्री असमय काल के गाल में समाते जा रहे हैं। चार दिन पहले एक ट्रेन के तीन डिब्बे जल जाने से कुछ यात्री झुलस गए थे। गत महीने उड़ीसा के बालासोर में तीन रेलगाड़ियों की भिड़ंत से हुए भीषण हादसे में 288 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे में 747 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दर्दनाक हादसे से हर भारतीय गमगीन है। यह हादसा बहुत ही दर्दनाक था। हर तरफ लाशें ही लाशें बिखरी थीं। लोग बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे, जो चिरनिद्रा में सोए हुए थे। देश में रेलगाड़ियों के भीषण हादसों में प्रतिवर्ष हजारों यात्री बेमौत मारे जा रहे हैं। रेलगाड़ियों के हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अक्तूबर 2018 को अमृतसर में रेल पटरियों पर जमा भीड़ को कुचल डाला था, जिसमें 59 लोग मारे गए थे। यदि पिछले हादसों से सबक सीखा होता तो ऐसा मौत का मंजर बार-बार देखने को न मिलते। यह कोई नया हादसा नहीं है, पहले भी ऐसे बहुत से हादसे लोगों की जिंदगियां छीन चुके हैं। पिछले लगभग दस वर्षों में हजारों लोग इन हादसों का दंश झेल चुके हैं। कभी आपसी भिड़ंत के कारण लोगों की जानें जाती हैं, जो कभी अग्निकांड के कारण यात्री मारे जाते हैं और कभी पटरियों पर मौत मंडराती है, जो कि कई घरों के चिरागों को असमय बुझा देती है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आंकड़ों के अनुसार 6 जून, 1981 को बिहार में मानसी व सहरसा के पुल के ऊपर से गुजरते समय रेलगाड़ी के बागमती नदी में गिर जाने से 800 यात्री असमय काल का ग्रास बने थे। 20 अगस्त, 1995 को दिल्ली से कानपुर के लिए चलने वाली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में कालिंदी एक्सप्रेस से टकरा गई थी। इस हादसे में 360 से अधिक लोग मारे गए थे। 26 नवंबर, 1998 को जम्मू तवी सियालदाह एक्सप्रेस गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस के साथ हादसे की शिकार हो गई थी। इस हादसे में 280 से अधिक लोग मारे गए थे। 22 जून, 2001 को केरल में मंगलौर-चेन्नई मेल कड़ाकूली नदी में गिर गई थी। इसमें 40 लोग मारे गए थे। 4 जून, 2002 को उत्तर प्रदेश में कासगंज एक्सप्रेस रेलवे क्रॉसिंग पर एक बस से टकरा गई थी, जिसमें 34 लोग मारे गए थे। 10 दिसंबर, 2002 को कोलकाता से नई दिल्ली आ रही राजधानी एक्सप्रेस बिहार में एक पुल पर पटरी से उतर गई, जिसमें 120 लोग मारे गए थे। वर्ष 2004 में जालंधर में ट्रेनों की भिड़ंत के कारण 34 लोग मारे गए थे। 9 नवंबर, 2004 को पश्चिम बंगाल रेल हादसे में 40 लोग मारे गए थे। एक दिसंबर, 2006 को भागलपुर में ट्रेन के पुल से गुजरते समय पुल का एक हिस्सा गिरने से 35 लोगों की मौत हुई थी। 21 अक्तूबर, 2009 को मथुरा में ट्रेन हादसे में 22 लोग मारे गए थे।

28 जुलाई, 2010 को पश्चिमी बंगाल में रेल पटरियों में तोड़फोड़ के कारण ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे पटरियों से उतर गए और एक मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में 148 लोग मारे गए थे। 20 सितंबर, 2011 को मध्य प्रदेश में स्टेशन पर खड़ी इंदौर ग्वालियर एक्सप्रेस एक मालगाड़ी के टकरा जाने से 33 यात्री मारे गए थे। 22 मई, 2012 को बेंगलुरु जा रही हम्पी एक्सप्रेस व मालगाड़ी टकराने से 25 लोग मारे गए थे। एक दर्दनाक हादसा रायबरेली के पास हुआ था, जब ट्रेन पटरी से उतर गई थी और जिसमें 40 बेकसूर यात्री बेमौत मारे गए थे और 150 के लगभग घायल हो गए थे। यह हादसा इतना भीषण था कि गैस कटर से डिब्बों को काटकर घायलों व मृतकों की लाशों को बाहर निकाला गया था। इतने भयावह हादसों के बाद भी रेल प्रशासन की निद्रा क्यों नहीं टूट रही है, यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है। यदि उचित उपाए किए गए होते तो ये हादसे रुक सकते थे, लेकिन जब बड़ा हादसा हो जाता है, तभी प्रशासन की निद्रा टूटती है। यह हादसे नहीं हैं, सरासर हत्याएं हैं। ऐसी घोर लापरवाही करने वालों को कड़ी सजा देनी चाहिए जिनके कारण कई घरों में मातम छा गया और बच्चे अनाथ हो गए तथा कई माताओं व बहनों के सुहाग उजड़ गए।

मुआवजा इसका हल नहीं है क्योंकि मुआवजे से मानव जीवन वापस नहीं लौट सकता। नेताओं को अपने मगरमच्छी आंसू बहाने के व्यवस्था में सुधार करना चाहिए ताकि देश के नागरिकों को सुविधा मिल सके और ऐसे हादसे रुक सकें। केंद्र सरकार व रेलवे मंत्रालय को कारगर कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में होने वाली अनहोनी को टाला जा सके। यह जनहित में बेहद जरूरी है। रेल हादसों में चंद मिनटों में लोग लाशों में तब्दील हो जाते हैं। घटनास्थल पर किसी का हाथ, किसी का पैर और किसी का सिर का सिर गिरा था। लापवाही बरतने वालों को सजा दी जाए। सफर से पहले लोगों ने कभी सपने मे भी नहीं सोचा होगा कि उन्हें मौत नसीब होगी। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिशयोक्ति नहीं होगी। हादसे में किसी ने अपना बच्चा खो दिया तो किसी के सिर से बाप का साया उठ गया। हादसे के बाद सरकारें जितना पैसा मुआवजे के रूप में देती हैं, अगर इससे व्यवस्था को सुधारा जाए तो अनमोल जिंदगियां बच सकती हैं। हर हादसे के बाद जांच करवाई जाती है, जो कुछ समय बाद ठंडे बस्ते में चली जाती है। अभी जांच पूरी भी नहीं होती है कि तब तक और हादसा हो जाता है। रेल हादसों का यह सिलसिला निरंतर बढ़ता ही जा रहा है।

पटरियों पर मौत रेंग रही है और सरकारें बहरी बनी हुई हैं। बढ़ते रेल हादसों पर रेल मंत्रालय को मंथन करना चाहिए ताकि यात्रियों की जान जोखिम में न पड़े। लापरवाही बरतने वाले चालकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। रेलवे को इस घटना से सबक सीखना चाहिए। अगर अब भी लापरवाही बरती तो आने वाले दिनों में इन घटनाओं में और इजाफा हो सकता है, अभी भी वक्त संभलने का है। केंद्र सरकार व रेलवे मंत्रालय को कारगर कदम उठाने ही होंगे ताकि भविष्य में अनहोनी को टाला जा सके। यह जनहित में बेहद जरूरी हो गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### कविता — रेल दुर्घटना



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

***चली** थी रेल लेकर सपनों की सवारी।*
*राह में बिछी थी पटरियों की क्यारी।।*
*गूंज उठी सीटी बन हर्ष और उल्लास।*
*कभी न रुकने वाली गति का विश्वास।।*
*परंतु थोड़ी देर में आई वह बुरी घड़ी।*
*गूंज उठी धरती और थम गई वह गाड़ी।।*
*कानों में गूंजा चीखों का वह शोर।*
*धरती कांप उठी आसमां घनघोर।।*
*छोड़ गए मुसाफिर सपनों का जहां।*
*कुछ लौटे नहीं वापस अपने आशियां।।*
*यादें ही बसी हैं अब दिल में कहीं गहरे।*
*भूल न सकेंगे वह मंजर वह चेहरे।।*

**नजरिया**

# बढ़ती आतंकी घटनाओं का समाधान जरूरी

बढ़ती आतंकी घटनाओं पर नकेल कसना बहुत जरूरी है। जम्मू-कश्मीर तीर्थयात्रियों की बस उपरांत उपरांत कठुआ में आतंकवादियों द्वारा एक घर में घुसकर आतंकी हमला किया जाना भय का माहौल बनाने की कोशिश है। निरंतर दो आतंकी हमलों के पीछे राजनीतिक प्रतिशोध की भावना भी हो सकती, ऐसा कहने में कोई गुरेज नहीं है। आतंकी बेशक सीमा पार से हैं, मगर जब तक देश के अंदर बैठे कुछेक गद्दार उनकी मदद न करें तो वे सरेआम सड़क पर तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमला नहीं कर सकते हैं।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे शपथ समारोह की बेला पर वैष्णो माता के तीर्थयात्रियों की बस पर कातिलाना हमला एक बड़ी चुनौती है। भारत जी 20 की मेजबानी करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर विश्व स्तर पर इस जटिल मुद्दे के समाधान हेतु सुझाव मांगता आया है। आज हमारे देश में सुरक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। पुलवामा हमले के जख्म अभी भरे नहीं थे और तीर्थयात्रियो की इस तरह मौत से देशवासी गमगीन हैं। आतंकवादियों द्वारा तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमला किए जाने से ऐसा प्रतीत होता कि वे पहले से दुर्घटनास्थल पर मौजूद थे। बढ़ता आतंकवाद आज विश्व के लिए नासूर बनता जा रहा है। इस नासूर से विकसित देश भी प्रभावित हुए है, मगर वे खुलकर इसका विरोध नहीं जताते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए पिछले दस वर्षों से अभियान छेड़ा हुआ है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर पूर्व केंद्र सरकार इस राज्य को पर्यटन दृष्टि से विकसित बनाना चाहती थी। एनडीए सरकार अब आतंकवादियों खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई करेगी तो कुछ लोग सेना से सबूत मांगेंगे। वीरभूमि की रक्षा करते हुए आए दिन हमारे वीर जवान अपने प्राणों की आहुति तक देने से पीछे नहीं हटते हैं। आज हमारी तीनों सेनाएं इतनी मजबूत हैं कि पड़ोसी देशों को करारा जवाब दे सकती हैं, बावजूद इसके आतंकी एक बार फिर देश की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं।

20वीं सदी के भारत का लोहा आज विश्व देश भी मान रहे हैं, जो कि हर्ष का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में विश्व देशों की यात्राएं करके भारत के अन्य देशों साथ मित्रता संबंध बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। किसी भी देश साथ जब तक मैत्रीपूर्ण संबंध प्रगाढ़ नहीं बनते, तब तक व्यवसायिक बन पाना मुश्किल होता है। हमारे देश की जनता अपने वीर सैनिकों पर अत्यधिक विश्वास करती है। अटूट विश्वास क्यों भी न किया जाए, जब आम जनमानस अपने घरों में सुकून की नींद सोते हैं, तब ये वीर सरहदों पर पहरा दे रहे होते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वनों की रक्षा करना समस्त मानव जाति का प्राथमिक कर्तव्य

वन हमारी अमूल्य धरोहर हैं। वन ही जीवन है। इन शब्दों की गहराई को आज हमें यथार्थ में समझने की आवश्यकता है। इस तथ्य से हम विमुख नहीं हो सकते कि वनों का हमारे जन्म से लेकर मृत्यु तक गहरा संबंध है। वनों का उपयोग हम मानव सभ्यता के उदगम से लेकर आज तक करते आ रहे हैं। हम इनका सदियों से बिना योजना के खेतीबाड़ी, ईंधन, औद्योगिक विकास के लिए, चारे के लिए, भवन निर्माण आदि के लिए अपनी सुविधा के मुताबिक उपयोग किया है। वन अपने आप में ही वर्षा लाने में, बाढ़ को नियंत्रित करने में, मिट्टी के संरक्षण में, भूमिगत पानी के स्तर को बनाए रखने के लिए, हवा को स्वच्छ रखने में, मिट्टी की सतह को बहने से रोकने के लिए हमारी कुदरती तौर पर मदद करते हैं।

मिट्टी का निर्माण एक धीमी प्रक्रिया है। विज्ञानिकों का मत है कि मिट्टी के एक इंच कैप/ 2.5 सेंटीमीटर के निर्माण में 500 से 1000 साल तक का समय लग जाता है। संसार में 50,000 वर्ग मील वन प्रतिदिन अपना हरा आवरण खो रहे हैं, जो कि खतरे का सूचक है। पृथ्वी के अंदर मौजूद रेडियोधर्मी तत्व भी धरती के ताप को बढ़ाते हैं, जिससे ग्लोबिल वार्मिंग को बढ़ावा मिलेगा। अंटार्टिका, ग्रीनलैंड और हिमखंडों की बर्फ पिघलना शुरू हो जाएगी। समुद्र का जलस्तर बढ़ जाएगा, जिससे तटीय क्षेत्र पानी में डूब जाएंगे। यदि हम प्रकृति को बचाना चाहते हैं तो वनों को बचाना जरूरी है, अन्यथा हम किसी भी प्रकार से पृथ्वी को सुरक्षित नहीं रख सकते।

भारत उन चंद मुल्कों की श्रेणी में है, जिनकी 1894 से फॉरेस्ट पॉलिसी है। 'वन नीति' स्टेट फॉरेस्ट ऑफ इंडिया 2013 के मुताबिक, भारत के जंगलों और पेड़ों से ढकी धरती का क्षेत्रफल 78.92 मिलियन हेक्टेयर है, जो कि हमारे कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 24.09 प्रतिशत है। राष्ट्रीय वन नीति के अनुशार हिमाचल जैसे पहाड़ी इलाके में सुरक्षात्मक और उत्पादक दोनों कार्यों के लिए 60 प्रतिशत जंगलों का होना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश का 36,986 वर्ग किलोमीटर इलाका वन श्रेणी में आता है, जो कि कुल क्षेत्रफल का 66.4 प्रतिशत है। 1988 की 'फॉरेस्ट पॉलिसी' का मुख्य उद्देश्य वनों का बचाव, संरक्षण और विकास करना है। हिमाचल ने 1980 में 'राष्ट्रीय वन नीति', 1952 की बनावट को संशोधित किया, इस नई नीति के अनुसार 2000 तक कम से कम 50 प्रतिशत इलाका जंगल के दायरे में आ जाना चाहिए था। इसके लिए 20 साल की योजना बनाई गई थी। इन 20 सालों में काफी धन इस योजना में लगाया गया परंतु प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए पेड़ों को काटा गया जिससे लगभग जंगल उतने ही रहे जितने पहले थे। हिमाचल सहित देश के अन्य राज्यों में मई और जून महीने में अक्सर जंगल आग की चपेट में आ जाते हैं। प्रतिवर्ष सरकारी आंकड़ों के अनुसार अरबों रुपए की संपत्ति राख में बदल जाती है। इस प्रकार जीव- जंतुओं की दुर्लभ प्रजातियों का अस्तित्व खतरे में है।



लेखक : मेवरिक रोशन चौहान
गांव महादेव, सुंदरनगर (मंडी)

हिमाचल में भी जंगलों में आग की घटनाएं हो रही हैं। प्रशासन के पास इन परिस्थितियों से निपटने के प्रभावी उपाय नही हैं, जिसका कारण जंगलों का दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में होना है। नागरिकों का वनों के महत्व को कम आंकना, अन्य गैर सरकारी संगठनों का इसमें रुचि न लेना, पर्याप्त साधनों का अभाव, मुख्य कारणों में से हैं, लेकिन सामूहिक जानकारी और सहयोग से हम इस पर नियंत्रण रख सकते हैं। आग लगने के लिए तीन आधारभूत चीजें ऊष्मा, ईंधन और ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। यह एक रासायनिक प्रक्रिया है। यदि इन में से किसी एक अवयव को हटा दिया जाए तो आग को काबू किया जा सकता है।

जंगल में आग किन कारणों से लगती है, उन पहलुओं पर ध्यान देना आवश्यक है। जंगलों की आग के लिए एक ओर जहां प्राकृतिक तौर पर बिजली का चमकना, चट्टानों की स्लाइडिंग जैसे कारण भूमिका निभा सकते हैं तो वहीं दूसरी ओर मनुष्य द्वारा उत्पन्न कैंप फायर व जलती हुई बीड़ी-सिगरेट के अवशेष भी इसका कारण हो सकते हैं।

कई स्थानों पर यह बात भी उजागर हुई है कि कई बार स्थानीय लोग घास की अधिक पैदावार के लिए भी जंगलों को आग के हवाले कर देते हैं। जंगल में ईंधन का कार्य आमतौर पर सूखी घास, पेड़ों से गिरे पत्ते, झाड़ियां आदि हैं, जो कि बड़ी तेजी से हवा के कारण आग को फैलाते हैं। प्रशासन को चाहिए कि संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर पहाड़ी क्षेत्रों और जंगलों के आसपास मौजूद प्राकृतिक स्रोतों के पानी को जलाश्य के रूप में एकत्रित कर इस प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए योजना बनाए। पानी का संग्रहण जंगली जीव-जंतुओं के लिए भी उपयोगी होगा। ईंधन के रूप में जंगलों में फैले हुये पत्ते, झाड़ियां, घास आदि को हम प्राकृतिक खाद बनाने के लिए उपयोग में लाया जा सकता हैं, वहीं इन पर शोध करके नए उपयोगी चीजों के लिए विकसित किया जा सकता है, जिससे आग लगने की संभावनाओं को कम किया जा सकता है।

सरकारी तंत्र और वन विभाग के कर्मचारी विस्तृत क्षेत्र होने के कारण हर समय सभी घटनाओं पर नजर नहीं रख सकते, लेकिन आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से इलाके और कर्मचारियों के कार्य पर निगरानी रख सकते हैं। समय -2 पर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाना भी लाजिमी है। वनों को बचाना प्रशासन या वन विभाग का ही कार्य नहीं, अपितु समस्त मानव जाति का प्राथमिक कर्तव्य है। सभी को मिलकर जीवनदायी वनों, अमूल्य जीव जंतुओं को सुरक्षित रखने के लिए सहयोग करना होगा, ताकि हम पृथ्वी को सुरक्षित और स्वच्छ रख सकें। वनों के बिना, जीवन की कल्पना मात्र कल्पना ही रह जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# टहलते समय उन चीजों पर ध्यान दें, जिन्हें हर रोज आप अनदेखा करते हैं

**विश्व चहलकदमी दिवस पर विशेष**

विश्व चहलकदमी दिवस की स्थापना डब्ल्यूटी राबे ने 1979 में मिशिगन के मैकिनैक द्वीप पर ग्रैंड होटल में अपनी नौकरी के दौरान की थी। 1970 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका में जॉगिंग की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए राबे ने चहलकदमी दिवस को मनाए जाने के बारे में सोचा। यह प्रक्रिया जॉगिंग से आसान और कम थकाने वाली थी। वर्तमान समय की भाग दौड़ भरी जिंदगी में आराम से चलने के महत्व को समझते हुए राबे ने विश्व चहलकदमी दिवस को लेकर कुछ दिशा-निर्देश बनाए। तब से हर साल 19 जून को विश्व चहलकदमी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

विश्व चहलकदमी दिवस आज के इस बहुत ही व्यस्त जीवन में प्रकृति की सुंदरता के महत्व को समझने और तेजी से जॉगिंग या रनिंग करने की बजाय आराम से टहलते हुए फुर्सत के साथ संसार की खूबसूरती को निहारने के पल देने के उद्देश्य से विश्व चहलकदमी दिवस मनाया जाता है। यह दिन है लोगों को प्रकृति के करीब लाने का और उन्हें भाग दौड़ भरी जिंदगी से हटाकर सुकून के कुछ पल मुहैया कराने का।

विश्व चहलकदमी दिवस जिंदगी की रफ्तार को रोककर वर्तमान क्षणों का लुत्फ उठाने का मौका देता है, जिसमें बिना उद्देश्य के टहलना दिमाग को शांत करता है। यह दिवस लोगों को टहलने के लिए प्रेरित करता है जो कि स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। यह दिवस मनुष्य को प्रकृति की सुंदरता को निहारने का एक अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें उन खूबसूरत नजारों को देखने का अवसर देता है, जिन्हें हम रोज ऑफिस जाने की जल्दी में नजरअंदाज कर देते हैं। विश्व चहलकदमी दिवस हर साल एक नई थीम पर आधारित होता है, अर्थात यह हर साल एक नई थीम के साथ मनाया जाता है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पिछले वर्ष विश्व चहलकदमी दिवस 2023 की थीम 'सादगी के आनंद को पुन: खोजें' थी। विश्व चहलकदमी दिवस मनाने हेतु इस दिन किसी स्थानीय पार्क या बोटेनिकल गार्डन में टहलने के लिए जाएं। अपने घर के आसपास टहलें और उन छोटी मोटी चीजों पर ध्यान दें, जिन्हें आप रोज की भागदौड़ में अनदेखा कर देते हैं। इस दिन आप जिंदगी के छोटे-छोटे कामों में खुशियां खोजने का प्रयास करें। अपने किसी मित्र को भी अपने साथ चलने के लिए आमंत्रित करें। किसी पार्क में बैठकर प्रकृति के सुंदर नज़ारों को निहारें और प्रकृति का आंनद लीजिये जिससे तनाव कम होगा.विश्व सौंटरिंग दिवस वास्तव में यह उन दिनों में से एक है जो हमारे कामकाज और जीवन जीने के तरीके को बदल सकता है। सच तो यह है कि हम तेजी से विकसित हो रही तकनीकी रूप से विकसित दुनिया में रहते हैं, जिसमें हममें से कई लोग व्यस्त दुनिया में खो जाते हैं और अपनी मानसिक शांति को भूल जाते हैं।

दूसरी ओर, विश्व सौंटरिंग दिवस में हमें रुकने, दौड़ने, जिससे गहरी सांस लेने और जीवन का आनंद लेना, प्रकृति से सीखने के लिए कहता है.जब हमारा रोज़मर्रा का जीवन इतना व्यस्त हो जाता है, तो थोड़ा आराम करना आपकी ज़िम्मेदारी का हिस्सा है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह गहरी साँस लेना है, रोज़ाना टहलना है या ध्यान लगाना है। हर किसी को अपनी बैटरी को फिर से चार्ज करने के लिए पार्क में कुछ समय बिताना चाहिए.लोगों को अपने स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के बारे में सोचने का मौका देने के लिए हर साल 19 जून को वर्ल्ड सौंटरिंग डे मनाया जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### निर्जला एकादशी पर जगह-जगह लगी छबीलें



**अभिषेक, ऊना।** निर्जला एकादशी पर्व के अवसर पर ऊना जिले में विभिन्न जगहों पर ठंडे मीठे पानी की छबीलों का आयोजन किया गया। गांव मरोट, हटली, बंगाणा, सतरूखा, दमोहड, पिपलू आदि जगहों पर छबीलें लगाए गईं। पिपलू में बजरंग दल इकाई द्वार मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। बजरंग दल इकाई द्वारा स्थानीय लोगों और राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाया गया, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। इस मौके पर बजरंग दल इकाई के अध्यक्ष राज कुमार मनकोटिया सहित अन्य बजरंग दल कार्यकर्ता अक्षय ठाकुर, रिशु बन्याल, जनक, रितिक ठाकुर, मनीष ठाकुर, विनय, अमित ठाकुर, चेतन शर्मा, कृष ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, चंदन विशाल आदि युवा मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)





### ग्रामीणों ने सदियों पुरानी निभाई रस्म



**अभिषेक कुमार, ऊना।** उपमंडल बंगाणा के तहत निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर ग्राम मुच्छाली के ग्रामीणों द्वारा मीठे और ठंडे पानी की छबील लगाई गई। यह छबील सदियों से लगातार लगाई जा रही है जिसकी परंपरा ग्रामीण निभा रहे हैं। इस मौके पर अजीत कुमार, कुलदीप चंद, केवल शर्मा, राकेश कुमार, अमर चंद, नरेश कुमार, सुशील कुमार, मनोहर लाल, लखविंद्र कुमार, आशीष कुमार, हितेश कुमार, ओम प्रकाश, राकेश कुमार, उपप्रधान अजय कुमार, नमन विजय कुमार, प्रवीण कुमार, अमित कुमार, नायब तहसीलदार सतपाल शर्मा, विपिन कुमार, शांति स्वरूप, अशोक कुमार समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

वहीं, निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर बाबा बेदी जी किले के समीप मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से खामोश, साहिल अरोड़ा कोदू, अरुण कौशल, केशव, समीर समेत अन्य युवा मौजूद रहे। सैकड़ों लोगों ने छबील के शीतल जल का आनंद उठाया। (अनंत ज्ञान)



ऊना के बाबा बेदी परिसर में छबील में सेवा करते युवक।



मुबारिकपुर बाजार में ठंडे पानी की छबील में जल ग्रहण करते लोग।

### गगरेट में विभिन्न स्थानों पर लगी छबीलें



निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर ठंडा मीठा जल पिलाते हुए दुकानदार।

**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर गगरेट क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा और परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। निर्जला एकादशी के मद्देनजर मुबारिकपुर-तलवाडा मुख्य सड़क के किनारे गांव नकडोह में स्थानीय दुकानदारों द्वारा ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। मीठे जल के अलावा श्रद्धालुओं को हलवे का प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर दुकानदार जगदीश राम स्वामी, नरिंद्र कुमार, कश्मीर सिंह, नरेंद्र सिंह निंदी, नेत्र सिंह, राज कुमार, छिंदी, बलबीर सिंह, सुभाष कुमार, गुलशन कुमार आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### संघर्ष पूर्ण मुकाबले में चंबा ने किन्नौर को हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत चंबा का मुकाबला किन्नौर के साथ ऊना के इंदिरा स्टेडियम में आज खेला गया। चंबा की टीम ने पहले खेलते हुए 36.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 149 रन बनाए। चंबा के बल्लेबाज कषिका ठाकुर ने 52 रन बनाए और अपनी पारी में शानदार 9 चौके लगाए, टी बाला ने 38 रन बनाए और अपनी पारी में शानदार आठ चौके लगाए। किन्नौर की सुष्मिता कुमारी और साक्षी ने तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया। नताशा नेगी और वंशिका ठाकुर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। चंबा टीम के दो खिलाड़ी रन आउट हुए। किन्नौर की टीम ने अपनी इनिंग 40.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 145 रन बनाए। दीपाली नेगी ने 19 रन बनाए, पूजा नेगी ने 28 रन बनाए, साक्षी ने नाबाद 20 रन बनाए, वंशिका ठाकुर ने 18 रन बनाए। चंबा की टी बाला ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, टी ठाकुर ने 3 खिलाड़ियों को आउट किया। अक्षरा ने दो खिलाड़ियों का आउट किया। किन्नौर की टीम 145 रन पर ऑलआउट हो गई। चंबा की टीम ने किन्नौर की टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में चार रन से हराया। (अनंत ज्ञान)

### सोलन ने बिलासपुर को तीन रन से दी मात

**संजीव पुरी, ऊना।** संघर्ष पूर्ण मुकाबले में सोलन ने बिलासपुर को तीन रन से हराकर टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की है। महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत सोलन का यह मुकाबला बिलासपुर के साथ ऊना के पीसीसीए स्टेडियम संतोषगढ़ में खेला गया। सोलन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 10 विकेट खोकर 104 रन बनाए। अनविषा समरा ने 41, जबकि ईमानी नेगी ने 10 रन बनाए, बाकी और कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका। बिलासपुर की ललिता ने तीन, परीक्षा तिवारी और वंदना राणा ने दो-दो तथा ईशानी दास और शिवाली चंदेल ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। बिलासपुर के बल्लेबाजों में वंदना राणा ने 35 रन, जबकि ललिता ने 28 रन बनाए और अपनी पारी में 4 चौके लगाए। सोलन की ईमानी नेगी ने तीन, कृतिका ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया, नीता ने एक खिलाड़ी को आउट किया। वंदना ठाकुर ने 2 खिलाड़ी आऊट किया। बिलासपुर की टीम 33 ओवर में 101 रन पर ऑल आउट हो गई। संघर्ष पूर्ण मुकाबले में सोलन ने बिलासपुर को 3 रन से हराकर टूर्नामेंट में शानदार दूसरी जीत दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

# पक्ष–विपक्ष ने एक साथ दिया मंच पर भाईचारे का संदेश

## ‘मेले भाईचारे के प्रतीक’ कथन को सार्थक कर गए कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, पूर्व मंत्री कंवर को दिया सम्मान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

मेले हमारी संस्कृति और भाईचारे का प्रतीक होते हैं। इस वाक्य को कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा पिपलू मेले में सार्थक कर गए। हुआ यूं कि तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले के दूसरे दिन राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर नरसिंह नारायण मंदिर पिपलू में समर्थकों सहित माथा टेकने के बाद मंदिर परिसर से निकल कर वापस बंगाणा चलने लगे थे। सड़क पर जाम की स्थिति होने पर गाड़ी मंदिर गेट के पास खड़ी थी, तभी मंदिर परिसर से मेले के दूसरे दिन के मुख्यातिथि चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू को समर्थकों सहित लेकर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा काफिले में आ रहे थे।

जैसे ही विधायक विवेक शर्मा की नजर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर पर पड़ी, वैसे ही वह उनकी गाड़ी के पास पहुंचे और उनके साथ चलने का आग्रह किया। वहीं, सैकड़ों की संख्या में काफिले के नेता पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर से चलने का आग्रह करने लगे, तो आखिर में उन्होंने आग्रह को स्वीकार किया और साथ चल पड़े और पैदल मंच तक पहुंचे। मंच पर प्रशासन और खुद विधायक विवेक शर्मा ने पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को आदर सत्कार किया और मंच से सम्मानित किया। पिपलू मेले में सभी आए अतिथि और जनता ने कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के इस प्रयास पर उनकी तारीफों के पुल बांधना शुरू कर दिए।

इतिहास में भी यह पहली बार हुआ है कि जब पिपलू मेले में पक्ष–विपक्ष एक साथ मंच पर जनता को भाईचारे का संदेश दे रहा हो। आखिर तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले के असली फाउंडर तो पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ही हैं, जिनके अथक प्रयासों से पूर्व धूमल सरकार के समय 2008 में पिपलू मेले को तीन दिवसीय और जिला स्तरीय करवाया है। (अनंत ज्ञान)



कुटलैहड़ के पिपलू मेले में आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देती यह तस्वीर। सियासी मतभेदों को दूर रखकर पंडाल में एक साथ बैठकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाते कांग्रेस, भाजपा के नेता और कार्यकर्ता। (छाया : राजेश ठाकुर)

### विधायक और प्रशासन के आग्रह पर गया मंच तक : कंवर

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि मैं तो पिपलू मंदिर में माथा टेकने के बाद गाड़ी से वापस बंगाणा आ रहा था, लेकिन विधायक विवेक शर्मा द्वारा काफिले सहित मेरे पास आकर बार–बार आग्रह करने पर मुझे स्वीकार करना पड़ा और मैं मंच तक गया।

उन्होंने जो मुझे मान–सम्मान दिया है, उसका आभारी हूं। मेले वास्तव में भाईचारे का प्रतीक होते हैं और मेलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### मेलों में राजनीति का कोई मतलब नहीं : विवेक शर्मा

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति और भाईचारे का प्रतीक हैं और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर से हमने साथ चलने का आग्रह किया और उन्होंने स्वीकार किया। मंच पर कोई राजनीतिक भाषण नहीं हुआ। शर्मा ने कहा कि पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर वरिष्ठ नेता हैं और राजनीति से हटकर उनका मान-सम्मान करना हमारा दायित्व भी है। हमने अपनी संस्कृति और संस्कार निभाए हैं। इसमें कोई राजनीति नहीं की है।

## मेले के दूसरे दिन पिपलू मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**अभिषेक कुमार, ऊना**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के पिपलू गांव में जिला स्तरीय पिपलू मेले के दूसरे दिन निर्जला एकादशी उत्सव मनाया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू रहे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी वरिंद्र धर्माणी उपस्थित रहे। मेले के दूसरे दिन की अध्यक्षता कुटलैहड़ के नवनिर्वाचित विधायक विवेक शर्मा (विक्कू) ने की। सबसे पहले उन्होंने अपने अतिथियों का बैंड–बाजों और फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात स्थानीय विधायक द्वारा नरसिंह मंदिर में दर्शन करवाए गए। प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मुख्य अतिथि सुदर्शन सिंह बबलू द्वारा और स्थानीय विधायक द्वारा टमक बजाने की रसम को भी पूरा किया।

मुख्यातिथि सुदर्शन सिंह बबलू ने ऊना जिले के लोगों और प्रदेश के लोगों को पिपलू मेले की शुभकामनाएं दीं तथा उन्होंने स्थानीय विधायक कि उस सोच को भी सलाम किया कि जिला स्तरीय मेले को राज्य स्तरीय बनाने के लिए और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को आगे ले जाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

आज तीन दिवसीय मेले का मुख्य दिन होने तथा प्रशासन द्वारा ऊना जिले में अवकाश घोषित होने से सुबह से ही काफी संख्या में लोग मेले में पहुंचने शुरू हो गए थे। मेले में मीठे शरबत के अनेक स्टॉल लगाए गए हैं। वहीं, मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और अन्य खेलों की दुकानें लगाई गई है।

मेले में वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि मेले के दूसरे दिन अनुज शर्मा, ममता भारद्वाज, सौरभ शर्मा और स्थानीय कलाकारों सहित विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विजय डोगरा, कांग्रेस सचिव देशराज गौत्तम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, बीडीओ सुभाष अत्री, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार सहित विभिन्न विभागों से आए अधिकरी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास के लिए वचनबद्ध : विवेक

**स्थानीय** विधायक ने कहा कि वह कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास के लिए वचनबद्ध है। अपने विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जा रही नीतियों का भी समर्थन किया। उन्होंने महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया और कहा कि प्रदेश सरकार 10 गारंटियों को पूरा करने के लिए वचनबद्ध है।



चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन बबलू व कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा मेले के दौरान।

## पूर्व सीएम धूमल ने पिपलू मेले को दिया था जिला स्तरीय दर्जा : वीरेंद्र

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने निर्जला एकादशी पर नरसिंह नारायण मंदिर पिपलू में तीन दिवसीय जिला स्तरीय मेले के दूसरे दिन सैकड़ों समर्थको सहित मंदिर में पूजा–अर्चना की और आशीर्वाद लिया। स्थानीय प्रधान महिंद्र सिंह द्वारा पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर का भव्य स्वागत किया गया।

वहीं, वीरेंद्र कंवर ने कहा कि तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले को तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल द्वारा 2008 में जिला स्तरीय और तीन दिनों तक चलने की घोषणा और कैबिनेट में मंजूरी दी थी। कंवर ने कहा कि उस समय से पिपलू मेले को तीन दिनों तक धूमधाम से मनाया जाता है। संस्कृत विभाग द्वारा मेले में लोकल फोर बोकल और स्कूली बच्चों को मंच और बेहतर कलाकर बुलाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जाते हैं। मेले में पशु मंडी और खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर प्रकार की प्रतियोगिताएं भी करवाई जाती हैं। हर विभाग की प्रदर्शनियां लगाकर विभागों की जानकारियां दी जाती हैं।

कंवर ने कहा कि जयराम सरकार के समय हमने पिपलू मेला जब शुरू होता है, तो बारिश से बाध्य न हो, उसके लिए हम ने एक बड़ा हाल बनाने की घोषणा की थी, लेकिन राज्य में सरकार बदल गई, अब कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कांग्रेस विधायक बने हैं। हमने बीते वर्ष भी विधायक से उक्त हाल के निर्माण करवाने की बात की थी और आज फिर कांग्रेस विधायक से आग्रह करते हैं कि बड़े हॉल की डीपीआर तैयार हो चुकी है और घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू से बात करें और बड़े हाल का निर्माण करवाए। कंवर ने कहा मेले हमारी संस्कृति का प्रतीक हैं। पिपलू मेला ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर तीन जिलों को जोड़ता है, इसलिए मेलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि जिला स्तरीय पिपलू मेले को और कैसे सुदृढ़ किया जाए, विधायक इस पर मंथन करें, क्योंकि पिपलू मेले को और ज्यादा बढ़ावा देने की जरूरत है और जो अनिमितताएं रही हैं, उन्हें पूरा करें।

इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, मास्टर रमेश शर्मा, मदन राणा, राजेंद्र रिंकू,राज कुमार मनकोटिया, अजय ठाकुर, प्रकाश धीमान, सुनील शारदा, राकेश काला, मास्टर तारा चंद के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### मेले को राज्य स्तरीय करवाने का प्रयास करें विधायक

वीरेंद्र कंवर ने कहा कि पिपलू मेले को अब जिला स्तरीय से राज्य स्तरीय हो, ताकि तीन दिवसीय पिपलू मेले में जो अनिमितताएं रहती हैं, वे पूरी हों। कंवर ने कहा कि पूर्व सरकार के समय हमने प्रस्ताव रखा था, लेकिन कोविड होने की वजह से पिपलू मेले को राज्य स्तरीय दर्जा नहीं मिल पाया था। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा अब मुख्यमंत्री सुक्खू से बात करके पिपलू मेले को राज्य स्तरीय दर्जा दिलाएं।

## नाबालिग ने फंदा लगाकर दी जान

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** थाना टाहलीवाल के तहत गांव गोंदपुर जयचंद मे एक व्यक्ति ने फंदा लगा लिया है। सूचना पर पुलिस थाना टाहलीवाल मुलाजमान ने मौका पर जाकर हालात तसदीक किए तो पाया कि गोंदपुर जयचंद हरोली जिला ऊना में 16 साल के नाबालिग युवक ने फंदा लगा लिया है। सोमवार देर रात युवक घर से भोजन करने के बाद घूमने निकला था। मंगलवार को घर से करीब 500 मीटर दूर खेतों में युवक का शव आम के पेड़ के साथ लटका मिला। ग्रामीणों ने फंदे पर लटके युवक को पेड़ से उतारा और देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

## दस्त नियंत्रण पखवाड़ा एक जुलाई से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला ऊना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए दस्त रोको अभियान एक जुलाई से लेकर 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में होने वाले दस्त रोग व का बाल मृत्यु दर को नियंत्रण करना है।

## ऊना जिले में आज और कल बंद रहेंगे सभी स्कूल

- निर्धारित परीक्षाएं सुबह 7 से किए जाने का निर्देश
- परीक्षाओं दौरान सभी प्रबंध करने को कहा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भयंकर गर्मी के चलते ऊना जिले में सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 19 और 20 जून को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यह आदेश प्री–प्राइमरी और प्राइमरी पाठशालाओं के साथ–साथ सभी माध्यमिक, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के लिए भी लागू होंगे। जिला दंडाधिकारी महेंद्र पाल गुर्जर ने अत्यधिक गर्मी के चलते छात्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एहतियातन कदम उठाते हुए इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं।

महेंद्र पाल गुर्जर ने कहा कि गर्मी की भयंकरता से छात्रों के स्वास्थ्य सुरक्षा और किसी भी आपात स्थिति से बचाव के लिए एहतियाती उपाय के रूप में यह फैसला लिया गया है। इस दौरान स्कूलों को बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के लिए डिजिटल माध्यमों के उपयोग के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में यह कहा गया है कि जिन स्कूलों में 19 और 20 जून को परीक्षाएं निर्धारित हैं, वहां उनका आयोजन अनिवार्य रूप से सुबह 7 से 11 बजे के बीच किया जाए। स्कूलों को परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए पीने के पानी, परीक्षा हॉल में पंखे, कूलर या एयर कंडीशनिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

इसके अलावा विद्यालयों में प्राथमिक चिकित्सा किट और हीट स्ट्रोक के किसी मामले में तुरंत उपचार के लिए डॉक्टर या नर्स की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने को कहा गया है। विद्यालय स्टाफ और छात्रों को आपातकालीन प्रक्रियाओं की समुचित जानकारी देने के भी निर्देश दिए गए हैं। महेंद्र पाल गुर्जर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं।

## इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का ऊना से आज होगा आगाज

- मुख्यमंत्री हरोली के कांगड़ मैदान से करेंगे शुभारंभ

**राजेश शर्मा, ऊना**

राज्य सरकार की महिला कल्याण को समर्पित इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का ऊना जिले में 19 जून को विधिवत आगाज होने जा रहा है। इसके लिए ऊना के हरोली में भव्य समारोह आयोजित करने की तैयारी हो चुकी है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 19 जून को हरोली के कांगड़ मैदान से इस योजना का जिलाव्यापी शुभारंभ करेंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और सामाजिक न्याय–अधिकारिता एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल भी कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मिलित होंगे। अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि हरोली के कांगड़ मैदान में यह कार्यक्रम दोपहर बाद सवा बारह–एक बजे के बीच आरंभ होगा। इसमें मुख्यमंत्री योजना का शुभारंभ करने के साथ ही लाभार्थी महिलाओं को धनराशि वितरित करेंगे।

बता दें, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख–सम्मान निधि योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की पात्र महिलाओं को 1500–1500 रुपए मासिक प्रदान करने का प्रावधान है। कार्यक्रम में लाभार्थी महिलाओं को बीते 3 महीने की राशि एकमुश्त प्रदान करते हुए 4500–4500 रुपए दिए जाएंगे। योजना के पहले चरण में जिले की 7 हजार 280 महिलाओं को 3 करोड़ 27 लाख 60 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री 20 जून को पूर्वाह्न 11 बजे ऊना जिले के पेखूबेला में हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की 32 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना का शुभारंभ करेंगे।

वह 10 मेगावॉट की अघलोर सौर ऊर्जा परियोजना और 5 मेगावॉट की भंजाल सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर अन्य करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। पेखूबेला में मुख्यमंत्री का जनसभा संबोधन का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। (अनंत ज्ञान)

**अव्यवस्था** चिंतपूर्णी मंदिर प्रशासन के व्यवस्थाओं के दावे हो रहे खोखले

## प्रचंड गर्मी में नंगे पांव चलने को मजबूर श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, अंब**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक शक्ति पीठ चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मंदिर न्यास की तरफ से किए जा रहे दावे हर बार फेल होते नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि मंदिर प्रशासन के द्वारा मुख्य बाजार में तो श्रद्धालुओं को धूप न लगे, इसके लिए टेंट की सुविधा तो की गई है, लेकिन जब श्रद्धालु माथा टेक कर वापस लिफ्ट के पास से होकर आते हैं तो मुख्य बाजार तक जाने में कड़ी धूप में और तपती हुई सड़क पर नंगे पांव चलने पर मजबूर हो जाते हैं। मंदिर प्रशासन इसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

इन दिनों श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हुआ देखा जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी मंदिर प्रशासन को श्रद्धालुओं के सुविधाओं से कोई मतलब नहीं है। तपती धूप में सड़क गरम होने की स्थिति में स्थानीय दुकानदार थोड़ा बहुत पानी भरकर सड़क पर डालते हैं ताकि कुछ समय के लिए श्रद्धालुओं को राहत मिल सके। कुछ श्रद्धालु तो मंदिर न्यास के सुगम दर्शन प्रणाली के तहत दर्शन कर लेते हैं, लेकिन जो इस सुविधा का लाभ नहीं ले पाते, वे पहले या तो घंटों लाइन में लगकर मां के दरबार पहुंचते हैं। फिर वापस जब उनका सामना कड़ी धूप और तपती सड़क से होता है, तब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उन के दिल पर क्या गुजरती होगी।

मंदिर प्रशासन को चाहिए कि श्रद्धालुओं के सुविधाओं का ध्यान रखा जाए ताकि एक अच्छा संदेश हिमाचल से बाहर के आए श्रद्धालुओं को मिले और लिफ्ट से आगे भी श्रद्धालुओं को टीन के शेड या टेंट की सुविधा मिले ताकि श्रद्धालु इस तपती धूप और गरम सड़क से बच सके।



तपती धूप व गरम सड़क पर नंगे पांव गुजरते हुए श्रद्धालु व स्थानीय दुकानदारों द्वारा सड़क पर डाला गया पानी ताकि लोगों को नंगे पांव आने जाने में राहत मिल सके।



# कुल्लू के भगवान रघुनाथ के मंदिर में मनाया जलविहार पर्व

## वर्षभर रघुनाथ के सम्मान में मनाए जाने वाले 40 पर्वों में जल विहार भी एक पर्व, रघुनाथ की पूजा-अर्चना की

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू के अधिष्ठाता देवता भगवान रघुनाथ के सुल्तानपुर (रघुनाथपुर) स्थित देवालय में मंगलवार को जल विहार पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रघुनाथ जी की पूजा-अर्चना के अलावा दिनभर भजन-कीर्तन का दौर भी जारी रहा।

देवालय में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस दौरान मंदिर के समीप जलाशय में भगवान रघुनाथ की जल क्रीड़ा की झलक पाकर श्रद्धालुओं ने पुण्य कमाया। जल क्रीडा के दौरान पुरोहितों ने जलाशय का पवित्र जल श्रद्धालुओं पर भी छिड़का। इस मौके पर भगवान रघुनाथ के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। भगवान रघुनाथ के अलावा हनुमान शालीग्राम और नरसिंह भगवान सहित सभी मूर्तियों के स्नान के बाद श्रृंगार किया गया। खास यह रहा कि मणिकर्ण घाटी के देवता काली नाग भी विशेष रूप से मौजूद रहे। काली नाग कई सालों के बाद वशिष्ठ शाही स्नान के लिए निकले हैं। भगवान रघुनाथ लाव-लश्कर के साथ अपने देवालय से बाहर निकले। पवित्र कुंड जिसमें पानी भरा गया था, उसमें भगवान की पूजा-अर्चना की। इस नजारे को देखने के लिए काफी अधिक संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जल विहार उत्सव भगवान रघुनाथ मंदिर में देवविधि से मनाया जाता है। भगवान रघुनाथ के कारदार दानवेंद्र सिंह ने कहा कि काफी अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने जल विहार उत्सव में शिरकत कर देवता का आशीर्वाद लिया। सनद रहे कि वर्षभर मनाए जाने वाले रघुनाथ के 40 पर्व में से जल विहार भी एक पर्व है, इन 40 पर्व में से पांच पर्व ऐसे हैं, जिनमें रघुनाथ अपने मंदिर से बाहर आते हैं, जिनमें दशहरा, जल विहार, होली व गोर्वधन पूजा शामिल है अन्य उत्सवों में रघुनाथ की मंदिर में ही विशेष पूजा-अर्चना होती है। (अनंत ज्ञान)



भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में जल विहार पर्व के मौके पर परंपराओं का निर्वहन करते हुए।

### जय राम के उद्घोष से गूंजा रघुनाथपुर

मंगलवार को जल विहार के अवसर पर मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने रघुनाथ का आशीर्वाद लिया, जैसे ही भगवान रघुनाथ की पालकी जल क्रीडा के लिए जलाशय की ओर बढ़ी, तो रघुनाथपुर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। जल क्रीडा के बाद रघुनाथ वापस मंदिर लौटे। भगवान रघुनाथ के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि कुल्लू में इस पर्व को रघुनाथ की त्रेता युग कालीन मूर्ति के स्थापत्य काल से ही विधि विधान के अनुसार मनाया जा रहा है। यह उत्सव रघुनाथ की जल क्रीडा से जुड़ा है। भगवान के सभी उत्सवों का हर साल विधि-विधाननुसार निर्वहन किया जाता है।



# कुल्लू में अब मार्शल आर्ट की निगरानी में होगी पैराग्लाइडिंग

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिले में अब मार्शल आर्ट की निगरानी में जिले की पैराग्लाइडिंग साइट में पैराग्लाइडिंग होगी। सरकार के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने सैलानियों की सुरक्षा को देखते हुए मार्शल तैनात कर दिए हैं।

जिले में करीब 18 से 20 मार्शल तैनात किए जाने हैं, मगर अभी तक 12 तैनात किए गए हैं। जिला पर्यटन विभाग ने जिला एयरो स्पोर्ट्स क्लब की ओर से उन्हें नियुक्त किया है। पर्यटन विभाग ने सोलंगनाला, मढ़ी, डोभी, रासयन और पीज पैराग्लाइडिंग साइट में 12 मार्शलों की नियुक्ति कर दी है। इनकी निगरानी में अब पैराग्लाइडिंग होगी। मौसम पैराग्लाइडिंग के लिए उपयुक्त है या नहीं, शाम को कब बंद होगी पैराग्लाइडिंग, ग्लाइडर के उपकरणों के साथ पायलटों के लाइसेंस की भी चैकिंग समय-समय पर मार्शल करेंगे। वहीं, जिला मुख्यालय ढालपुर के साथ सटी पीज की पहाड़ी से भी मार्शलों की तैनाती के बाद पैराग्लाइडिंग की गतिविधियां फिर से शुरू हो गई हैं। इस साइट को जिला पर्यटन विभाग ने नियमों का पालन न करने पर बंद कर दिया था। साथ ही अंधेरे में पैराग्लाइडिंग करवाने पर 10,000 रुपए का जुर्माना और पायलट का लाइसेंस एक सप्ताह के लिए सस्पेंड कर दिया था। साइटों में नियमों की अनदेखी न हो, इसके लिए सरकार ने सभी साइटों पर मार्शल की तैनाती करने के आदेश दिए थे। जिला पर्यटन अधिकारी ने इसकी प्रक्रिया को पूरा कर 12 मार्शल तैनात कर दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### हादसों को रोकने के लिए मार्शल तैनात

पैराग्लाइडिंग साइटों में हादसों को रोकने तथा नियमों का पालन करवाने के लिए मार्शल तैनात कर दिए हैं। अब सभी पैराग्लाइडिंग साइटों पर मार्शलों की निगरानी में पैराग्लाइडिंग करवाई जाएगी।

**सुनैना शर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी, कुल्लू।**

# 16 स्टॉलों में किसानी से जुड़े उपकरणों की लगी प्रदर्शनी



जर्मन कॉर्पोरेशन के सहयोग से आयोजित किसान तकनीकी मेले में भाग लेते किसान।

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू फलोत्पादक मंडल माहिली के प्रांगण में मंगलवार को किसान तकनीकी मेला का अयोजन जर्मन कॉर्पोरेशन के सहयोग से लगाया गया। विदेश से आए कृषि विशेषज्ञों ने यहां किसानों को नेचुरल फार्मिंग व बागवानी से संबंधित तकनीक सिखाई गई।

मंडल के प्रांगण में 16 स्टालों में किसानी से जुड़े उपकरण की प्रदर्शन लगी, वहीं स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही व किसानों को खेती की कई नई तकनीक द्वारा कृषि संबंधित उपकरण प्रदर्शित किए गए। प्रर्दशनी में शहद, नींबू, ऑर्गेनिक जूस, कई प्रकार के आचार, हाईड्रोपोनिक सोलर सिस्टम, मल्टी फूड प्रोसेसिंग मशीन, ग्रेडिंग मशीन दर्शाई गई, जिसमें यहां आए किसानों को यह नई तकनीक मशीनें बहुत पसंद आई, वहीं कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान महेंद्र उपाध्याय ने कहा कि किसान तकनीकी मेले में प्रदर्शनी में लगे हर प्रकार के उपकरण किसानों के लिए उपयोगी रहेंगे। जिससे किसानों का समय घटेगा व आर्थिकी बढ़ेगी उन्होंने सरकार से आग्रह किया की इस तरह के किसानों से संबंधित मेले लगाय जाए जिससे किसान हर तकनीक की जानकारी रख सके। (अनंत ज्ञान)


# बाढ़ पीड़ित इलाकों को ब्यास नदी की ड्रेजिंग कर बचाया जाए

## आलू ग्राउंड, 18 मील, 15 मील, पतलीकूहल, रायसन और बबेली के बीच ड्रेजिंग न होने से बना हुआ है खतरा

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जैसे-जैसे मानसून नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे ब्यास नदी के तट पर रहने वाले स्थानीय लोगों की धुकधुकी बढ़ती जा रही है।

लोग अपने-अपने इलाके को बचाने के लिए रायसन और माहिली के लोग इस संदर्भ में मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़ से उन के निवास पर मिले और उनको समस्या से अवगत करवाया कि बाढ़ पीड़ित इलाकों को इस वर्ष बरसात से पहले ब्यास नदी को ड्रेजिंग कर बचाया जाए। इन लोगों की माने, तो इनका कहना है कि कई जगह ब्यास नदी की ड्रेजिंग कर साथ में कंक्रीट दीवार भी लगाई गई है और ऊंची-ऊंची क्रेटवाल भी लगाई गई हैं। मगर मनाली और कुल्लू के बीच आलू ग्राउंड, 18 मील, 15 मील, पतलीकूहल, रायसन (चंडीगढ़), रायसन विहाल, बबेली ऐसी बस्तियां हैं, जहां आज भी ब्यास का जलस्तर बढ़ने से खतरा बना हुआ है और सैकड़ों घरों के उजड़ने का डर है। माहिली पुल के मदन, सुरेंद्र, अजय, शोतू फौजी ने बताया कि ब्यास नदी में ड्रेजिंग का कार्य गलत होने से ब्यास नदी का रुख माहिली बस्ती की ओर हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि हम कई बार इस बारे स्थानीय विधायक से मिल चुके हैं, मगर हमें आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। आलू ग्राउंड से रोहित, वीनू ने बताया कि हम विधायक को कई बार अवगत करवा चुके हैं कि ड्रेजिंग का कार्य ठीक नहीं हो रहा है और सारा मलवा बाहर ले जाया जा रहा है। अब हम थक हार कर ऊपर वाले पर ही भरोसा कर रहे हैं। रायसन (चंडीगढ़) सब से डेंजर जोन बना हुआ है, जहां ब्यास का 75 प्रतिशत पानी बस्ती की ओर मुड़ा हुआ है। जहां सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। उधर, रायसन से मनोहरी, ओम, बबलू ने बताया कि हम 5-6 बार स्थानीय विधायक से व प्रशासन से रायसन (चंडीगढ़) में सुरक्षा दीवार व क्रेटवाल के लिए आग्रह कर चुके हैं। यहां आरसीसी की दीवार का कार्य हो रहा था, मगर ठेकेदार अधूरा कार्य छोड़ कर चला गया है। बबेली से पूर्व जिला परिषद सदस्य व महिला आयोग की पूर्व सदस्य मंजरी नेगी ने बताया कि बबेली के पास बाढ़ से हाईवे की सड़क धस चुकी है। रायसन पंचायत प्रधान कर्म चंद ठाकुर ने लोगों के आग्रह पार विधायक से बात की, तो विधायक ने बताया कि सरकार ने ड्रेजिंग का कार्य बंद कर दिया है और अब अगामी आदेश के बाद कार्य शुरू किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



ब्यास नदी के वो हिस्से जहां ड्रेजिंग की सख्त आवश्यकता।

# मिशन अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमारन देंगे सेवाएं

**कमलेश वर्मा, मनाली।** घाटी के लोगों को अब बच्चों का इलाज करवाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। मिशन अस्पताल प्रबंधन ने बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती कर दी है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमारन ने अपनी सेवाएं देना शुरू कर दी हैं। डॉ. कुमारन एम्स पटना से प्रशिक्षित हैं और बाल चिकित्सा में स्नातकोत्तर हैं। उनके पास नवजात शिशुओं और बच्चों के इलाज का अनुभव है और वे उच्च स्तर की देखभाल करते हैं।



मिशन अस्पताल मनाली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. फिलिप ने बताया कि अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती कर दी है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमारन अस्पताल में हर दिन अपनी सेवाएं देंगे और आपात स्थिति के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। अस्पताल की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. क्रिस्टीना ने बताया कि मनाली वासियों को बेहतरीन स्वास्थय सुविधाएं मुहैया करवाने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों की सुविधा के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से समय-समय पर चिकित्सा कैंप भी आयोजित किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# जंगल की आग से सेब के पेड़ स्वाह

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

जिला कुल्लू के उपमंडल आनी क्षेत्र भी इन दिनों भयंकर सूखे के दौर से गुजर रहा है, जिससे हर तरफ त्राही माम, त्राही माम मचा है। काफी लंबे अरसे से बारिश न होने के कारण तापमान में जहां भारी उछाल आ गया है, वहीं दूसरी ओर जंगल की आग ने हर तरफ कोहराम मचा कर वन संपदा को नष्ट कर डाला है।

इसी आग की चपेट में कई स्थानों पर नकदी फसल सेब के पौधों को भी भारी क्षति पहुंच रही है, जिससे बागवानों की वर्ष भर की मेहनत पर पानी फिर गया है। क्षेत्र की डिंगीधार पंचायत के ढैर गांव में जंगल में लगी आग से सेब के करीब 1200 से 1500 पेड़ आग की भेंट चढ़ गए, जिससे ग्रामीणों को लाखों का नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण विद्या सागर, चांद वर्मा, केहर सिंह, मोती सागर, साधू राम, मेहर सिंह, इंद्र कुमार, अनूप राम, देवी सिंह, लाल चंद, परमजीत, राकेश तथा नरेश आदि का कहना है कि ढैर गांव के साथ लगते जंगल में अचानक भयानक आग लगी गई।



आग की ऊंचीं लपटें बहुत दूर तक जा रही थीं, जिस कारण ग्रामीणों के सेब के हजारों पेड़ इसकी चपेट में आने से जलकर नष्ट हो गए। जंगल में लगी आग की खबर जैसे ही ग्रामीणों तक पंहुची, तो उन्होंने आग को बुझाने का भरसक प्रयास किया। मगर आगी की लफ्टों के आगे उनके सारे प्रयास विफल साबित हुए। ग्रामीणों ने इस आगजनी से हुई क्षति को लेकर सरकार व प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग उठाई है। (अनंत ज्ञान)

# बंजार के रूटों पर चल रहीं खटारा बसों को बदलें : शौरी

**शीला कौल, बंजार**

ग्रामीण क्षेत्रों में हिमाचल पथ परिवहन निगम यातायात का प्रमुख साधन उपलब्ध करवाता है।

सरकारी बसों की सवारी ग्रामीण क्षेत्रों की भरोसेमंद व पसंदीदा सवारी रही है। बंजार क्षेत्र में तपती गर्मी, ट्रैफिक, खस्ताहाल सड़कों व जलसंकट जैसी समस्याओं से जनता दो-चार होने को मजबूर है। इसके लिए आए दिन ही हिमाचल पथ परिवहन की बसों में खराबी की खबरें सामने आ रही हैं। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने सरकारी बसों की खस्ताहालत पर चिंता जताते हुए कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह से बसों में खराबी की शिकायतें सामने आ रही हैं। बीते कल ही चनौन रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस की ब्रेक फेल होने से कई जिंदगियों पर जान की बन आई थी। इसके अलावा कुछ दिन पूर्व छेत के समीप सरकारी बस में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना भी सामने आई थी। बसों में खराबी से रूट पर बस सेवा बंद हो जाना आम बात हो चली है। (अनंत ज्ञान)



# सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में की चर्चा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू इकाई की मासिक बैठक शाडाबाई (भुंतर) में ई. प्रवेश ठाकुर, प्रधान पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में काफी संख्या में एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया तथा इस अवसर पर लंबे समय से लंबित पड़े सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में चर्चा की गई।

इस अवसर पर प्रधान ने आश्वासन दिया कि हिमाचल राज्य बिजली बोर्ड प्रबंधन वर्ग के साथ जब भी केंद्रीय कार्यकारिणी की वार्ता होगी, उसमें सभी मुद्दों को लेकर समयबद्ध तरीके से चर्चा की जाएगी। इस बार केंद्रीय कार्यकारिणी का सम्मेलन चंबा में आयोजित किया जा रहा है, जो सदस्य उस सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं वे अपना नाम निहाल सिंह नेगी, महासचिव के पास दर्ज करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# रमेश बने एसएमसी पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय आनी के अध्यक्ष

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

पीएम श्री उत्कृष्ट राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में जिला उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा जिला कुल्लू अमर चंद चौहान की अध्यक्षता में सत्र 2024 -27 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। चवाई क्षेत्र से संबंध रखने वाले रमेश का निर्वाचन सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए किया गया। आमसभा में 350 से भी अधिक अभिभावकों ने भाग लिया।



कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से 20 सदस्यों का निर्वाचन किया गया। आमसभा का संचालन एसएमसी प्रभारी अध्यापक गोविंद ने किया। उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा अमर चंद चौहान ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया तथा पाठशाला के विकास में सहयोग के लिए धन्यवाद किया। पाठशाला के अध्यापकों प्रवक्ता डोला राम शर्मा, कुंदन शर्मा ने ज्वलंत विषयों नशे की समस्या विद्यार्थियों की अनुपस्थिति, करियर गाइडेंस के उपयोग आदि विषयों पर अभिभावकों से संवाद किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश कुमार, झाबे राम आदि ने पाठशाला की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए सरकार से पाठशाला में प्रवक्ता भौतिक विज्ञान के पद को शीघ्र भरने की मांग की।

# कुल्लू में गठित 1160 युवा मंडल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर परिवारजनों के साथ करें योग

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

अमूल्य जीवन को संतुलित एवं स्वस्थ रखने के लिए योग सभी प्राणियों के लिए अत्यंत प्रासंगिक है।

यह उदगार डॉ. लाल सिंह, उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र कुल्लू ने महिला कल्याण मंडल भवन के सभागार में प्रशिक्षु से वार्तालाप करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय सरकार द्वारा संपूर्ण राष्ट्र में आयुष मंत्रालय की ओर से बनाई गई योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत युवा संस्थाओं, राष्ट्रीय सेवा योजना वालंटियर्स, नेहरू युवा केंद्र वालंटियर्स, राष्ट्रीय कैडेट कोर, स्काउट एंड गाइड्स, रेंजर्स एंड रोवर्स के प्रतिनिधियों व उनके परिवारों के साथ पतंजलि, आर्ट ऑफ लिविंग, प्रादेशिक सरकारों के आयुष विभागों के गुणवान व प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स की ओर से आगामी 21 जून को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगिक करियों में सहभागी बनेगी।

इस क्रम में उन्होंने कुल्लू में गठित 1160 युवा मंडलों से आग्रह किया कि वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होकर स्वस्थ समाज व स्वस्थ राष्ट्र की अवधारणा को अग्रसारित करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। नेहरू युवा केंद्र के सहयाग में टीम सहभागिता के 274 वालंटियर्स तथा अनेक सामाजिक संस्थाएं भागीदारी सुनिश्चित करेंगी, ताकि युवा संकीलित व संयमित जीवन जीने कि कला को सामाजिक मूल्यों के रूप में आत्मसात कर सके। (अनंत ज्ञान)



महिला कल्याण मंडल भवन के सभागार में प्रशिक्षुओं के साथ नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक।

**पत्रकार वार्ता** पर्यटन पर भारी पड़ा ट्रैफिक जाम, केंद्र सरकार की योजनाओं का श्रेय ले रही हिमाचल सरकार

# सुक्खू सरकार ने की कुल्लू-मनाली की अनदेखी: गोविंद

**कमलेश वर्मा, मनाली**

पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि इस पर्यटन सीजन में सुखविंद्र सरकार ने कुल्लू-मनाली कि अनदेखी की है। ट्रैफिक जाम पर्यटन कारोबार पर भारी पड़ा है।

मंगलवार को उन्होंने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि पर्यटकों को इस बार भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ से हुए नुकसान का एनएचएआई ने अपना कार्य कर लिया है। वामतट मार्ग को दुरुस्त करने के लिए राज्य सरकार को लगभग 10 करोड़ दिए गए, लेकिन सड़क की हालत नहीं सुधरी। पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह आरोप लगाते रहते है कि केंद्र से मदद नहीं मिली, लेकिन केंद्र कि योजनाओं का श्रेय लेने का प्रयास करने से पीछे नहीं हटते। जिया मणिकर्ण सड़क को केंद्र से 30 करोड़ मंजूर हुआ है। उसी से इस सड़क की मरम्मत की जा रही है। लाखों की संख्या में पर्यटक मनाली आ रहे हैं, लेकिन जाम में फंस रहे हैं। जितनी मनाली में पुलिस जवानों कि आवश्यकता है, उतने जवान नहीं मिले। इस वजह से जाम की समस्या का समाधान करना मुश्किल हो गया है। कानून व्यवस्था बिगड़ गई है। आए दिन मनाली में झगड़े हो रहे हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई की बजाय समझौता करवाने में लगी हुई है। मनाली के युवा नशे की दलदल में फंस रहे हैं। कुल्लू-मनाली में नशा माफिया सक्रिय हुआ है। नशेड़ी आक्रमक होकर मारपीट पर उतारु हो रहे हैं। प्रदेश में पानी का गंभीर संकट गहराया हुआ है, लेकिन सरकार खामोश है। कमजोर सरकार के कारण जनता परेशान है। अधिकारियों को बातों को टालने की आदत पड़ गई है। सरकार को इन विषयों पर चिंतन करने की जरूरत है। मनाली में अव्यवस्था का आलम है। लोग व पर्यटक दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर मनाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए।



## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर में लगाई मीठे पानी की छबील

**एसपी जैरथ, नाहन।** पिछले कई दिनों से सिरमौर जिले के अधिकांश मैदानी क्षेत्रों में अधिक गर्मी पड़ रही है। इस गर्मी में राहत देने के उद्देश्य से कई सामाजिक संस्थाएं जगह-जगह पानी की छबीलें लगाकर लोगों को मीठा जल पिला रही हैं। इसी कड़ी में निर्जला एकादशी के दिन नाहन के ऐतिहासिक शिव मंदिर में छबील का आयोजन किया, जिससे राहगीरों, बसों में लोगों को जल पिलाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### ददाहू बस स्टैंड पर लगाई मीठे पानी की छबील



**जोशी, रेणुका जी।** निर्जला एकादशी के पुण्य पर्व पर ददाहू बस स्टैंड पर नवयुवकों ने मीठे पानी की छबील लगाई। यह छबील रजत चावला व अन्य नवयुवकों ने लगाई। उन्होंने पहली मर्तबा निर्जला एकादशी पर मीठे शरबत की छबील लगाई। छबील में हजारों लोगों ने मीठा पानी पीया। (अनंत ज्ञान)

### लोगों को मीठा पानी पिला कमाया पुण्य

**रघुवंशी, अर्की।** नेहरू युवा क्लब भूमति ने गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शिवालय चौक घाटरू में छबील का आयोजन किया। इस छबील में ठंडा जल वितरित किया गया, जिससे राहगीरों को काफी राहत मिली। इस अवसर पर युवक मंडल भूमति के सदस्य नवनीत शर्मा, जयंत शर्मा, कुणाल शर्मा, अजय शर्मा, अकूल शर्मा, गीतेश, विवेक, उत्कर्ष और अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर राहगीरों को ठंडा जल पिलाने का नेक कार्य किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। भूमति पंचायत के प्रधान योगेश गौतम ने इस पहल की सराहना की और कहा, इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। (अनंत ज्ञान)

### निर्जला एकादशी पर लगाई मीठे पानी की छबील



**रघुवंशी, अर्की।** नगर पंचायत अर्की के वार्ड नंबर-सात शील पुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्जला एकादशी के अवसर पर मीठे जल की छबील लगाई गई। समाजसेवी नवीन गुप्ता ने बताया कि विगत तीन दशकों से अधिक के समय से प्रत्येक निर्जला एकादशी की स्थानीय लोगों के सहयोग से छबील का आयोजन किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### धुंदन स्कूल में लगाई मीठे पानी की छबील



**आशीष, दाड़लाघाट।** नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन में निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में मीठे पानी की छबील लगाई गई। इसमें एनएसएस वॉलंटियर्स और एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। प्रधानाचार्य भीमा वर्मा ने सभी को निर्जला एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व बीडीसी उपाध्यक्ष व वर्तमान बीडीसी सदस्य मनोहर लाल ठाकुर सहित विद्यालय के सभी अध्यापक वर्ग शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### विभिन्न वस्तुओं के लिए दरें अधिसूचित

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मनमोहन शर्मा ने कहा कि 51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के दृष्टिगत चुनाव प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाली विभिन्न वस्तुएं जैसे कुर्सियां, लाउड स्पीकर, होर्डिंग, पोस्टर आदि की दरों से संबंधित चार्ट की अधिसूचना जारी कर दी गई है। सभी राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों से आग्रह है कि इन दरों के अनुरूप ही संबंधित वस्तुओं का उपयोग कर इसका ब्यौरा चुनावी व्यय रजिस्टर में दर्ज करना सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

### विजय लक्ष्मी का आकस्मिक निधन

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जनपद के गिरिपार क्षेत्र के आंजभोज के बनौर गांव में प्रसिद्ध समाजसेवी और कांग्रेस के जोन प्रभारी, हिरदाराम चौहान की पुत्रवधू विजय लक्ष्मी का सोमवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया, जिससे समूचे इलाके में शोक की लहर है। करीब पांच साल पहले दिवंगत विजयलक्ष्मी राजेश चौहान से प्रणय सूत्र में बंधी थी। वो शिक्षा विभाग में आईटी टीचर के तौर पर सेवारत थी। दिवंगत विजय लक्ष्मी अपने पीछे एक मासूम बेटी भी छोड़ गई है। शिक्षक के निधन से समूचे शिक्षा जगत में शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि ब्रेन हेमरेज की शिकायत पर नाहन मेडिकल कॉलेज लाया जा रहा था। इसी दौरान उनका निधन हो गया। (अनंत ज्ञान)

### ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को जांचा



**आर मोहन चौहान, सोलन।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के दृष्टिगत ईलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) तथा वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की प्रथम स्तरीय जांच अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव की अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय भारतीय कांग्रेस की संधीरा दुल्टा तथा शिवदत्त ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी से चंद्रकांत शर्मा सहित तहसीलदार निर्वाचन ऊषा चौहान, नायब तहसीलदार दीवान सिंह ठाकुर उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# एक लाख लोग प्यासे, सप्ताह में एक दिन मिल रहा पानी

## मांग अनुसार पानी नहीं मिलने से लोगों में मचा हाहाकार, धनीराम शांडिल की कार्यप्रणाली को लेकर उठने लगे सवाल


**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन और जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली के चलते लोगों में हाहाकार मची है। हालात इतने खराब है कि लोगों को छह से सात दिन बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

इससे लोगों में दोनों विभाग के खिलाफ रोष है। उपभोक्ताओं की शिकायतों से तंग आकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने फोन उठाना बंद कर दिए हैं। ऐसे में शहर की करीब एक लाख आबादी की प्यास बुझाने में पसीने छूट रहे हैं, वहीं लोग अब स्थानीय विधायक कर्नल धनीराम शांडिल की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। तर्क दिया जा रहा है कि जब विधायक मेयर चुनाव में अपना वोट डाल सकते हैं, तो उन्हें भी जनप्रतिनिधि होने के नाते नगर निगम और जल शक्ति विभाग की जवाबदेही तय करनी चाहिए। बता दें कि शांडिल के मार्गदर्शन में कांग्रेस ने निगम चुनाव में लोगों को सस्ता पानी देने का वादा किया था। लोगों को सस्ता पानी तो दूर पीने योग्य पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### बढ़ रही समस्या

गर्मियां शुरू होते ही सोलन शहर में दिनों-दिन पेयजल संकट गहराने लगा है। नगर निगम की माने तो शूलिनी मेले की जरूरत को देखते हुए अभी से पानी की स्टोरेज की जा रही है। ऐसे में स्थानीय लोगों को अभी से पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर की प्यास बुझाने वाले गिरि पेयजल योजना का पानी इन दिनों कुमारहट्टी और धर्मपुर भेजा जा रहा है। ऐसे में शहरवासियों को मांग अनुसार पानी नहीं मिलने से लोगों में पानी के लिए हाहाकार मची है।



सोलन के फॉरेस्ट रोड में बना निगम का वाटर टैंक।

### शहरवासियों की प्यास बुझाना मुश्किल

जानकारी के मुताबिक जल शक्ति विभाग की गिरि और अश्विनी उठाऊ पेयजल योजनाओं से मांग अनुसार पानी नहीं मिलने से नगर निगम सोलन को शहरवासियों की प्यास बुझाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में पानी की राशनिंग की जा रही है। हालात ऐसे हैं कि शहर के वार्ड क्षेत्रों में सप्ताह में एक दिन पानी की आपूर्ति जा रही है। इससे उपभोक्ताओं की मांग पूरी करना मुश्किल हो चुका है। लोगों को वाटर टैंकर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। शहर के वार्ड -14 की हाउसिंग कॉलोनी में भी ऐसे ही हालात हैं। कॉलोनी में लोगों को 6 से 7 दिन बाद पानी मिल रहा है। इससे लोगों में नगर निगम और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ रोष पनप रहा है। आरोप है कि सप्ताह में एक दिन पानी की सप्लाई के बावजूद गुजारा नहीं हो रहा है। प्रेशर नहीं होने से टंकियों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इतना ही नहीं लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में नियम के मुताबिक पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है। नियम के मुताबिक सबसे पहले कॉलोनी के निचले हिस्से में पानी दिया जाना चाहिए, जबकि हो उल्टा रहा है। ऐसे में कार्यप्रणाली पर सवाल उठना लाजमी है।

### दूरवर्ती क्षेत्रों में नहीं पहुंचता प्रेशर

मुख्य टैंकों में पानी की मात्रा कम होने की स्थिति में शहर के दूरवर्ती क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पाता। इसके चलते लोगों की घरों में लगी टैंकियों में पानी नहीं पहुंच पाता। सलोगड़ा, खुंडीधार, चंबाघाट, हाउसिंग कॉलोनी, कथेड़ और शामति क्षेत्रों में यह समस्या अधिक है। प्रेशर की कमी के चलते लोगों को मांग अनुसार पानी नहीं मिलता, जिससे लोग वाटर टैंकर का पानी खरीदने को मजबूर हैं।

**14 करोड़ रुपए किए थे खर्च**

भाजपा जिला प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता का आरोप है कि 15 साल से सोलन का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल पानी की समस्या को लेकर मूक दर्शक बने बैठे हैं, जबकि भाजपा की सरकार में पेयजल योजनाओं के विस्तारित करने में लगभग 14 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, लेकिन कांग्रेस के नेताओं के निकम्मेपन से इन योजनाओं को ग्रहण लग चुका है। उनका कहना है कि मुफ्त में पानी देने वाले सुक्खू सरकार के नुमाइंदे महंगे-महंगे बिल तो दे रहे हैं, लेकिन पीने योग्य पानी देने की स्थिति में भी नहीं हैं।



# आईटीआई सोलन में होगा जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : मनमोहन शर्मा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

इस वर्ष जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सोलन स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया जाएगा।

यह आयोजन 21 जून को होगा। यह जानकारी उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिला और उपमंडल स्तर पर मनाया जा रहा है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' रखा गया है। 21 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में प्रातः सात से प्रातः आठ बजे तक विभिन्न योगिक क्रियाएं एवं व्यायाम कर सभी को स्वस्थ रहने का मंत्र प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि जिलावासियों को योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया जाए। योग दिवस के सफल आयोजन के संबंध में आयुष विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर उचित दिशा-निर्देश जारी किए। आयुष विभाग द्वारा 21 को जिले के लगभग 80 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुर्वेदिक अस्पताल सोलन व नालागढ़ में योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी आयुर्वेदिक फार्मेसियों में भी योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। मनमोहन शर्मा ने आमजन से आग्रह किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में योग गतिविधियों में भाग लें। जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीन शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पुलिस उपअधीक्षक सोलन अनिल धौल्टा, डॉ. मंजेश शर्मा, डॉ. अनिता शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



योग दिवस को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।

# मित्रों की सरकार ने प्रदेश की बिगाड़ी कानून व्यवस्था : सेजल

**आर मोहन चौहान, सोलन**



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सेजल ने कहा कि हिमाचल की मित्रों की सरकार में शांतिप्रिय प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगाड़ दी है। हिमाचल में कानून व्यवस्था बिगड़ने से प्रदेश जी जनता में भय का वातावरण साफ दिखाई दे रहा है।

हिमाचल में सोलन जिले के औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला के भटोलीकला में यूनिकेम चौक के पास खेत में एक प्रवासी युवक का शव खून से सना मिला। कांग्रेस की सरकार में आए दिन बड़ी संख्या में हत्याओं के मामले सामने आ रहे हैं। यह हिमाचल की कानून व्यवस्था पर प्रहार है। इस घटना में युवक का शव मिलने की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई, भय का वातावरण खड़ा हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक यूपी के बांदा जिले का रहने वाला था। खेत में पड़ा मिला युवक का शव, जानकारी अनुसार बरोटीवाला के भटोलीकला में यूपी के बांदा जिले का राजानाती अपने भाई कमलेश के साथ रहता था। बीते दिन जब राजधानी से ड्यूटी से कमरे पर लौटा तो उसने अपने भाई कमलेश को नहीं देखा, जिसके बाद उसने कमलेश को ढूंढना शुरू किया। इस दौरान उसने देखा कि उसका भाई पास के खेत में पड़ा है, जब उसके पास जाकर देखा तो उसका भाई कमलेश खून से लथपथ पड़ा हुआ था, जिसके बाद लोगों की मदद से उसने बरोटीवाला थाने को सूचना दी। मृतक कमलेश के मुंह के अंदर एक लकड़ी का डंडा गले तक डाला हुआ है, वहीं मृतक के सिर और मुंह पर पत्थर से मारने के निशान मिले। यह घटना एक दर्दनाक घटना है, जिससे हिमाचल की देवभूमि शर्मसार हुई है। (अनंत ज्ञान)

# नाहन के 24 वर्षीय दिव्यांश बिश्नोई की अहमदाबाद में मौत

**एसपी जैरथ, नाहन।** शिक्षा विभाग में तैनात अधीक्षक ग्रेड वन आकाश बिश्नोई विज्ञान अध्यापिका शालू परमार के 23 वर्षीय बेटे का अहमदाबाद में निधन हो गया। इस दुखद समाचार से पूरे शहर में शोक की लहर है।

जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय दिव्यांश की हाल ही में बेंगलुरु में एक कंपनी में जॉब लगी थी। बताया जा रहा है कि आज सुबह सोमवार को दिव्यांश को साइलेंट अटैक पड़ा था, जिसके चलते उनकी दुखद मौत हो गई है। दिव्यांश की असमय मृत्यु पर सिरमौर गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ ने भी गहरा दुख प्रकट किया है। जिला अध्यक्ष गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ जिला सिरमौर नरेश बत्रा तमौर समस्त कार्यकारिणी ने कहा कि दुख की घड़ी में समस्त गैर शिक्षक कर्मचारी शोककुल परिवार के साथ खड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

# पेयजल और पपीते का किया वितरण

**रघुवंशी, अर्की।** अर्की उपमंडल के पुराना बस स्टैंड पर स्थानीय व्यापारियों ने निर्जला एकादशी के अवसर पर पेयजल एवं पपीता, तरबूज, खरबूजों का वितरण किया। स्थानीय समाजसेवी व अधिवक्ता भीम सिंह ठाकुर ने बताया कि पूरे प्रदेश में गर्मी के चलते हाहाकर मचा हुआ है।

लोग गर्मी से त्रस्त हैं। इसलिए सभी ने संयुक्त सहयोग से यह छबील लगाई है। इस छबील के माध्यम से बसों, कारों या पैदल चलने वाले लोगों के शरीर में पानी की कमी न होने देने का संदेश भी दे रहे हैं। कभी भी कोई भी उत्सव होता है, तो स्थानीय व्यापारी व अन्य लोग मिलकर उस उत्सव को कामयाबी बनाने में भरपूर सहयोग करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# शिलाई में नहीं पार्किंग, जाम बना आम

**हेमराज राणा, पांवटा साहिब**

वर्तमान में जिस प्रकार सिरमौर के शिलाई विधानसभा के मुख्य बाजार में आए दिन गाड़ियों का जाम और बढ़ती ट्रैफिक की समस्या ने स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए समस्या उत्पन्न कर दी है।

इसको लेकर अगर शिलाई प्रशासन और प्रदेश सरकार इस विषय पर अपना ध्यान दे और सकारात्मक कदम उठाए, तो लोगों को पार्किंग की समस्या से निजात मिल जाती। शिलाई बाजार की खूबसूरती को और चार चांद लग सकते हैं, अगर स्थानीय विधायक हर्षवर्धन चौहान भी इस समस्या की ओर विशेष ध्यान देते। शिलाई में ट्रैफिक का यह हाल पांवटा रोड से नया रोड, रोहनाट रोड तक जगह-जगह है। लोग सड़क किनारे मजबूरी में गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं, जहां पर उन्हें चालान की भरपाई भी करनी पड़ती है।



शिलाई में लगी वाहनों की कतारें।

वर्तमान में अब कोई भी परिवार ऐसा नहीं है, जिस घर में गाड़ी न हो तथा जिन्हें अपने निजी कार्य एवं सार्वजनिक कार्यों से विभिन्न गांवों से शिलाई की और हर दिन आना-जाना लगा रहता है, तो ऐसे में शिलाई में पार्किंग न होने से लोगों को खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय पर अनेक बार स्थानीय व्यापार मंडल, स्थानीय युवाओं एवं सामाजिक संस्थाओं के संगठनों ने भी मांग एवं निवेदन किया है, परंतु अभी तक कोई भी सकारात्मक कदम इस गंभीर विषय पर नहीं उठाया गया है, जिसका आम लोगों में रोष है। स्थानीय प्रशासन और सरकार से शिलाई बाजार में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाए, ताकि लोगों को समस्याओं से छुटकारा मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# 10मीटर शूटिंग प्रतियोगिता में अर्निका ने एक, कुणाल ने जीते दो गोल्ड मेडल

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

29वीं राज्य स्तरीय 10मीटर शूटिंग प्रतियोगिता इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स शिमला में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगता में हिमाचल, पंजाब हरियाणा से करीब 900 शूटर्स ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में किन्नौर के दो खिलाड़ियों ने भाग लिया और तीन गोल्ड मेडल अर्जित किए। अर्निका सिंह पुत्री अंजू नेगी रिकांगपिओ ने 10 मीटर एयर राइफल (आईएसएसएफ) सब यूथ में एक गोल्ड मेडल जीता और कुणाल सुदाई पुत्र राकेश सुदाई ने 10 मीटर एयर पिस्टल सब यूथ और यूथ मे दो गोल्ड मेडल अर्जित किए। जिला राइफल एसोसिएशन किन्नौर के अध्यक्ष व सचिव ने दोनों शूटर्स को शुभकामनाएं दीं और किन्नौर के बच्चो को नशे तथा मोबाइल फोन से दूर रहकर स्पोर्ट्स एक्टिविटी मे बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए निवेदन किया। बायुल शूटिंग स्पोर्ट्स क्लब का आभार व्यक्त किया। किन्नौर में अब तक इस क्लब ने शूटिंग चैंपियनशिप में राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में 10 से अधिक मेडल हासिल किए हैं ओर तीन शूटर राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



# एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में शुरू होंगे मास्टर ऑफ लॉ और कंप्यूटर साइंस कोर्स

**आर मोहन चौहान, सोलन**

एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट सोलन के डायरेक्टर आरपी नैंटा ने कहा कि इंस्टीट्यूट का प्रबंधन शिक्षा की गुणवत्ता के लिए लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। अच्छे परीक्षा परिणाम के चलते इंस्टीट्यूट प्रदेश भर में अलग पहचान बन चुका है। कॉलेज में छात्रों की बुनियादी सुविधाएं मजबूत की गई हैं। साथ ही गरीब और मेधावी जरूरतमंद छात्रों के लिए स्कॉलरशिप और मुफ्त शिक्षा का भी प्रावधान किया गया है।





दो दशकों के सफर में इंस्टीट्यूट से पास आउट छात्र प्रदेश और देशभर में नाम चमका चुके हैं। ढांचागत सुविधाओं को देखते हुए इंस्टीट्यूशन में अब नए सत्र से मास्टर ऑफ लॉ, कंप्यूटर साइंस और एआई कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। इंस्टीट्यूशन में पहले से ही बीए, एलएलबी ऑनर्स, एमबीए, बीबीए डी फार्मा, बी फार्मा और पॉलिटेक्निक जैसे कोर्स पहले से ही चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर, मार्केटिंग हेड और पीआरओ हुसैन जैदी और अन्य स्टाफ मेंबर भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# चंबाघाट रेलवे फाटक आंशिक रूप से रहेगा बंद

**आर मोहन चौहान, सोलन।** कनिष्ठ अभियंता (दूरसंचार) उत्तर रेलवे शिमला हरिहर थमसोए ने कहा कि उत्तर रेलवे के सोलन-सलोगड़ा खंड में रेलवे द्वारा नए क्वाड केबल डालने का कार्य चल रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 तथा सोलन-शिमला हाईवे पर रेलवे क्रॉसिंग संख्या 5ए (चंबाघाट) के पास रेलवे चारदीवारी के भीतर इस केबल को डालने के लिए रोड कटिंग होनी है, जिससे यह केबल सड़क को क्रॉस कर जा सके। 18-19 जून को मध्यरात्रि उपरांत सुबह दो से 2.45 बजे तक रेलवे फाटक आंशिक रूप से बंद रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# वॉलीबाल में दाड़ला ने चंडी को हराया

**आशीष, दाड़लाघाट**

पंचायत दाड़लाघाट में धार्मिक युवा क्लब के सौजन्य से वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि पंचायत समिति कुनिहार की अध्यक्ष सोमा कौंडल व पंचायत उपप्रधान बरायली कृष्ण चंद भट्टी विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत प्रधान बंसी राम भाटिया ने की। दाड़लाघाट स्कूल के खेल प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिता में लगभग 15 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र ने कहा कि युवा वर्ग को नशे जैसी बीमारी से बचकर खेलों की तरफ ध्यान देना चाहिए, जिससे शरीर हष्ट पुष्ट बनाता है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, ताकि खिलाड़ियों में आपसी प्यार बना रहे। खेल प्रतियोगिता का प्रथम मैच दाड़ला और चंडी की टीम के साथ हुआ। प्रथम मैच दाड़ला टीम ने जीता, वहीं द्वितीय मैच एचपी-11 एवं नौणी-बी की टीम के साथ हुआ, जिसमें एचपी-11 टीम विजयी हुई। देर शाम अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने प्रतियोगी टीमों को पुरस्कार वितरण कर खिलाड़ियों को भविष्य में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)



वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्यातिथि समाजसेवी राजेंद्र ठाकुर।

**कुश्ती** | साई में विशाल दंगल का आयोजन, विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

# दिल्ली के रोहित ने सोनीपत के पवन को हराया

**रघुवंशी, अर्की**

गर्मियों के इस मौसम में अर्की उपमंडल में दंगल का दौर जारी है। इसी कड़ी में साई पंचायत के ग्राम साई में एक विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में दूर-दूर से आए पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र ठाकुर कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस आयोजन के लिए स्थानीय निवासी आशा राम ठाकुर और अमरनाथ ठाकुर ने एक लाख रुपए का योगदान दिया व समस्त पंचायत के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया। दंगल कमेटी ने तीन प्रमुख खिताबों के लिए मुकाबले आयोजित किए। सबसे छोटी माली का नाम 'साई केसरी' रखा गया, जिसमें बिलासपुर के लखनपुर के अजय कुमार ने बिलासपुर के चांदपुर के अक्षय को पराजित किया। छोटी माली में बिलासपुर के धनंजय ने दिल्ली के संजय को हराया। बड़ी माली की प्रतियोगिता में दिल्ली के रोहित फौजी ने सोनीपत के पवन को मात दी। मुख्यातिथि ने दंगल की समाप्ति पर विजेताओं और उपविजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए। 'साई केसरी' के विजेता को 2500 रुपए और उपविजेता को 2100 रुपए दिए गए। छोटी माली के विजेता को 5100 रुपए और उपविजेता को 4100 रुपए मिले। बड़ी माली के विजेता को 7100 रुपए और उपविजेता को 6100 रुपए की राशि प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)



दंगल प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता मुख्यातिथि के साथ।

# घनागुघाट स्कूल के अंग्रेजी प्रवक्ता पुष्पेंद्र कौशिक सम्मानित

**आशीष, दाड़लाघाट**

घनागुघाट स्कूल के अंग्रेजी प्रवक्ता पुष्पेंद्र कौशिक को हिमाचल विश्वविद्यालय शिमला के पूर्व छात्र संघ की ओर से आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह में सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुष्पेंद्र कौशिक को पूर्व छात्र संघ की आजीवन सदस्यता प्रदान की। कार्यक्रम के

**मुख्यमंत्री सुक्खू को भेंट की पुस्तक सृजन संगम**

दौरान पुष्पेंद्र कौशिक ने अपनी पुस्तक सृजन संगम भी मुख्यमंत्री को भेंट की। यह पुस्तक, पुष्पेंद्र कौशिक की ओर से संकलित व संपादित काव्य संग्रह है, जिसमें घनागुघाट स्कूल के 48 छात्रों की कविताओं को संकलित किया गया है। सृजन संगम को विद्यालय की पहली छात्र-प्रकाशित पुस्तक होने का गौरव प्राप्त है, जिसे आईएसबीएन नंबर आवंटित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### साहिल चौहान ने सबसे तेज टी-20 शतक जड़ा



**नई दिल्ली।** एस्टोनिया के बल्लेबाज साहिल चौहान ने एपिस्कोपी में मेजबान साइप्रस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच में 27 गेंद में सबसे तेज टी-20 शतक का रिकॉर्ड बनाया और इस प्रारूप में पारी में सबसे ज्यादा 18 छक्के लगाए। चौहान ने सबसे तेज टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक का यान-निकोल लॉफ्टी ईटन का रिकॉर्ड तोड़ा। यान-निकोल ने 33 गेंद में शतक जड़ा था और उनका रिकॉर्ड चार महीने से भी कम समय तक टिका। यह टी-20 का सबसे तेज शतक भी है। चौहान ने आईपीएल 2013 में क्रिस गेल के 30 गेंद में बनाए शतक को पीछे छोड़ा। चौहान पुरुषों के टी-20 मैच की पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में भी शीर्ष पर पहुंच गए। एस्टोनिया ने पहले मैच में साइप्रस के सात विकेट पर 195 रन के स्कोर को पार करके जीत हासिल की। पहले मैच में पहली गेंद पर शून्य पर आउट होने के बाद चौहान ने अगले मैच में अपनी बल्लेबाजी का हुनर दिखाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साइप्रस ने सात विकेट पर 191 रन बनाए। एस्टोनिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसके दोनों सलामी बल्लेबाज आठ गेंदों के अंदर आउट हो गए जब स्कोर सिर्फ नौ रन था, लेकिन फिर चौहान आए और उन्होंने साइप्रस के गेंदबाजी आक्रमण को तहस-नहस कर दिया।

### एआईएफएफ ने कोच स्टिमक को बर्खास्त किया

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने अपेक्षाकृत आसान ड्रॉ मिलने के बावजूद फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर से टीम के बाहर होने के बाद सोमवार को सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक को



बर्खास्त कर दिया। स्टिमक को 2019 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था और पिछले साल अक्तूबर में एआईएफएफ ने उनके अनुबंध में 2026 तक विस्तार किया था। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, ''सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफिकेशन अभियान के निराशाजनक परिणाम को देखते हुए सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई है कि टीम को आगे ले जाने के लिए एक नया मुख्य कोच सबसे उपयुक्त होगा।'' एआईएफएफ सचिवालय द्वारा स्टिमक को बर्खास्तगी का नोटिस जारी किया गया है और वह तत्काल प्रभाव से अपने दायित्वों से मुक्त हो गए हैं। अनुबंध के एक नियम के अनुसार एआईएफएफ को अब स्टिमक को लगभग 3,60,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग तीन करोड़ रुपए) का भुगतान करना पड़ सकता है जो कि एक ऐसे महासंघ के लिए काफी बड़ी राशि है जिसने हाल के वर्षों में धन के लिए संघर्ष किया।

### वोंद्रोसोवा ने बर्लिन में जीत के साथ की शुरुआत



**बर्लिन।** विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने अपने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर रेबेका मसारोवा के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ की। पांचवीं वरीय वोंद्रोसोवा ने रेबेका को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वोंद्रोसोवा ने तीन बार रेबेका की सर्विस तोड़ी और फोरहैंड विनर लगाकर जीत हासिल की। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में भी स्पेन की इस खिलाड़ी को हराया था। पिछले साल वोंद्रोसोवा विंबलडन खिताब जीतने वाली पहली गैर-वरीय महिला खिलाड़ी बनीं थी। उन्होंने फाइनल में 2022 की उपविजेता ओन्स जेब्युर को 6-4, 6-4 से हराया था।

### स्पेन के गोलकीपर साइमन की होगी सर्जरी

**बर्लिन।** स्पेन के अंतरराष्ट्रीय गोलकीपर उनाई साइमन ने बताया कि यूरो 2024 के



अंत में उनकी कलाई की चोट का ऑपरेशन होगा। एथलेटिक बिलबाओ के लिए खेलने वाले साइमन ने बताया कि कई महीने पहले एक घरेलू दुर्घटना में उन्हें चोट लगी थी। हालांकि इस समस्या के कारण उन्हें लगातार दर्द होता है, लेकिन यह उन्हें खेलने या प्रशिक्षण से नहीं रोकता है। हाल ही में अपना 27वां जन्मदिन मनाने वाले गोलकीपर ने बताया, 'यूरोपीय चैम्पियनशिप समाप्त होने पर मैं ऑपरेशन करवाऊंगा और फिर हम देखेंगे कि मैं कितने समय तक खेल से बाहर रहता हूं।'

### मैकाबी तेल अवीव ने इसरायली लीग खिताब जीता

**यरूशलम।** यूरोलीग टीम मैकाबी तेल अवीव ने लगातार दूसरी और कुल मिलाकर 57वीं बार इसरायली सुपर लीग बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। बेस्ट-ऑफ-थ्री प्लेऑफ फाइनल सीरीज के तीसरे और निर्णायक डर्बी गेम में घरेलू



मैदान पर मैकाबी ने हापोएल तेल अवीव को 82-74 से हराकर खिताब अपने नाम किया। दक्षिण तेल अवीव के मेनोरा मिवताचिम एरिना में 11,000 प्रशंसकों के सामने हापोएल ने मजबूत टीम डिफेंस प्रदर्शन की बदौलत पहले क्वार्टर के अंत में 24-21 से बढ़त हासिल की। मैकाबी ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में रोमन सोरकिन की अगुवाई में 11-0 की बढ़त के साथ जवाब दिया। हालांकि, टॉमर गिनाट और टायलर एनिस ने रेड्स को वापस खेल में ला दिया, जिससे हाफटाइम तक उनका अंतर 38-39 हो गया। जेवियर मुनफोर्ड और गिनाट के अंकों ने हापोएल को 27वें मिनट में 54-48 की बढ़त दिलाने में मदद की, लेकिन सोरकिन के योगदान ने मैकाबी को तीसरे क्वार्टर के अंत में अंतर को 54-55 तक कम कर दिया। क्यूबा के पावर फॉरवर्ड जैसल रिवेरो द्वारा अंतिम क्वार्टर में बनाए गए महत्वपूर्ण अंकों ने मैकाबी को जीत और खिताब दिलाया।

---

**टी-20 विश्व कप**

अभ्यास सत्र में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पिच के बारे में की पूछताछ

# कोहली और जडेजा ने बहाया पसीना

## भारत का अफगानिस्तान के साथ सुपर-8 मुकाबला कल





**एजेंसी, ब्रिजटाउन**

भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के कैरेबियाई चरण में अपने पहले अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाना, जिसमें विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने सुपर-8 में प्रभाव छोड़ने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए। कोहली ने न्यूयॉर्क की मुश्किल पिचों पर निराश किया और आईसीसी प्रतियोगिता के ग्रुप चरण के बाद तीन पारियों में उनके स्कोर एक, चार और शून्य रन रहे।

विशेषज्ञों और प्रशंसकों को उम्मीद है कि सुपरस्टार कोहली तब धमाल मचाएंगे जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होगी और यह सुपर-8 और टूर्नामेंट का नॉकआउट चरण होगा। भारत गुरुवार को यहां केनसिंग्टन ओवल में अपने पहले सुपर-8 मैच में अफगानिस्तान से खेलेगा।

जडेजा ने भी अब तक बल्लेबाजी या गेंदबाजी में कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं दिया है। कुलदीप का मामला अलग है क्योंकि उन्हें अभी तक एकादश में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि उनसे कैरेबियाई परिस्थितियों में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है जहां स्पिनरों को फायदा मिला है। आईपीएल में 200 का स्कोर प्रतिस्पर्धी माना जाता है, लेकिन टूर्नामेंट में केवल दो बार इस आंकड़े को छुआ गया और वह भी सिर्फ कैरेबिया में। यहां तक कि 150 रन के स्कोर का पीछा करना भी आसान नहीं रहा।

इसे देखते हुए यह पूरी तरह से आश्चर्य की बात नहीं थी कि भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने नेट पर जाते समय अपने खिलाड़ियों से अभ्यास पिचों के बारे में पूछा। उन्होंने अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से पूछा, ''पिच कैसी है?'' बुमराह अभ्यास के लिए उपलब्ध कराई गई पिचों से खुश लग रहे थे।

मैदान में वार्मअप करने के बाद कोहली जडेजा के साथ सबसे पहले नेट पर पहुंचें पूर्व कप्तान ने कुलदीप और हार्दिक पांड्या का सामना करने से पहले कम से कम 30 मिनट तक थ्रोडाउन का सामना किया। बुमराह के खिलाफ पुल का अभ्यास करने से पहले कोहली को एक्स्ट्रा कवर पर लॉफ्टेड ड्राइव खेलते देखा गया। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज की एक शॉर्ट गेंद को कोहली ने फाइन लेग क्षेत्र में हुक किया। इसके बाद दोनों खिलाड़ी मुस्कुराए।

---

हरभजन ने कर्स्टन से कहा

## पाकिस्तान में अपना समय बर्बाद मत करो

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने गैरी कर्स्टन को सलाह दी कि वह पाकिस्तान में अपना समय बर्बाद नहीं करें क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व क्रिकेटर ने



दावा किया था कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में एकता नहीं है। कर्स्टन ने टी-20 विश्व कप में निराशाजनक अभियान के दौरान एक-दूसरे का समर्थन नहीं करने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों की आलोचना की और कहा कि उन्होंने किसी टीम में ऐसा विषाक्त माहौल कभी नहीं देखा।

कर्स्टन ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में टूर्नामेंट से ठीक पहले पाकिस्तान के मुख्य कोच का कार्यभार संभाला था, लेकिन वह निराश हो गए क्योंकि टीम अमेरिका और भारत से हारकर पहले दौर से बाहर हो गई। हरभजन ने मजाक में कर्स्टन से भारतीय टीम के साथ कोचिंग की भूमिका वापस लेने को कहा जिसने उनके नेतृत्व में 2011 में विश्व कप जीता था।

---

## अजेय बढ़त बनाने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**एजेंसी, बेंगलुरु**

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी।

भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की, लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित होगी। भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में हालांकि उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई।

भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में लगातार खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने अपनी जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल पा रहा है। पिछले 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही। इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। यह बाएं हाथ की बल्लेबाज अच्छी लय में है। उन्होंने फरवरी 2022 के बाद वनडे में सात अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। भारतीय टीम को उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए, लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा, जो दक्षिण अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी।

---

## पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगी सबालेंका और जाबूर

**एजेंसी, बर्लिन**





ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और दो बार की विंबलडन फाइनलिस्ट ओन्स जाबूर पेरिस ओलंपिक से हट गई हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि वे घास के कोर्ट पर होने वाले विंबलडन के तुरंत बाद क्लेकोर्ट पर नहीं खेलन चाहतीं। बेलारूस की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बजाय आराम करना चाहेंगी।

उन्होंने कहा, ''कार्यक्रम बहुत व्यस्त है और मैंने अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर यह फैसला किया। मैं अगली प्रतियोगिताओं के लिए शारीरिक और स्वास्थ्य स्तर पर तैयार होने के लिए आराम करने को प्राथमिकता दूंगी।''

ट्यूनीशिया की विश्व में दसवें नंबर की खिलाड़ी जाबूर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार चौथे ओलंपिक में नहीं खेल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा,''हमने फैसला किया कि कोर्ट में अचानक बदलाव करने और शरीर का भिन्न परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने से मेरे घुटने को लेकर जोखिम बढ़ सकता है। मुझे किसी भी प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करना पसंद है, लेकिन मुझे अपने शरीर का ध्यान रखना होगा और चिकित्सा टीम की सलाह माननी होगी।'' जाबूर ने पिछले तीन ओलंपिक में भाग लिया लेकिन वह कभी पदक नहीं जीत पाई।

---

## केन विलियमसन टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अपने भविष्य को लेकर अनिश्चित

**तारोबा (त्रिनिदाद)।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि टी-20 विश्व कप से जल्द बाहर होने के बाद टीम को फिर से एकजुट होने के लिए कुछ समय की जरूरत है। उन्होंने साथ ही 2026 में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी वापसी को लेकर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई। आधुनिक क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले सभी प्रारूपों के खिलाड़ी विलियमसन एक दशक से अधिक समय से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ रहे हैं।

विलियमसन की मौजूदगी में न्यूजीलैंड तीन बार विश्व कप फाइनल में पहुंचा जिसमें 2015 और 2019 में एकदिवसीय विश्व कप और 2021 में टी-20 विश्व कप शामिल हैं। इसके अलावा पहला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब भी जीता। इन चार टूर्नामेंट में से तीन में विलियमसन ने टीम की कप्तानी की।

जब विलियमसन से पूछा गया कि क्या वे 2026 के टूर्नामेंट में वापसी करेंगे तो उन्होंने कहा, ''ओह, मुझे नहीं पता।''

---

## टी-20 विश्व कप में चार मेडन ओवर फेंकने वाले पहले गेंदबाज बने लॉकी फर्ग्यूसन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक स्पेल में चार मेडन ओवर फेंकने वाले दूसरे और पुरुष टी-20 विश्व कप के पहले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने टी-20 विश्व कप 2024 में न्यूजीलैंड के आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ अपने 4 ओवर में बिना कोई रन दिए 3 विकेट लिए।

यह टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड का आखिरी मैच भी है, क्योंकि वे अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से हार के बाद बाहर हो गए थे। यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र अन्य गेंदबाज कनाडा के साद बिन जफर हैं, जिन्होंने 2021 में कूलिज में टी-20 विश्व कप अमेरिका क्षेत्र क्वालीफायर मैच में पनामा के खिलाफ अपने 4 ओवर में बिना कोई रन दिए 2 विकेट लिए थे।

मैच की बात करें तो इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) की टीम 19.4 ओवर में केवल 78 रनों पर सिमट गई। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने 12.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाकर मैच जीत लिया।

**न्यूजीलैंड ने पापुआ न्यू गिनी को 7 विकेट से हराया**





विकेट लेने के बाद खुशी मनाते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी।

---

## अमेरिका के खिलाफ मुकाबले में नजरें दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों पर

**एजेंली, नॉर्थ साउंड**





दक्षिण अफ्रीका के विश्व स्तरीय बल्लेबाज बुधवार को यहां टी-20 विश्व कप के अपने शुरुआती सुपर-8 मैच में आत्मविश्वास से भरे अमेरिका के खिलाफ अपनी ताकत दिखाने उतरेंगे तो टीम के पास गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है और उसके गेंदबाजों ने सभी चार मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। न्यूयॉर्क के चुनौतीपूर्ण विकेट पर तीन मैच और किंग्सटाउन में एक मैच खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका ने एक बार भी 120 रन के आंकड़े को पार नहीं किया है।

हालांकि उनका बल्लेबाजी प्रदर्शन उस टीम की छवि पेश नहीं करता जिसमें क्विंटन डिकॉक, हेनरिक क्लासेन, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे कुछ बड़े हिटर हैं, लेकिन फिर भी डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडेन मारक्रम की मौजूदगी वाले शीर्ष क्रम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका अपने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ सिर्फ एक रन से जीता था और गत चैंपियन इंग्लैंड तथा मेजबान वेस्टइंडीज की मौजूदगी वाले ग्रुप-दो में होने के कारण वह अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकता। टीम सुपर-8 चरण में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी।

---

## पूरन की धमाकेदार पारी से विंडीज की अफगानिस्तान पर बड़ी जीत

**एजेंसी, ग्रॉस आइलेट**



98
रनों की पारी पूरन ने खेली

निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया, जिससे वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्व कप के ग्रुप-सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर-8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था। दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए।

अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन ,अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए।

अफगानिस्तान ने पिछले तीन मैच में विरोधी टीमों को 100 रन तक नहीं पहुंचने दिया था, लेकिन इस मैच में कप्तान राशिद खान का पहले गेंदबाजी करने का फैसला पूरन ने गलत साबित कर दिया।

---

**यूरो-2024**

स्टार स्ट्राइकर एमबापे की नाक में लगी चोट, टूर्नामेंट में खेलना संदिग्ध

## आत्मघाती गोल से फ्रांस ने ऑस्ट्रिया को हराया

**एजेंसी, डसेलडोर्फ**

मैक्सिमिलियन वोबर के आत्मघाती गोल की मदद से फ्रांस ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया को 1-0 से पराजित किया, लेकिन इस मैच में उसके स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे की नाक में चोट लग गई और उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है।

एमबापे ग्रुप-डी के इस मैच के अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में ऑस्ट्रिया के केविन डांसो से टकरा गए। इससे उनकी नाक से खून बहने लगा और वह सूज गई। एमबापे को इस कारण मैदान छोड़ना पड़ा। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने एमबापे के आगे के मैचों में खेलने के संबंध में कहा,''अभी हमारे हाथ में कुछ नहीं है। अभी हमें यह पता नहीं है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। वह टूर्नामेंट में आगे खेल पाएंगे या नहीं अभी इसका जवाब मेरे पास नहीं है।''

चोटिल होने से पहले एमबापे पर सभी की निगाह टिकी थी। ऑस्ट्रिया ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई। वोबर ने 38वें मिनट में एमबापे का शॉट रोकने के प्रयास में ही आत्मघाती गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।



मुकाबले के दौरान फ्रांस (सफेद जर्सी) और ऑस्ट्रिया के खिलाड़ी।

### यूरोपीय चैंपियनशिप में 24 साल बाद जीता रोमानिया

**म्यूनिख।** रोमानिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में 24 साल में अपनी पहली और कुल दूसरी जीत दर्ज की और यूक्रेन को 3-0 से हराकर कोच एडवर्ड इओर्डनेस्कु को जन्मदिन का तोहफा दिया। निकोलेई स्टेनसियू ने पहले हाफ में लंबी दूरी से गोल दागकर रोमानिया को बढ़त दिलाई, जिसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में रजवान मारिन और डेनिस मिहाई ड्रेगस ने दो गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। चौबीस 24 साल पहले इंग्लैंड को 3-2 से हराकर उलटफेर के बाद से रोमानिया की किसी बड़े टूर्नामेंट में यह पहली जीत थी।

इओर्डनेस्कु 2016 में अपने पिता एंगेल के बाद यूरोपीय चैंपियनशिप में रोमानिया की टीम का मार्गदर्शन करने वाले पहले कोच बने। वह रविवार को 46 वर्ष के हुए। स्टेनसियू का एक शॉट क्रॉस बार से भी टकराया लेकिन इसके बावजूद रोमानिया ने यूक्रेन को आसानी से हरा दिया जो स्वदेश में युद्ध के बीच यूरो 2024 में खेल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### असम के 1.05 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित



**गुवाहाटी ।** असम में भारी बारिश के चलते ब्रह्मपुत्र नदी उफान पर है। राज्य के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सरकार ने 11 राहत शिविर और वितरण केंद्र स्थापित किए हैं। असम में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। राज्य के 14 जिलों में 1.05 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ की चपेट में हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बाढ़ रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ करीमगंज जिले में ही करीब 96,000 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इसके बाद नागांव में लगभग 5,000 लोग प्रभावित हुए हैं और धेमाजी में 3,600 से अधिक लोग बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं। असम और पड़ोसी राज्यों के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश के कारण विशाल ब्रह्मपुत्र नदी का जल स्तर बढ़ गया है।

### सिक्किम में 1200 से अधिक पर्यटक रेस्क्यू

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम में फंसे पर्यटकों को रेस्क्यू करने के अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को 1200 से अधिक पर्यटकों को बचाकर सुरक्षित रूप से मंगन पहुंचाया गया है। खराब मौसम के कारण आज भी हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू ऑपरेशन संभव नहीं हो सका। चुंगथांग और मानुल में बीआरओ इकाइयों ने बुजुर्गों के लिए गर्म भोजन, प्राथमिक चिकित्सा और सहायता प्रदान की। मंगन जिले के अतिरिक्त जिलापाल विशु लामा ने बताया कि आज 1225 पर्यटकों को मंगन में सुरक्षित लाया गया है। पर्यटक कभी वाहन से तो कभी पैदल यात्रा करते हुए मंगन पहुंचे। पर्यटकों ने उनकी देखभाल करने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन, बीआरओ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय निवासियों का आभार व्यक्त किया है।

### एनआईए ने जब्त किए 1.13 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ।** मगध जोन पुनरुद्धार प्रयास मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( एनआईए) ने बिहार और झारखंड में ठेकेदारों व अन्य लोगों से उगाही की गई मोटी रकम जब्त की है। एनआईए द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए दर्ज किए गए मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत 1,13,70,500 रुपए की यह राशि जब्त की गई है। यह मामला 30 दिसंबर 2021 में एनआईए द्वारा दर्ज किया गया था। एनआईए के मुताबिक यह राशि एक वरिष्ठ नक्सल नेता के रिश्तेदार की मेडिकल शिक्षा के लिए तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एक मेडिकल कॉलेज के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर की गई थी।

### दो लाख के इनामी को नागालैंड से दबोचा

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट गन्नौर की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में दो लाख के इनामी आरोपी को नागालैंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अकानौ एन यैपतहो उर्फ लियोन नागालैंड का निवासी है। मंगलवार को पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जाएगी, ताकि पता लगाया जा सके कि वह कहां-कहां नशीला पदार्थ सप्लाई करता है। पुलिस ने बताया कि 23 नवंबर 2023 को थाना कुंडली की पुलिस टीम बारोटा चौक पर गश्त पर थी। खुफिया जानकारी के आधार पर, डिजोर रेस्टोरेंट के पास एक व्यक्ति, गोपीनाथ वैहरा, अपनी मोटरसाइकिल के पास खड़ा था और गांजा बेच रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोपीनाथ और दो अन्य युवकों, रोनित कौशल और तेजस हरिश, को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पास से कुल 2 किलो 58 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इस घटना के तहत रोणित कौशल, गोपीनाथ वैहरा, तेजस हरिश, मुलातो जिमो और अतुल दहिया को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। आरोपी अकानौ एन यैपतहो को पुलिस महानिदेशक ने 21 मई 2024 को दो लाख का इनामी घोषित किया था।

### निखिल पर अमेरिका की अदालत में चलेगा केस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरतवंत सिंह पन्नू की हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर अब अमेरिका की एक अदालत में केस चलेगा। अटॉर्नी जनरल मेरिक गार्लेंड ने बताया कि देश अपने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा। निखिल को अमेरिका सरकार के अनुरोध पर 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसे गत 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद किया है। सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान कांगपोकपी जिले के गंगपीजंग पहाड़ी क्षेत्र की तलहटी से एक 7.62 मिमी एके 56 असॉल्ट राइफल, एक पीटी 22 राइफल, एक 12 इंच सिंगल बोर बैरल गन, दो इम्प्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर, एक चीनी हैंड ग्रेनेड, एक देशी हैंड ग्रेनेड, एक 51 मिमी मोर्टार और 15 राउंड जिंदा गोला-बारूद बरामद किया गया।

### ओडिशा में दो समुदायों में झड़प, कर्फ्यू लगाया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालेश्वर में गोहत्या के संदेह में दो समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद भड़की हिंसा और आगजनी की घटनाओं के बाद कर्फ्यू लगा दिया है। यह फैसला सोमवार दोपहर से देररात तक हुए उपद्रव के बाद बिगड़े हालात के मद्देनजर लिया गया। प्रशासन ने शहर के सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया है। अगले आदेश तक सभी दुकानें, बाजार, स्कूल और कॉलेज बंद रहने के आदेश दिए गए हैं।

### अमेरिका के कोलोराडो में विमान दुर्घटनाग्रस्त

**स्टीमबोट स्प्रिंग्स (अमेरिका)।** अमेरिका के उत्तर-मध्य कोलोराडो में एक आवासीय क्षेत्र में दोहरे इंजन वाला सेसना विमान दुर्घनाग्रस्त हो गया और हादसे में कोई भी जीवित नहीं बचा। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई, जिससे एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने वाले दो घर (मोबाइल घर) जल गए। संघीय विमानन प्रशासन ने कहा कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि दुर्घटनाग्रस्त सेसना 421 विमान में कितने लोग सवार थे। इस विमान में अधिकतम सात सीट होती है। सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे से ठीक पहले स्टीमबोट स्प्रिंग्स हवाई अड्डे के पास यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### माउंट एवरेस्ट बेस कैंप में फंसे पर्वतारोही

**काठमांडू।** माउट एवरेस्ट की चढ़ाई कर वापस लौट रहे हजारों पर्वतारोही अचानक मौसम खराब होने से रास्ते में फंसे गए हैं। यह लोग एवरेस्ट बेस कैं तक आ चुके हैं। बर्फीली हवाओं के बीच फंसे इन पर्वतारोहियों के पास मौसम खुलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। खराब मौसम के कारण बेस कैंप से सबसे करीब लुक्ला एयरपोर्ट (तेनजिंग हिलेरी विमानस्थल) पिछले 10 दिन से बंद है। नेपाल में मानसून प्रवेश कर चुका है। लगातार बारिश होने से मौसम बिगड़ गया है। इन पर्वतारोहियों में नेपाल के अलावा अन्य देशों के भी नागरिक भी शामिल हैं। लुक्ला के एयर ट्राफिक कंट्रोलर दिवेश दाहाल ने बताया है कि आठ जून से ही एक भी विमान ने उड़ान नहीं भरी है।

### बिहार में उद्घाटन से पहले नदी में समाया पुल



**पटना।** बिहार में एक बार फिर से पुल हादसा हुआ है। उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त होकर नदी में समा गया। घटना अररिया जिला के सिकटी प्रखंड की है। यहां करोड़ों की लागत से बकरा नदी के पड़रिया घाट पर बना पुल अचानक नदी में समा गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि इस पुल का निर्माण पहले बने पुल के एप्रोच कट जाने के बाद कराया गया था। लोगों का आरोप है कि पुल के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल किया गया था, इसलिए पुल उद्घाटन से पहले ध्वस्त हो गया। लोगों का कहना है कि हाल में ही पुल के एप्रोच पथ को बहाल करने के विभाग की विभाग की ओर कवायद शुरू की गई थी। लेकिन, उससे पहले यह हादसा हो गया।

# क्रिप्टो करंसी मार्केट में कोहराम, टॉप-10 में से नौ आभासी मुद्राओं में गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

### बिटकॉइन 66 हजार डॉलर के स्तर से नीचे लुढ़का



क्रिप्टो करंसी मार्केट में आज कोहराम मचा हुआ है। बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करंसीज में से सिर्फ एक मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहा है, जबकि बिटकॉइन और एथेरियम समेत 9 क्रिप्टो करंसी बड़ी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं।

आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करंसी बिटकॉइन लुढ़क कर 66 हजार डॉलर के स्तर से नीचे गई। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करंसी एथेरियम ने भी 3,500 डॉलर के स्तर से नीचे गोता लगा दिया। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,389.96 डॉलर यानी 54.55 लाख रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,418.29 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 1.66 प्रतिशत, सोलाना 4.34 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.14 प्रतिशत, टॉनकॉइन 5.10 प्रतिशत, डॉगकॉइन 8.74 प्रतिशत और कार्डानो 6.86 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.32 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.35 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 196.05 लाख करोड़ रुपए रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करंसीज के लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में कुल 9,371 करोड़ डॉलर यानी 7.82 लाख करोड़ रुपए की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई।

# रंगपानी में दुर्घटनास्थल पर ट्रेन सेवाएं बहाल

**एजेंसी, कोलकाता**




पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास रंगपानी में अप और डाउन दोनों लाइनों पर मंगलवार को युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य के बाद ट्रेन सेवाएं बहाल कर दी गईं। सोमवार सुबह एक मालगाड़ी द्वारा अगरतला-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मारने के बाद मार्ग पर ट्रेन परिचालन बाधित हो गया था।

डाउन लाइन में ट्रेन सेवाएं सोमवार रात को बहाल कर दी गईं और अप लाइन में डीजल इंजन से चलने वाली ट्रेन सेवाएं मंगलवार सुबह फिर से शुरू की गईं। कटिहार के मंडल रेल प्रबंधक एस कुमार ने बताया कि अप लाइन में इलेक्ट्रिक इंजन एक घंटे के भीतर फिर से चालू हो जाएंगे।

# नीट परीक्षा को लेकर जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**




नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) के पेपर लीक का मामला गर्माता जा रहा है। देशभर के छात्र इस लीक के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। इसी क्रम में दिल्ली के जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी के सभी विधायक नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के तमाम बड़े नेता ने मंच से नीट गड़बड़ियों के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। गोपाल राय, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज समेत पार्टी के सभी नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि छात्रों से नीट के पेपर के लिए 30 से 50 लाख रुपए लिए गए थे। गुजरात के गोधरा के सेंटर में तो छात्रों से ओएमआर शीट खाली छोड़ने को कहा गया था और बाद में अध्यापकों ने ओएमआर शीट भरी।

केंद्र सरकार को इस पूरे मामले की जानकारी है और वह इस घोटाले को छिपाने की कोशिश कर रही है। सौरभ ने कहा केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में पूरे मामले की जांच कराए।

# राशिद को लोकसभा सदस्य की शपथ लेने की नहीं मिली अनुमति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद हालिया लोकसभा चुनाव में निर्वाचित राशिद इंजीनियर को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की अनुमति देने की मांग खारिज कर दी है। राशिद इंजीनियर ने लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की है। राशिद इंजीनियर फिलहाल दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद है। राशिद इंजीनियर को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। राशिद इंजीनियर ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की अनुमति के लिए याचिका दायर की है। कोर्ट ने इंजीनियर राशिद की याचिका पर सुनवाई करते हुए 6 जून को एनआईए को नोटिस जारी किया था।

पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 मार्च, 2022 को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत आलम, राशिद इंजीनियर, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट ऊर्फ पीर सैफुल्ला के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था।

# नेस्ले की मैगी के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**




पैकेज्ड फूड कंपनी नेस्ले के इंस्टेंट नूडल्स एवं सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर भारत सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि चॉकलेट वेफर ब्रांड किटकैट के लिए यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।

नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। नेस्ले इंडिया की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से ज्यादा सर्विंग्स बेचीं, जिससे भारत दुनियाभर में मैगी के लिए सबसे बड़ा नेस्ले बाजार बन गया। कंपनी ने किटकैट की 4,20 करोड़ 'फिंगर्स' बेचीं हैं, जिसकी वहज से वह किटकैट के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है। इसके अलावा भारतीय बाजार नेस्ले के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है।

नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत अपनी बिक्री का विस्तार कर रही है। इसके तहत उसने 10 रुपए की किफायती कीमत पर ओट्स नूडल, कोरियन नूडल्स और अलग-अलग मसाले वाली मैगी एवं नूडल्स पेश किए हैं। नेस्ले इंडिया ने 31 मार्च, 2024 तक के पिछले 15 माह में 24,275.5 करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज की है। नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत लोकप्रिय इंस्टेंट नूडल्स और तैयार व्यंजन आदि बेचती है।

# सेंसेक्स 308 अंक चढ़कर 77,301 पर बंद

**मुंबई ।** शेयर बाजार ने आज यानी 18 जून को नया ऑल टाइम हाई बनाया। सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान 374 अंक चढ़कर 77,366 का स्तर छुआ। हालांकि इसके बाद इसमें थोड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 308 अंक चढ़कर 77,301 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं निफ्टी में भी आज 23,579 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि बाद में ये भी थोड़ा नीचे आया और 92 अंक की तेजी के साथ 23,557 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिली है।

आज रियल्टी, आई और एनर्जी शेयर्स में सबसे ज्यादा तेजी है। निफ्टी रियल्टी 1.88 प्रतिशत चढ़ा है। वहीं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.59प्रतिशत और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में 1.10 प्रतिशत की तेजी रही। मीडिया, मेटल और फार्मा इंडेक्स में गिरावट रही।

# सर्राफा बाजार में कमजोरी, सोना 200 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार गिरावट नजर आ रही है। सोना मंगलवार को 200 रुपए प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,970 रुपए से लेकर 72,320 प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,890 रुपए से लेकर 66,290 रुपए प्रति 10 ग्राम के दायरे में बिक रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी कमजोरी आई है। आज की गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 90,900 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# एपिसेंटर हैं भाजपा शासित राज्य : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कहा- हम सड़क से संसद तक उठाएंगे आवाज**

**नीट** परीक्षा में धांधली मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा, कि नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं।

बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और यह भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं। हमारे न्यायपत्र में पेपर लीक के विरुद्ध सख्त कानून बनाकर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की हमने गारंटी दी थी। विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए हम देशभर के युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठाकर और सरकार पर दबाव डालकर ऐसी कठोर नीतियों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# इटली में दो नाव डूबीं; 11 की मौत, 60 शरणार्थी लापता

**एजेंसी, इटली**



**इटली** के तट के पास 2 नाव डूबने से 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 64 लापता हैं। जर्मनी के चैरिटी ऑर्गेनाइजेशन रेस्क्यूशिप ने बताया कि लैंपेडुसा द्वीप के पास से उन्होंने 51 लोगों को रेस्क्यू किया। इस दौरान लकड़ी की एक नाव के निचले डेक से उन्हें 10 शव बरामद हुए।

रेस्क्यू किए गए लोगों को इटली के कोस्ट गार्ड को सौंप दिया था। नाव में सीरिया, मिस्र, बांग्लादेश और पाकिस्तान के शरणार्थी मौजूद थे। नाव को इटली के दक्षिणी छोर कैलेब्रिया के तट से 201 किलोमीटर की दूरी पर एक और नाव डूबते देखा गया है। तुर्किये से 8 दिन पहले रवाना हुई इस नाव पर आग लग गई थी, जिसके बाद यह पलट गई। अलजजीरा के मुताबिक, नाव पर सवार 11 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया, जबकि 64 लोग लापता हैं। इनमें 26 बच्चे हैं। नाव पर सवार एक महिला की मौत हो गई। इटली के कोस्ट गार्ड ने बताया कि वे ईयू की बॉर्डर एजेंसी फ्रंटेक्स की मदद से लापता लोगों को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं।

# स्वाति मालीवाल ने विपक्षी गठबंधन के नेताओं से मदद मांगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राहुल और शरद को पत्र लिखा मिलने का मांगा समय**

**आम** आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को विपक्षी ब्लॉक के नेताओं को लेटर लिखा है।

स्वाति ने अपने साथ हुई मारपीट मामले में राहुल गांधी और शरद पवार सहित अन्य नेताओं से मदद मांगी है। मामला दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनके पीए बिभव कुमार और स्वाति के बीच मारपीट का है। स्वाति ने सोशल मीडिया पर राहुल और शरद को लिखा लेटर शेयर किया है। कैप्शन में उन्होंने लिखा कि मैंने पिछले 18 साल से जमीन पर काम किया है। 9 सालों में महिला आयोग में 1.7 लाख केस में सुनवाई की है। बहुत दुख की बात है कि पहले मुझे मुख्यमंत्री के घर पर बुरी तरह पीटा गया। फिर मेरा चरित्र हनन किया गया। आज मैंने विपक्षी गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को पत्र लिखा है। मैंने सबसे मिलने का समय मांगा है।

# दक्षिणी चीन में बाढ़ से नौ लोगों की मौत

**बीजिंग।** दक्षिणी चीन में मंगलवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से नौ लोगों की मौत हो गई।

तटीय प्रांत फुजियान की वुपिंग काउंटी में 378 घर ढह गए और 880 हेक्टेयर फसलें नष्ट हो गईं। वुपिंग में कम से कम 5.72 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ।

# प्रज्वल रेवन्ना को राहत नहीं, 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**बेंगलुरु** की एक अदालत ने मंगलवार को निलंबित जेडी (एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना को यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म के मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

यह आदेश 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की विशेष अदालत ने सुनाया। रेवन्ना, जो हासन लोकसभा क्षेत्र से जेडी(एस) के पूर्व सांसद हैं और उन पर तीन महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप है।

पूर्व सांसद को 30 मई को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के कुछ ही मिनटों बाद गिरफ्तार कर लिया था। म्यूनिख से आए 33 वर्षीय सांसद को पूछताछ के लिए तुरंत सीआईडी कार्यालय ले जाया गया।

# दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत का एनबीएफसी सेक्टर

**नई दिल्ली।** भारत का नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल (एनबीएफसी) सेक्टर अब दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, यूएस और यूके का एनबीएफसी क्षेत्र क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर है। एनबीएफसी केवल लोगों को लोन देने का कार्य करती है। इनके पास बैंकिंग लाइसेंस नहीं होता है। इस कारण यह जनता से जमा स्वीकार नहीं कर सकते। किसी भी देश के आर्थिक विकास में इनकी अहम भूमिका होती है। रिपोर्ट में बताया कि पिछले एक दशक में भारतीय बैंकिंग सिस्टम में लचीलापन देखने को मिला है। इस दौरान बैंकिंग सिस्टम को कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हालातों का सामना करना पड़ा।

**ताकत** मेड इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए एचएएल से 45 हजार करोड़ की डिल

# भारतीय रक्षा मंत्रालय खरीदेगा 156 हेलिकॉप्टर

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**मेड** इन इंडिया को बढ़ावा देने के तहत रक्षा मंत्रालय हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) से 45 हजार करोड़ के हल्के हेलिकॉप्टर खरीदेगा।

इनमें से 90 हेलिकॉप्टर थल सेना के लिए और 66 हेलिकॉप्टर भारतीय वायुसेना के लिए हैं। एचएएल को रक्षा मंत्रालय से 156 हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की खरीद के लिए ऑर्डर मिला है। एचएएल ने शेयर बाजार नियामक सेबी को यह जानकारी दी है। रक्षा क्षेत्र में मेड इन इंडिया को बड़ा बढ़ावा के तहत यह बड़ी पहल है। एचएएल ने शेयर बाजार नियामक सेबी को यह जानकारी दी है। एलसीएच को प्रचंड के नाम से भी जानते हैं।

## आईएनएस सूरत का समुद्री परीक्षण शुरू नौसेना में जल्द होगा शामिल

**आईएनएस** सूरत जल्द ही भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो जाएगा। विशाखापत्तनम श्रेणी के इस विध्वंसक युद्धपोत को अत्याधुनिक तकनीक की मदद से निर्मित किया गया है और इसका पहला समुद्री परीक्षण भी शुरू हो चुका है। माना जा रहा है कि अगले वर्ष इसे कमीशन मिल जाएगा, जिससे देश की नौसैन्य क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। नौसेना ने सोमवार को सोशल मीडिया में इसकी कुछ तस्वीरें साझा करते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत का एक शानदार प्रमाण बताया।

# थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले विधेयक को मंजूरी

**बैंकॉक।** थाईलैंड की नेशनल असेंबली (संसद) के उच्च सदन 'सीनेट' ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले एक विधेयक को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही थाईलैंड दक्षिण-पूर्वी एशिया में ऐसा कानून लागू करने वाला पहला देश बन गया है। सीनेट में विधेयक पर हुए मतदान के दौरान 152 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया जबकि चार सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। सीनेट के 18 सदस्यों ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। अब इस विधेयक को थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न की औपचारिक स्वीकृति मिलने की जरूरत है।